नई दिल्ली

गुरुवार, 17 जुलाई 2025

श्रावण मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 93

पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 36

न्यून. 32

सीबीएसई ने दिया नया निर्देश

## हर स्कूलों में लगेंगे 'ऑयल बोर्ड'

### शिक्षा के साथ अब सेहत पर भी जोर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बढ़ते मोटापे को देखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को सीबीएसई के निदेशक ने सभी स्कूल प्रमुखों को पत्र लिखकर निर्देश दिया कि वे अपने स्कूलों में 'ऑयल बोर्ड' लगाएं और छात्रों के बीच स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दें।

यह कदम 14 मई 2025 को जारी 'शुगर बोर्ड' से संबंधित सर्कुलर का ही विस्तार है। सीबीएसई ने यह फैसला राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 और लांसेट ग्लोबल बर्डन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यह भी निर्देश

स्कूलों की आधिकारिक किताबों, नोटबुक्स और दस्तावेजों पर स्वास्थ्य से जुड़े संदेश छापे जाएंगे ताकि रोजाना बच्चों को मोटापे से बचाव की याद दिलाई जा सके। स्कूलों की कैंटीन में भी हेल्दी फूड जैसे फल, सब्जियां और कम वसा वाले विकल्प देने और तैलीय व मीठे खाद्य पदार्थों को सीमित करने को कहा गया है। छात्रों में शारीरिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

एनसीईआरटी ने कक्षा 8 की किताब में किए बड़े बदलाव

**नए अंदाज में पढ़ाया जाएगा मुगलों का इतिहास**

# बाबर क्रूर विजेता, अकबर सहिष्णु औरंगजेब मंदिर-गुरुद्वारे तोड़ने वाला

## बदल गई बाबर और औरंगजेब की परिभाषा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनसीईआरटी की कक्षा 8वीं की सोशल साइंस की पुस्तकों में बड़ा बदलाव किया गया है। सोशल साइंस की किताब में मुगल शासक बाबर को 'क्रूर और निर्दयी शासक' बताया गया है। वहीं अकबर को 'क्रूर एवं सहिष्णुता का मिश्रण' बताया गया है और औरंगजेब को 'मंदिरों और गुरुद्वारों को नष्ट करने वाला शासक' बताया गया है।

एनसीईआरटी की कक्षा 8वीं की पुस्तकों में स्पष्ट रूप से मुगल शासकों के लिए एक नया दृष्टिकोण पेश किया गया है। उस समय भारत में कैसा धार्मिक माहौल था इसके बारे में बताया गया है। मंदिरों और शिक्षा केंद्रों पर हमले, गांवों की लूट और सैन्य अभियानों का जिक्र किया गया है। हालांकि, पुस्तक में स्पष्ट रूप से यह ▶▶ शेष पेज 5 पर



### विवाद से बचने के लिए अपनाया खास तरीका

एनसीईआरटी की तरफ से फिलहाल कोई जवाब या स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। ये बदलाव क्यों किए गए हैं। हालांकि विवाद से बचने के लिए एनसीईआरटी ने एक तरकीब भी अपनाई है। उसने स्पेशल नोट भी लिखवाया है, जिसमें कहा गया है कि पिछले समय की घटनाओं के लिए आज किसी को दोष नहीं देना चाहिए।




### पिछले साल भी किताबों में हुए थे कुछ बदलाव

बता दें कि एनसीईआरटी ने पिछले साल भी किताबों में कुछ अहम बदलाव किए थे। छात्रों के सैलेबस में 'राष्ट्रीय युद्ध स्मारक' को शामिल किया गया था। इसके साथ ही वीर अब्दुल हमीद पर एक चैप्टर स्कूली किताबों में शामिल किया गया था। अब्दुल हमीद भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर के जवान (सीक्यूएमएच) थे।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से आहूत



**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने जा रहा है, जिसमें केंद्र सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पेश और पारित करने की योजना बना रही है। यह सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान केंद्र जीएसटी (संशोधन) विधेयक 2025 और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक 2025 समेत कई विधेयक लाने की तैयारी है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए एक और जत्था रवाना



**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन के लिए बुधवार को 6,064 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था रवाना हुआ। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो अलग-अलग काफिलों में 1,511 महिलाओं सहित तीर्थयात्री अनंतनाग में नुनवान-पहलगाम और गांदरबल में बालटाल आधार शिविरों के लिए रवाना हुए।

### इंडिगो विमान का इंजन फेल, इमरजेंसी लैंडिंग



**मुंबई।** दिल्ली से गोवा जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट का बुधवार रात एक इंजन फेल होने के कारण मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, विमान का एक इंजन मिड-एयर में फेल हो गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी स्वीकृति

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मिली मंजूरी, 100 जिलों में होगी लागू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**योजना का क्रियान्वयन 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं, राज्यों की अन्य योजनाओं और निजी क्षेत्र की स्थानीय भागीदारी में किया जाएगा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को छह वर्ष की अवधि के लिए 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को स्वीकृति दे दी। यह योजना 2025-26 से 100 ज़िलों में लागू होगी। नीति आयोग के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम से प्रेरित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर केंद्रित पहली विशिष्ट योजना है। योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में बढ़ोत्तरी, फसल विविधीकरण और संधारणीय कृषि पद्धतियों को अपनाना, कटाई के बाद पंचायत और प्रखंड स्तर पर भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधा में सुधार और दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक ऋण उपलब्धता सुगम बनाना है। यह 2025-26 के केंद्रीय बजट में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत 100 ज़िले विकसित किये जाने की घोषणा के अनुरूप है। योजना का क्रियान्वयन 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं, राज्यों की अन्य योजनाओं और निजी क्षेत्र की स्थानीय भागीदारी में किया जाएगा। तीन प्रमुख संकेतकों- कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और अल्प ऋण वितरण के आधार पर सौ जिले चिन्हित किये जाएंगे। प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में जिलों की संख्या शुद्ध फसल क्षेत्र (वह कुल क्षेत्रफल, जहां किसी कृषि वर्ष में वास्तव में फसलें उगाई जाती हैं) और परिचालन जोत के हिस्से पर आधारित होगी। इस योजना में प्रत्येक राज्य से कम से कम एक जिले का चयन किया जाएगा।v योजना के प्रभावी नियोजन, क्रियान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी। जिला धन धान्य समिति द्वारा जिला कृषि एवं संबद्ध गतिविधि योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। समिति में प्रगतिशील किसान भी सदस्य होंगे। जिले की योजनाएं फसल विविधीकरण, जल एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को विस्तार देने जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप होंगी। प्रत्येक धन धान्य जिले में योजना में प्रगति की निगरानी मासिक आधार पर डैशबोर्ड के माध्यम से 117 प्रमुख कार्य निष्पादन संकेतकों के अनुसार की जाएगी। नीति आयोग भी जिला योजनाओं की समीक्षा और मार्गदर्शन करेगा। इसके अलावा, प्रत्येक जिले में नियुक्त केंद्रीय नोडल अधिकारी भी नियमित आधार पर योजना की समीक्षा करेंगे। इन 100 जिलों में लक्षित परिणामों में सुधार के साथ देश के प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के मुकाबले समग्र औसत में वृद्धि होगी। योजना के परिणामस्वरूप उत्पादकता में बढ़ोत्तरी होगी, कृषि और संबद्ध क्षेत्र में मूल्यवर्धन (उत्पाद और सेवा में उन्नयन) होगा और स्थानीय आजीविका सृजित होगी। इस प्रकार इस योजना से घरेलू उत्पादन में वृद्धि तथा आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) हासिल होगी। इन सौ जिलों के संकेतकों में उत्तरोत्तर सुधार के साथ ही राष्ट्रीय संकेतकों में भी स्वतः ही वृद्धि होगी।



### हर राज्य का कम से कम एक जिला इसमें जरूर होगा: चौहान

*केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धन-धान्य कृषि योजना की मंजूरी केमहत्वपूर्ण फैसले पर कहा कि खाद्यान्न में हमारा उत्पादन 40 प्रतिशत से ज़्यादा बढ़ा है फलों, दूध, सब्जियों में भी उत्पादन ऐतिहासिक रूप से बढ़ा है लेकिन फिर भी एक राज्य की उत्पादकता और दूसरे राज्य की उत्पादकता में काफी अन्तर है। राज्यों में भी एक जलि की दूसरे जलि से उत्पादकता कम है इसलिए जिन जलिों में उत्पादकता कम है या एसीसी पर किसान लोन बहुत कम लेते हैं, ऐसे जलिों को हम चिन्हित करेंगे। चौहान ने कहा कि उन जलिों में 11 विभागों की योजनाओं को कन्वर्जन (संपरिवर्तन) के माध्यम से पूरी तरह से लागू करने का प्रयत्न करेंगे। उन्होंने कहा कि न केवल केंद्र सरकार की योजनाओं बल्कि राज्य सरकार की योजनाओं को भी कन्वर्जन करके पूरी तरह से लागू करेंगे। इसमें कोई काम करना चाहेगा तो उसे भी जोड़ेंगे और लगभग 100 जलिों को इस आधार पर चिन्हित करेंगे। हर राज्य का कम से कम एक जलि इसमें जरूर होगा। इसकी तैयार शुरू हो गई है। प्रत्येक जलि के लिए एक नोडल अफसर होगा। इसी जुलाई के महीने में यह तय कर लिया जायेगा कि कौन से जलि व नोडल अफसर इसमें होंगे। अगस्त में प्रशिक्षण शुरू हो जायेगा। इसके लिए जागरूकता भी बढ़ानी पड़ेगी।*

यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी.हरीश बोले, शांति सैनिकों के लिए न्याय एक महत्वपूर्ण रणनीतिक आवश्यकता है

# यूएन के मंच पर भारत ने लगाई शांति-सैनिकों के खिलाफ अपराधों के लिए न्याय की गुहार




फाइल फोटो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में सर्वाधिक सैन्य भागीदारी करने वाले भारत ने एक बार फिर से जोरदार अंदाज में इस अंतरराष्ट्रीय मंच के समक्ष शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों के मामलों में न्याय की अपील की है। यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पी.हरीश ने कहा, 'शांति सैनिकों के खिलाफ किए जाने वाले अपराधों के मामलों में न्याय या जवाबदेही एक महत्वपूर्ण रणनीतिक आवश्यकता है।

वैश्विक शांति स्थापना के प्रयासों के दौरान शांति सैनिकों को लगातार मुश्किल हालातों में काम करते हुए बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन अधिकतर मामलों में अपराधों के लिए सजा का अभाव देखने को मिलता है। जवाबदेही की यही कमी न केवल अपराधियों का आत्मविश्वास बढ़ाती है। बल्कि अंतरराष्ट्रीय शांति के प्रयासों को भी कमजोर करती है'। यह जानकारी पी.हरीश ने बीते मंगलवार देर-रात यूएन मुख्यालय में शांति सैनिकों के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### न्याय से बढ़ती सुरक्षा सैनिकों का मनोबल

*उन्होंने ये भी कहा कि शांति सैनिकों के विरुद्ध होने वाले अपराधों को लेकर दोषियों की जवाबदेही तय करने से एक ओर शांति सैनिकों की सुरक्षा बढ़ती है। तो वहीं, दूसरी ओर इससे उनका मनोबल भी बढ़ता है। जिससे वे अपने सुरक्षा संबंधी तमाम जरूरी अभियानों या मिशन को बखूबी अंजाम दे पाते हैं। हरीश ने कहा कि इस दृष्टिकोण से इस विषय को पूरा करना हमारा साझा दायित्व है।*

### बैठक के जरूरी निष्कर्ष

*भारतीय राजदूत ने कहा कि इस बैठक के महत्वपूर्ण निष्कर्षों में जवाबदेही तंत्र को मजबूत बनाना, कानूनी फ्रेमवर्क को लागू करना, क्षमता विकास और तकनीकी सहायता, न्याय के लिए तकनीक का सशक्तिकरण और सैनिकों की सुरक्षा से जुड़े उपाय व बचाव मुख्य हैं। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि जवाबदेही केवल शांति सैनिकों के लिए न्याय से जुड़ा मामला नहीं है। ये दुनियाभर में यूएन शांति अभियानों की प्रभावशीलता, विश्वसनीयता और भविष्य का भी आधार है। उन्होंने कहा, हमारी चर्चाएं एक व्यापक रणनीति बनाने पर केंद्रित थीं। जिसमें किसी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री ने मैड्रिड में 'इनवेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम' मीट को किया संबोधित

# स्पेन के निवेशकों को देंगे वर्ल्ड क्लास सुविधाएं, हर सेक्टर में बड़ी संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन के निवेशकों से कहा कि यदि आप भारत के किसी और राज्य में भी उद्योग स्थापित करते हैं, तब भी आपको मध्यप्रदेश की आवश्यकता जरूर पड़ेगी। मप्र आंतरिक सड़कों, नेशनल हाईवेज, रेल और हवाई मार्ग से देश-विदेश से जुड़ा है। मप्र सभी सेक्टर्स में तेजी से आगे बढ़ने वाला भारत का राज्य बना है। हम अपने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में भी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने यदि आप भारत में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो एक बार मप्र अवश्य आइए, मप्र को भूल नहीं पाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को स्पेन की राजधानी मैड्रिड में इन्वेस्ट इन एमपी ▶▶ शेष पेज 5 पर



हरदोई के चाइल्ड हॉस्पिटल में लगी भीषण आग

# बच्चों को गठरी की तरह बांधकर सीढ़ी से नीचे उतारा, सभी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ हरदोई

उत्तर प्रदेश के हरदोई में बच्चों के अस्पताल कीर्ति कृष्णा बाल चिकित्सालय में बुधवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। पूरा अस्पताल कैंपस धुएं से भर गया। नवजात शिशुओं को गठरी की तरह कपड़े और साड़ी में बांधकर नीचे फेंका या उतारा गया।

परिजन सीढ़ी से नीचे उतरकर भागे। हादसे के समय अस्पताल में करीब दो दर्जन बच्चे भर्ती थे। साथ में उनके घरवाले भी। अस्पताल स्टाफ ने सभी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे के आधे घंटे बाद फायर बिग्रेड की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची।



### धुएं से रेस्क्यू में दिक्कत आई

अस्पताल परिसर में धुआं भरा होने से दमकल कर्मियों को अंदर जाने में दिक्कत हुई। दमकल ने आग पर काबू पा लिया है। आग लगने के वक्त अस्पताल में 100 लोग ▶▶ शेष पेज 5 पर

विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में हो रहा निरंतर सुधार: प्रधान

# वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर के सिद्धांत का प्रमाण है साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय कैंपस:नायब

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया गुरुग्राम में साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय कैंपस का उद्घाटन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को गुरुग्राम में साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय कैंपस का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दूरदर्शिता के साथ ही वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर के सिद्धांत पर अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में गुरुग्राम में साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय कैंपस की स्थापना भारत में उच्च शिक्षा के मानकों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता के साथ विदेशी निवेशकों की पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने खुशी जताई कि यूनिवर्सिटी ऑफ साउथेम्प्टन, जो विश्व के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में से एक है, आज हरियाणा के गुरुग्राम में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। यह भारत और इंग्लैंड के बीच शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग का प्रतीक है। केंद्रीय शिक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर



दंपती के शादीशुदा होने संबंधी दस्तावेज नहीं मिले

# बेरहम पेरेंटस: चलती बस में बच्चे को जन्म दिया फिर खिड़की से फेंक दिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के परभणी में एक बेरहदम दंपती ने अपने नवजात बच्चे को बस की खिड़की से बाहर फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, युवती ने चलती बस में बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद महिला और उसके साथ मौजूद शख्स ने नवजात को बस की खिड़की से बाहर फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे पथरी-सेलू रोड की है। ऋतिका ढेरे (19) नाम की महिला पुणे से परभणी जाने के लिए स्लीपर बस में अल्ताफ शेख के साथ सफर कर रही थी। शेख खुद को महिला का पति बता रहा था। यात्रा के दौरान ऋतिका को लेबर पेन शुरू हो गया। ऋतिका ने बस में ही बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

### गिरफ्तार दंपती बोले पाल नहीं सकते थे इसलिए मार डाला



### ड्राइवर ने पूछा तो कहा- पत्नी को उल्टी हुई

बस के ड्राइवर ने देखा कि खिड़की से बाहर कुछ फेंका गया है। जब उसने शेख से इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसकी पत्नी को उल्टी हुई थी। इसी बीच सड़क पर एक व्यक्ति ▶▶ शेष पेज 5 पर

बोले, ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के ड्रोन भारत का बाल बांका नहीं कर पाए

सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष अधिकारी ने साझा किए ऑपरेशन सिंदूर से सीखे सबक, सराही स्वदेशी हथियारों की भूमिका

# 'गुजरे हुए कल के हथियारों' से 'आज की जंग' जीतना असंभव, 'ड्रोन-एंटी ड्रोन सिस्टम' रामबाण: जनरल चौहान

- यह जानकारी सीडीएस ने ड्रोन-एंटी ड्रोन सिस्टम को लेकर आयोजित की गई कार्यशाला-प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के जवाब में सीमा-पार पाकिस्तान के घर में घुसकर उसके आतंकी हौसलों को पस्त करने की भारत की रक्षात्मक सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को दो महीने से अधिक का समय बीत चुका है। लेकिन इस चार दिनी संघर्ष ने अपने पीछे कई जरूरी सबक छोड़े हैं, जिसमें देश के सामने स्वदेशी मानवरहित विमानों (यूएवी) और एंटी ड्रोन सिस्टम (सी-यूएएस) के विकास की सामरिक-रणनीतिक अनिवार्यता को प्रमुखता से उजागर कर दिया है। बुधवार को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में इसी विषय पर आयोजित की गई एक कार्यशाला-प्रदर्शनी के उद्घाटन संबोधन में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल ▶▶ शेष पेज 5 पर



### युद्ध में ड्रोन का क्रांतिकारी इस्तेमाल

*शीर्ष सैन्य अधिकारी ने कहा कि ड्रोन का युद्ध में इस्तेमाल क्रांतिकारी रहा है। भारत में जैसे-जैसे इनकी तैनाती का दायरा बढ़ा है। सेना ने बड़े पैमाने पर ड्रोन का इस्तेमाल किया। कई युद्धों में आपने इसका नमूना देखा है। जनरल चौहान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रयोग किए गए स्वदेशी हथियारों की भी सराहना की। जिसमें मध्यम रेंज की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल आकाश-तीर शामिल है। जिसे भारत के एकीकृत गाइडेड मिसाइल विकास कार्यक्रम के जरिए विकसित किया गया है। इसके नए संस्करण आकाश एनजी कई सारे ड्रोन (स्वॉर्म) और मिसाइल खतरों को मैक 2.5 की गति के साथ 30 मीटर से 20 किलोमीटर की गति से पकड़कर नष्ट करने में सक्षम है। विषम ड्रोन युद्ध कौशल बड़े प्लेटफार्म को संवेदनशील बनाने के साथ ही सेना को एयर डॉक्टरीन के विषय पर पुनर्विचार के लिए आगे बढ़ा रहा है।*

## खबर संक्षेप



### क्राइम ब्रांच ने हिमांशु भाऊ गिरोह का सदस्य दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने विदेश में बैठकर गैंग चला रहे कुख्यात हिमांशु भाऊ गिरोह के एक सक्रिय नाबालिग सदस्य को यूपी के मथुरा स्थित बरसाना से पकड़ा है। वह हरियाणा के रोहतक में हुई एक हत्या के मामले में वांछित था। आरोपी पर एक जून को अंकित उर्फ बाबा के चाचा अनिल कुमार की हत्या का आरोप है। यह हत्या वर्ष 2022 में भाऊ के चचेरे भाई रोहित उर्फ बजरंग और उसके चाचा की हत्या करने का बदला लेने के लिए की गई थी। पुलिस के मुताबिक दोनों गिरोहों के बीच यह खूनी प्रतिद्वंद्विता 2019 से चल रही है। इसमें कई हत्याएं हो चुकी है। अनिल कुमार की हत्या थाना शिवाजी कॉलोनी रोहतक में की गई थी। इस मामले में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 14 जुलाई को एसआई मोहित यादव को इस आरोपी के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद मथुरा के बरसाना में छापेमारी की गई। उसे आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु हरियाणा पुलिस को सौंप दिया गया है। इस पर दिल्ली में भी हत्या के प्रयास का एक मामला दर्ज था।

### पूर्व मंगेतर चाकू लेकर पहुंचा युवती के ऑफिस

**नई दिल्ली।** मध्य जिले के पहाड़गंज थाने की टीम द्वारा त्वरित प्रतिक्रिया से एक युवती के साथ होने वाला भयावह अपराध टल गया। दरअसल युवती का पूर्व मंगेतर उसका पीछा करता हुआ चाकू लेकर उसके ऑफिस तक आ पहुंचा था। वह युवती को धमकी दे रहा था कि देखता हूं तू किसी और से कैसे शादी करती है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को हेड कांस्टेबल कृष्ण और हेड कांस्टेबल शिव कुमार गश्त के लिए कृष्णा मार्केट, पहाड़गंज इलाके में थे। उन्होंने एक झगड़ा देखा और तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पाया कि एक व्यक्ति हाथ में चाकू लिए युवती के कार्यालय में जबरन घुस आया और उसे धमका रहा था। कह रहा था अरे देखता हूं तुम किसी और से कैसे शादी करती हो? इसके बाद दोनों पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से उस व्यक्ति को काबू कर लिया। शख्स का नाम करण (27) पता चला। युवती ने अपने बयान में कहा कि वह पहले आरोपी करण निवासी पहाड़गंज के साथ रिश्ते में थी। छह महीने पहले उनकी सगाई टूट गई थी। तब से आरोपी उसे परेशान कर रहा था और धमका रहा था। युवती के बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### गैंगवार में शामिल बदमाश हथियार के साथ दबोचा



**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने जहांगीरपुरी इलाके में हुई गैंगवार की वारदात में शामिल कुख्यात बदमाश शिवम उर्फ लड्डू को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक कट्टा और दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं। इसने आर्यन उर्फ गुल्लू नामक एक बदमाश की हत्या करने की कोशिश की थी। आरोपी किशोरावस्था से ही अपराध की दुनिया में सक्रिय है। डीसीपी संजीव कुमार यादव के मुताबिक एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम को गैंगस्टर शिवम के बारे में टिप मिली थी। 15 जुलाई को इंस्पेक्टर नितेश कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने सदैव अटल के पास स्थित सर्विस रोड से इसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि वह जहांगीरपुरी और आसपास के इलाकों में हुए कई गैंगवार की वारदातों में वह शामिल रह चुका है। अपने साथियों के साथ मिलकर हाल ही में आर्यन गिरोह के सदस्य की हत्या करने की भी कोशिश की थी। जब उसे लगा कि दूसरे गिरोह के सदस्य उसे मारने की कोशिश कर रहे हैं तो वह किशोरावस्था से ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया था।

### तीन दिन में नौ मामले आए सामने

# चार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



चार प्राइवेट स्कूलों को बुधवार को भी बम से उड़ाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया। अधिकारियों ने गहन जांच के लिए सभी स्कूल परिसर तत्काल खाली कराए और सघन जांच अभियान चलाया। कई घंटे चले जांच अभियान के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

दमकल अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह लगातार तीसरा दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ईमेल से बम रखे होने की धमकी दी गई है। इससे पहले पिछले दो दिन में स्कूलों में बम रखे होने की धमकी, जांच में झूठी साबित हुई है। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि द्वारका स्थित सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुबह पांच बजकर 26 मिनट पर इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। वसंत कुंज स्थित वसंत वैली स्कूल को सुबह साढ़े छह बजे, हौज खास स्थित मदर इंटरनेशनल को सुबह 8.12 बजे और पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल को सुबह 8.11 बजे धमकी भरा ईमेल मिला। सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की यह धमकी 24 घंटे से भी कम समय में दूसरी बार दी गई है। कुल मिलाकर दिल्ली के आठ स्कूलों को बम की धमकी के नौ ईमेल प्राप्त हुए हैं। इन स्कूलों में रात में भी रहने वाले कर्मचारियों को एहतियात के तौर पर तुरंत सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते और साइबर विशेषज्ञों की टीमों ने स्कूलों में पहुंचकर जांच पड़ताल की लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## मोदी सरकार ने अल्पसंख्यक युवाओं को स्किल ट्रेनिंग के लिए शुरू की विशेष योजनाएं: रिजिजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों व संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने देश में अल्पसंख्यक युवाओं को हुनर (स्किल) प्रशिक्षण देने के लिए कई विशेष योजनाएं शुरू की हैं, जिससे इन युवाओं को बड़ा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में कइर अभूतपूर्वक विकास कार्य कर रही है। युवाओं को किसी भी देश का भविष्य कहा जाता है, ऐसे में पीएम मोदी अनेक रोजगारपरक योजनाओं से देश व युवाओं का भविष्य संवारने में जुटे है। रिजिजू बुधवार को दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। तिलक नगर स्थित गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल में केंद्र सरकार और दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे प्रधानमंत्री विकास प्रशिक्षण केंद्र में, प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन योजना और तीन नई प्रयोगशालाओं के उद्घाटन किए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू के अलावा दिल्ली कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों, केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी सरदार चरनप्रीत सिंह बख्शी विशेष रूप से उपस्थित थे। सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष कालका ने कहा कि देश में सिख, मुस्लिम, ईसाई, पारसी, बौद्ध और जैन जैसे अल्पसंख्यक समुदायों के युवाओं के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सिख युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देने के लिए अप्रैल माह में दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी के साथ एमओयू साइन किया गया, और उन्हें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि कमेटी ने तेजी से प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर न सिर्फ प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया, बल्कि तीन महीने की ट्रेनिंग पूरी होने पर युवाओं को नौकरी भी दिखाई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि हर प्रशिक्षु युवा को 2,000 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता भी दी जा रही है। कमेटी की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कमेटी की कार्यशैली पर एक रिपोर्ट मंगवाई थी, जिसे देखकर वह हैरान रह गए कि कमेटी ने मानवता की सेवा के लिए न सिर्फ दिल्ली में, बल्कि देश-विदेश में भी काम किया है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर अनुशासन, समर्पण और सफलता से कार्य करना एक बड़ी बात है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष कालका और महासचिव काहलों ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार देखने को मिला है कि केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को स्किल ट्रेनिंग देने के लिए ऐसी योजना शुरू की है, जिससे उन्हें बड़ा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार और दिल्ली कमेटी के बीच हुए समझौते (एमओयू) के तहत 100 करोड़ रुपये की लागत से 10,000 युवाओं को स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी।

**FORM NO. INC-25A**

**Advertisement to be published in the newspaper for conversion of Public company into a Private company**

**Before the Regional Director, Ministry of Corporate Affairs, Northern Region**

In the matter of the Companies Act, 2013, section 14 of Companies Act, 2013 and rule 41 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014

AND

In the matter of **M/s Sindhu Realtors Limited** having its registered office at 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035

**Applicant/Petitioner**

Notice is hereby given to the general public that the company intending to make an application to the Central Government under section 14 of the Companies Act, 2013 read with aforesaid rules and is desirous of converting into a private limited company in terms of the special resolution passed at the Extra Ordinary General Meeting held on 14/07/2025 to enable the company to give effect for such conversion.

Any person whose interest is likely to be affected by the proposed change/status of the company may deliver or cause to be delivered or send by registered post of his objections supported by an affidavit stating the nature of his interest and grounds of opposition to the Regional Director, Northern Region, B-2 Wing, 2nd Floor Paryavaran Bhawan, CGO Complex, New Delhi - 110003, within fourteen days from the date of publication of this notice with a copy to the applicant company at its registered office at the address mentioned below:

**For and on behalf of the Applicant**
**SINDHU REALTORS LIMITED**
Sd/-
**Somvir Sindhu**
**(Director)**
**DIN: 06680118**

**Place: New Delhi**
**Date: 16th July, 2025**

**Registered Office: -129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035**

### पोती से दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति को सात साल की सजा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने अपनी नाबालिग सौतेली पोती से दुष्कर्म के जुर्म में 59 वर्षीय एक व्यक्ति को सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंकित मेहता ने आरोपी व्यक्ति को महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने, चोट पहुंचाने और आपराधिक धमकी देने के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 10 के तहत दोषी ठहराया। सरकारी वकील विनीत दहिया ने कहा कि दोषी किसी भी तरह की नरमी का हकदार नहीं है, क्योंकि उसने 10 साल की बच्ची का आठ महीने से अधिक समय तक यौन उत्पीड़न। अदालत ने नौ जुलाई को पारित अपने आदेश में कहा, "दोषी अपनी नाबालिग सौतेली पोती को पूरी तरह से निर्वस्त्र करने के बाद उसके पूरे शरीर पर यौन इरादे से तेल मालिश करता था और वह उसे मारता-पीटता था तथा धमकाता था कि वह (पीड़िता) यह बात किसी को न बताए।

## अवधि पूरी होने के बाद भी पद नहीं छोड़ रहें हैं विशेषज्ञ डॉक्टर

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कुछ विशेषज्ञ डॉक्टर निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी अस्पताल में प्रमुख पद नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला दिल्ली देहात के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल से सामने आया है और अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी और स्थानीय जागरूक लोग इसे एक गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मान रहे हैं। अस्पताल की रोगी कल्याण से जुड़े कुछ पुराने पदाधिकारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री को इस गंभीर मामले को लेकर जांच बिठानी चाहिए कि नियमों के विरूद्ध ऐसा क्यों हो रहा है। वहीं, अस्पताल सूत्रों का कहना है कि अस्पताल में डीएमएस पद एमएक के पद के बाद एक प्रमुख पद होता है और डॉ. सौरभ पिछले तीन वर्षों से लगातार इस पद पर कार्यरत हैं, जबकि विभागीय आदेश स्पष्ट रूप से कहते हैं कि कोई भी अधिकारी महत्वपूर्ण और संवेदनशील पद पर तीन साल से अधिक समय तक नहीं रह सकता। साथ ही उक्त विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा अस्पताल में कोई ऑपरेशन भी नहीं किए जा रहे हैं। वहीं, इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री का कहना है कि मामले को स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में लाएंगे और नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

### सरकार के निर्देशों की हो रही जमकर अवहेलना

#### संवेदनशील पदों पर तीन वर्षों से अधिक समय से तैनात ना हो

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के एक सर्कुलर की भी जमकर अवहेलना की जा रही है। इसमें कहा गया है कि स्वास्थ्य मंत्री द्वारा यह निर्देश दिया गया था कि सभी अस्पतालों और स्वायत्त संस्थानों में यह प्रमाणित किया जाए कि कोई भी अधिकारी संवेदनशील पद जैसे एचओडी, एचओओ, खरीद-फरोख्त, रजिस्ट्रेशन, लाइसेंसिंग या बिल भुगतान पर तीन वर्षों से अधिक समय से तैनात न हो।

#### अस्पताल प्रशासन साधे हुए है चुप्पी

इस संबंध में अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक से जानकारी मांगी गई लेकिन उन्होंने यह कहकर जानकारी देने से इनकार कर दिया कि वे मीडिया को इस प्रकार की जानकारी देने में असमर्थ है और इसकी जानकारी सचिवालय से ली जा सकती है। वहीं, स्वास्थ्य सचिवालय की तरफ से भी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी के घर से चोरी के आरोप में घरेलू सहायिका पकड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी के घर से लाखों रुपये मूल्य का सामान चुराने और उसे बेचकर आईफोन, सोने की अंगूठी तथा दोपहिया वाहन खरीदने के आरोप में एक घरेलू सहायिका को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि चोरी का सामान बेचने में आरोपी की मदद करने वाले जौहरी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान घरेलू सहायिका जरीना बेगम और जौहरी आयुष सोनी के रूप में हुई। जौहरी ने चोरी की गई सामग्री को बहुत कम कीमत पर खरीद लिया था। पुलिस ने बताया कि दोनों के पास से लगभग 150 ग्राम सोने के आभूषण, सोने की एक अंगूठी, एक आईफोन, एक स्कूटर और 1.2 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

## कांवड़ियों के लिए दिल्ली में बनाए गए 17 भव्य स्वागत द्वार : कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कांवड़ियों के स्वागत के लिए दिल्ली में तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके लिए शिविर पूरी तरह तैयार हो गए हैं और वहीं 17 भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं। जिनके नाम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों और अन्य पवित्र नामों पर रखे गए हैं। इस बात की जानकारी विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को दी है। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार के विकास, कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को अप्सरा बॉर्डर से उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मौजपुर तक कांवड़ शिविरों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अपने स्थलीय निरीक्षण की शुरुआत अप्सरा बॉर्डर से की और भोपुरा बॉर्डर होते हुए गोकुलपुरी और मौजपुर तक कांवड़ शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ चार विधायकों की एक टीम भी मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने शिविरों में शिवभक्त कांवड़ियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। कपिल मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष करोड़ों शिवभक्त कांवड़ यात्रा के दौरान दिल्ली से होकर गुजरते हैं और लाखों श्रद्धालु दिल्ली से भी कांवड़ यात्रा में भाग लेते हैं। अगले दो दिनों में कांवड़ियों की भारी संख्या में दिल्ली में आगमन की संभावना है। मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के निर्देशानुसार दिल्ली में पहली बार 17 भव्य स्वागत द्वार बनाए गए हैं जिनके नाम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों और अन्य पवित्र नामों पर रखे गए हैं। अप्सरा बॉर्डर पर बना स्वागत द्वार 'महादेव द्वार' के नाम से स्थापित किया गया है।कपिल मिश्रा ने बताया कि इस बार दिल्ली में 376 कांवड़ शिविर स्थापित किए गए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या मात्र 170 थी। यह दिल्ली सरकार की शिवभक्तों के प्रति आस्था और सेवा भावना का प्रतीक है। सभी इच्छुक कांवड़ समितियों को शिविर लगाने की स्वीकृति दी गई है और पहली किस्त की सहायता राशि भी उनके खातों में स्थानांतरित की जा चुकी है।

## उपभोक्ता सौर उर्जा से बचा रहे है 160 करोड़ सालाना उत्पादन 220 मेगावॉट पहुंचा: बीएसईएस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस का दावा है कि उसके आपूर्ति क्षेत्र में उपभोक्ता इस समय सौर उर्जा का भरपूर उपयोग करते हुए सालाना करीब 160 करोड़ रूपए की बचत कर रहे है। कंपनी का दावा है कि बीएसईएस के रहते इस क्षेत्र में सौर उर्जा का उत्पाद बढ़कर 220 मेगावॉट पहुंचा तक पहुंच गया है। यानी बीएसईएस इलाके में अब रूफटॉप सौर ऊर्जा की कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 220 मेगावाट मतलब 2 लाख 20 हजार किलोवॉट हो गई है। कंपनी प्रवक्ता के अनुसार बीएसईएस उपभोक्ताओं ने सौर ऊर्जा के 10,000 से अधिक प्लांट लगाए हैं। जिन उपभोक्ताओं ने सौर ऊर्जा के प्लांट लगाए हैं, उनमें 6900 घरेलू उपभोक्ता हैं, जबकि, 1771 व्यावसायिक इकाइयां, 1000 शैक्षिक संस्थाएं, 165 औद्योगिक इकाइयां और 240 अन्य श्रेणियों के उपभोक्ता शामिल हैं। प्रवक्ता की माने तो 125 आवासीय सीजीएचएस सोसाइटियों ने भी अपनी छतों पर सोलर पैनल्स लगाएं हैं। बीएसईएस कंपनी ने इन प्लांट्स को नेट मीटरिंग के माध्यम से अपने ग्रिडों से जोड़ा है। अगर इन रूफटॉप सौर ऊर्जा प्लांटों से हो रही बिजली उत्पादन की बात करें, तो व्यावसायिक श्रेणी के उपभोक्ताओं द्वारा सबसे अधिक, 81 मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। दूसरे नंबर पर घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता हैं, जो 64 मेगावॉट से अधिक बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। प्रवक्ता के अनुसार तीसरे स्थान पर शैक्षिक संस्थान है, जहां 50 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है। औद्योगिक उपभोक्ता 12 मेगावॉट और अन्य श्रेणियों के उपभोक्ता भी 12 मेगावॉट बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। सीजीएचएस आवासीय सोसाइटियां 5 मेगावॉट से अधिक बिजली का उत्पादन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर ऊर्जा प्लांट लगाने से इन उपभोक्ताओं को सालाना करीब 160 करोड़ रूपये की आर्थिक बचत हो रही है। व्यावसायिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को सबसे अधिक, सालाना लगभग 76 करोड़ रूपये की बचत हो रही है। दूसरे नंबर पर घरेलू उपभोक्ता आते हैं, जो सालाना 33 करोड़ रूपये की बचत कर रहे हैं। शैक्षिक संस्थाएं तीसरे नंबर पर हैं, जिन्हें करीब 28 करोड़ रूपये की वार्षिक बचत हो रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सिकंदर प्रसाद पुत्र श्री राम किशन यादव निवासी न्यू नं. 191-192, ओल्ड नं. 175 और 373 खसरा नं. 8, लाल डोरा, न्यू निरंकारी कॉलोनी, धीरपुर गाँव, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 460/2025, भा.द.सं. की धारा 281/125(ए) बीएनएस, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सिकंदर प्रसाद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सिकंदर प्रसाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 460/2025, भा.द.सं. की धारा 281/125(ए) बीएनएस, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सिकंदर प्रसाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री पायल सिंघल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-09, (केंद्रीय जिला)**
**कमरा नं. 286, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/9262/N/2025**

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**घोषणा**

सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने इसकी घोषणा दिनांक 03.06.2025 के तहत हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पदों (विज्ञा. सं. 52/2024) के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट जो 01.06.2025 को (प्रातःकालीन सत्र) आयोजित किया जाना था, निरस्त कर दिया था। अब, आयोग ने उपरोक्त स्क्रीनिंग टेस्ट्स नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप पुनःआयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र. सं. | पद एवं विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 52/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 10.08.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |

**दिनांक : 16.07.2025**
**हस्ता/- उप सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**
संवाद-1156/13/337/2026/36673/88/7 दि. 16.07.25

## 27 जुलाई तक पूरा हो जाएगा ऊर्जा संयंत्र का काम : गुप्ता

**नई दिल्ली।** विधानसभा का चल रहा आधुनिकीकरण और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का काम 27 जुलाई 2025 तक पूरा हो जाएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उच्चस्तरीय बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में मुख्य सचिव धर्मेन्द्र कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान, अध्यक्ष को नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) परियोजना की प्रगति के साथ-साथ विधानसभा परिसर में चल रहे अन्य आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण कार्यों की जानकारी दी गई। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने सूचित किया कि संपूर्ण नवीनीकरण और सौर ऊर्जा संयंत्र का कार्य 27 जुलाई 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। ये सभी प्रयास आगामी मानसून सत्र की तैयारियों के अंतर्गत किए जा रहे हैं, जो जुलाई के अंत या अगस्त की शुरुआत में आयोजित होने की संभावना है। गुप्ता को बताया गया कि विधानसभा के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने हेतु व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं और नेवा परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। इस पहल का उद्देश्य विधानसभा को पूरी तरह डिजिटल एवं कागज रहित बनाना है। प्रमुख विकास कार्यों के अंतर्गत, दिल्ली विधानसभा में डिजिटल कॉन्फ्रेंस एवं नेटवर्किंग सिस्टम स्थापित किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता, दक्षता और कागज रहित विधायी कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत (हैड 5054-ग्रुप-9 के तहत) (जीएसटी के बिना) प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में रसुलपुर से जाटोली सैक्ट. कि.मी. 7.00 से 15.50 (आईडी 3491) पर सीसीबी और सीसीपी पुनः बिछाना, डीबीएम जमा बीसी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 28.07.2025 | 525.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | 28.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | बाढ़ ऋतु 2025-26 के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर स्थापित इलैक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों का प्रचालन व रखरखाव और देखभाल के लिए हैल्पर / चौकीदार / ऑपरेटर का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 21.07.2025 | 66.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 4 | वन विभाग, सिरसा | सिरसा मण्डल के 11 ब्लॉक में प्रोसोपिस जूलिफ्लोरा और डब्ल्यूबीआई न्यू प्लांटेशन / रखरखाव कार्य। | बंद होने की तिथि 18.07.2025 | 78.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 5 | पंचायती राज झज्जर | 7.11 - कलोई ब्लॉक व जिला झज्जर में श्रीराम धर्मशाला में कमरे का निर्माण। | 14.07.2025 21.07.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कैथल | गांव माजरी में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण + 1 कार्य। | 14.07.2025 21.07.2025 | 74.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज कैथल | आर/वॉल (पाई) ब्लॉक पुण्डरी का निर्माण। | 14.07.2025 21.07.2025 | 11.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज नारनौल | गांव रावता की ढाणी, ब्लॉक निजामपुर में शमशान घाट में पानी की टंकी और शैड का निर्माण (डीएमएफ) + 8 कार्य। | 11.07.2025 21.07.2025 | 282.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**
पीआरडीएच-11/2026/160/36670/I/88/7 दि. 16.07.25




### चेतावनी मिलने पर लोग हो जाएं जागरूक और मच्छरों से बचाव के खुद ही तलाशें उपाय

# डेंगू को लेकर एक्शन में आएं विभाग, चालान काटने से पहले दो बार दी जाए चेतावनी : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर दिल्ली सरकार एक्शन मूड में आ गई है। बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मामले में एक उच्चस्तरीय बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिन घरों या स्थानों में मच्छर की उत्पत्ति पाई जाती है, वहां चालान काटने से पहले दो बार चेतावनी दी जाए, ताकि लोग जागरूक हो जाए और मच्छरों से बचाव के उपाय खुद ही तलाशें। दिल्ली सचिवालय में हुई इस बैठक में दिल्ली नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड व दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मच्छरों की रोकथाम के लिए फॉगिंग को तय समय से पहले शुरू कर दी जाए, ताकि कीट जनित रोगों का फैलाव पहले से ही रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन रोगों को लेकर आगामी दो माह बेहद महत्वपूर्ण हैं, इसलिए पहले से ही तैयारी जरूरी है। इसके लिए जागरूकता, निगरानी व कार्रवाई जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कीट जनित बीमारियों का प्रकोप अभी दिल्ली में फैला नहीं है, इसके बावजूद हमें सतर्क और एक्शन में आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए सारे उपाय करें और इस अभियान में लोगों को भी शामिल करें। इसके लिए सभी प्रकार के प्रचार माध्यमों का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, पार्कों, खुले स्थानों, अस्पतालों आदि में मच्छरों की उत्पत्ति रोकने के विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में अफसरों ने बताया कि मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए सितंबर माह में फॉगिंग की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही फॉगिंग अभियान शुरू किया जाए, ताकि मच्छरों का प्रकोप रुके और लोगों का विश्वास बढ़े कि सरकार व शासन डेंगू व अन्य बीमारियों की रोकथाम में गंभीरता से जुटा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इन बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाओं या मशीनरी आदि की कमी नहीं रहनी जाए, अगर कुछ समस्या आए तो सीधे हमें सूचित करें। इन बीमारियों से बचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।




#### अब तक 5 लाख 9 हजार 524 घरों में हो चुकी है फॉगिंग

बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि अब तक 5,09,524 घरों में फॉगिंग और मच्छर नाशक स्प्रे का कार्य किया जा चुका है। इसके अलावा, 71,086 घरों में मच्छरों के लार्वा पाए गए जिन्हें मौके पर ही नष्ट किया गया। इस कार्य के माध्यम से संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

#### 279 स्थानों पर छोड़ी गईं लार्वीवोरस मछलियां

मुख्यमंत्री ने बताया कि बायोलॉजिकल कंट्रोल के तहत दिल्ली के 279 स्थानों पर लार्वीवोरस मछलियां छोड़ी गई हैं, जो मच्छरों के लार्वा को प्राकृतिक रूप से खत्म करने में सहायक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू जैसे रोगों से बचाव केवल सरकारी काम नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने बताया कि डेंगू से निपटने के लिए हर स्तर पर एक समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। जनता को जागरूक करना, सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई सुनिश्चित करना और तकनीक के माध्यम से निगरानी को और प्रभावी बनाना हमारी प्राथमिकता है।

### निगम स्थायी समिति की बैठक

# पार्षद ने उठाया ई-वाहन का मुद्दा निगम आयुक्त ने साधी चुप्पी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की बैठक में सदस्य (पार्षद) जग मोहन महलावत ने पर्यावरण की बेहतरी को लेकर निगम मुख्यालय के बेसमेंट स्थित पार्किंग में ई-वाहन की बदहाली का मामला उठाया तो निगम आयुक्त अश्वनी कुमार जवाब नहीं दे पाए। पार्षद ने कई बार स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा के माध्यम से जवाब मांगा लेकिन फिर भी आयुक्त इस संबंध में कुछ नहीं कह सके। बता दें कि बुधवार को एमसीडी की स्थायी समिति की बैठक में मीडिया पर कुछ प्रतिबंध लगाए गए थे जिसमें से एक महत्वपूर्ण प्रतिबंध रहा कि कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग और स्थिर फोटोग्राफी की अनुमति नहीं है।

इस दौरान वसंतकुज वार्ड से पार्षद जग मोहन महलावत ने पर्यावरण को लेकर निगम पार्कों में पेड़ों की जानकारी, प्लास्टिक के उपयोग और बेसमेंट पार्किंग में खड़े सौ से अधिक ई-वाहनों की जानकारी मांगी लेकिन आयुक्त ने इस संबंध में जवाब नहीं दिया। पार्षद महलावत ने कहा कि निगम प्रशासन पहले राजस्व न होने की बात कहता है और वहीं, रखरखाव नहीं होने से बेसमेंट में करीब दस करोड़ रुपए के वाहन धूल में खराब हो रहे हैं। इसके अलावा समिति बैठक में सुंदर सिंह, अंजू, सतपाल, राजपाल, मोहिनी, नीमा भगत, शिखा, प्रवीन कुमार, राफिया माहिर, इद्रजीत सहरावत, रविंद्र कौर, आमिल मलिक, पंकज ने जलभराव, जलजनित बीमारियों की रोकथाम, मालियों और सफाई कर्मियों की कमी, नालों की सफाई नहीं होने, 12 हजार कर्मियों के पक्का करने, मंदिर व स्कूल से 100 मीटर की दूरी पर मीट आदि की दुकान होने, सेवानिवृत्त कर्मियों को उनका हक देने, आवारा पशुओं, कुत्तों, सीलिंग आदि मामलों पर चर्चा की गई। इस दौरान स्थायी समिति अध्यक्ष ने निगमायुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस दिशा में कार्य किया जाए।

#### कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव किए गए पास

स्थायी समिति की बैठक में नागरिकों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। स्थायी समिति के अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि बैठक में स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित 'एक सड़क - एक दिन' योजना पर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किया गया। योजना के तहत नगर निगम के प्रत्येक जोन में प्रतिदिन एक प्रमुख सड़क का समग्र कायाकल्प किया जाएगा, जिसमें सड़क मरम्मत, फुटपाथों की सफाई और सुधार, साइनेज की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों की बहाली, अवैध अतिक्रमण हटाना, पेड़ों की छंटाई और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शामिल होंगे। इसके तहत आगामी 1 सितंबर से सड़कों का कायाकल्प अभियान शुरू होगा। इसके अलावा भारत दर्शन पार्क में स्वचालित बहुस्तरीय पार्किंग बनने का प्रस्ताव और गाजीपुर स्थित पशुवध गृह में इन्जेस्टा/गोबर सोखन संयंत्र स्थापित होने का प्रस्ताव पास हुआ।

# आप ने शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र को भ्रष्ट नीतियों से गंदा किया

■ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी को लेकर बोला हमला, 145 करोड़ के घोटाले के आरोप पर घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार की जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना में 145 करोड़ के घोटाले के आरोप पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने दलितों के नाम पर सत्ता हथिया कर दलित बच्चों के भविष्य को लूटा है। इन्होंने बाबा साहब के आदर्शों का अपमान किया है और शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र को भी अपनी भ्रष्ट नीतियों से गंदा किया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि वर्ष 2020-21 में आम आदमी पार्टी 'आप' सरकार द्वारा चलाई जा रही 'जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना' में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं। इस योजना का बजट सिर्फ 15 करोड़ रुपए था, लेकिन 'आप' सरकार ने 145 करोड़ रुपए के फर्जी बिलों वाली फाइलों को आगे बढ़ा दिया। आम आदमी पार्टी ने दलितों के नाम पर सत्ता हथिया कर दलित बच्चों के भविष्य को लूटा है।

इन्होंने बाबासाहेब के आदर्शों का अपमान किया है और शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र को भी अपनी भ्रष्ट नीतियों से गंदा किया है। जिन दलित बच्चों को कोचिंग मिलनी थी उनके नाम पर बिना दस्तावेज के दावे, बिना हस्ताक्षर के आवेदन और कई संस्थानों के तो 100 प्रतिशत दावे ही फर्जी पाए गए। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) अब इन वित्तीय अनियमितताओं की जांच करेगी। बहुत जल्द दूध का दूध और पानी का पानी होगा।

बाबा साहब के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाली आम आदमी पार्टी को पाई-पाई का हिसाब देना होगा।'आप' की राजनीति हमेशा दलितों के नाम पर दिखावा करती रही है लेकिन जब जिम्मेदारी निभाने की बारी आई तो उन्हीं के हक पर डाका डालने से भी नहीं चूकी। अब इनका असली चेहरा जनता के सामने आएगा।

# झमाझम हुई बारिश, 15 मिमी से अधिक बरसा पानी

**नई दिल्ली।** एक दिन के सूखे के बाद बुधवार को दिल्ली के कई क्षेत्रों में बारिश की वापसी हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सफदरजंग वेधशाला ने 15 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि लोधी रोड में सबसे ज्यादा 17.8 मिमी, पालम में 0.8 मिमी, रिज एरिया में 0.2 मिमी, आया नगर में 1. 1 मिमी, राजघाट में 7.5 मिमी, पूसा में 1. 0 मिमी और मयूर विहार में 1.0 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 1.2 डिग्री नीचे है। जबकि न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 0.8 डिग्री कम है। आईएमडी ने गुरुवार के लिए भविष्यवाणी करते हुए ग्रीन अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आसमान पर आमतौर पर बादल छाए रहेंगे।

# डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया टैगोर हाल का उद्घाटन

■ डीयू में इस तरह की सभी सुविधाओं के नवीनीकरण का लिया गया था निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने आर्ट्स फ़ैकल्टी के टैगोर भवन में नवीनीकृत टैगोर हाल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समय के साथ चीजों को ठीक करने की आवश्यकता रहती है। इसलिए डीयू में इस तरह की सभी सुविधाओं के नवीनीकरण का निर्णय लिया गया था। सभी चीजों को बारीकी से परखने के बाद कुलपति ने विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग को निर्देश दिया कि इमारतों के आसपास वाइड एंगल पर फायरब्रिगेड की पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में दुर्घटना से जल्दी से एवं सुविधापूर्ण तरीके से निपटा जा सके।

कुलपति ने कहा कि शंकर लाल हाल और टैगोर हाल के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस कड़ी में अन्य सुविधाओं के नवीनीकरण का कार्य चल रहा है। कुलपति ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय 103 वर्ष पुराना विश्वविद्यालय है, इसलिए हम सबकी ज़िम्मेदारी बनती है कि इसको रीमैप किया जाए और नए तरीके से बनाया जाए, सजाया जाए, चलाया जाए।

इस दौरान उनके साथ दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, वित्त अधिकारी गिरीश रंजन, एनसीवेब की निदेशक प्रो. गीता भट्ट, चीफ इंजीनियर अशोक सैनी और एक्सईएन राजेंद्र सोलंकी आदि सहित अनेकों अधिकारी उपस्थित रहे।

# दांतों और मसूड़ों को स्कैन करके 10 सेकंड में रिपोर्ट देगी स्कैन ओएयर डिवाइस : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (एमएआईडीएस) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक द्वारा संचालित मशीन स्कैनओएयर डिवाइस का उद्घाटन किया। यह डिवाइस दांतों और मसूड़ों को स्कैन करके 10 सेकंड में रिपोर्ट देगी। उद्घाटन के बाद मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली के मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में लगाए गए स्कैन ओएयर डिवाइस को खास तौर पर अधिक भीड़ भाड़ वाले सरकारी अस्पतालों में दंतों की स्वास्थ्य जांच को सुरक्षित, स्वच्छ और अत्यधिक कुशल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सीएसआर के पहल से एमएआईडीएस में लगाई गई मशीन से राजधानी दिल्ली के स्वास्थ्य के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीक के शामिल होने से भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि स्कैन ओएयर डिवाइस अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों के लिए एक ऐसी सुविधा प्रदान करेगा जिसके माध्यम से मरीज खुद ही अपने दांतों और मसूड़े की जांच रिपोर्ट तैयार कर सकेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि यह केवल मशीनें नहीं हैं, बल्कि ये स्मार्ट एआई टूल्स हैं, जो उच्च सटीकता के साथ दंत समस्याओं की तुरंत पहचान कर सकते हैं। यह सुविधा दिल्ली की जनता की सुविधा के लिए शुरू की गई है। जो डॉक्टरों और मरीजों की कीमती समय की बचत करेगी और हमारे अस्पतालों में भारी भीड़ को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में भी मदद करेगी। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि देश के सबसे प्रमुख सरकारी संस्थानों में से एक एमएआईडीएस ने हमेशा क्लिनिकल उत्कृष्टता, एकेडमिक स्तर और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में मानक स्थापित किए हैं। स्कैन ओएयर की शुरुआत एमएआईडीएस के उस मिशन को और सुदृढ़ करती है, जिसमें तकनीकी नवाचार को मरीज-केंद्रित देखभाल के साथ जोड़ा गया है। एमएआईडीएस में हर दिन हजारों की संख्या में मरीज पहुंचते हैं। ऐसे में यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से लैस डिवाइस मैनुअल निर्भरता को कम कर, तेज और अधिक कुशल स्क्रीनिंग सुनिश्चित करेगा, जो कि एक पोस्ट-कोविड स्वास्थ्य ढांचे में अत्यंत आवश्यक साबित हो सकता है।

# दिल्ली की ध्वस्त कानून व्यवस्था के लिए चार इंजन वाली भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा है कि दिल्ली की ध्वस्त कानून व्यवस्था के लिए चार इंजन वाली भाजपा सरकार जिम्मेदार है। हालात यह है कि आज राजधानी दिल्ली अपराधों में नम्बर वन बन गइर है जिसके चलते लोग अपने आपको घरों में भी असुरक्षित महसूस कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले 3 दिनों में 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के ईमेल मिलना पुलिस प्रशासन की नाकामी नहीं तो क्या है। पिछले 11 वर्षों से दिल्ली में अपराधिक घटनाओं में दुगनी बढ़ोत्तरी की है। यादव ने कहा कि पिछले 6 महीनों में हत्या के मामलों में 3.73 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। बलात्कार, यौन अपराधों, छेड़छाड़ के मामले दर्ज किए गए। 1 जनवरी से 30 जून तक के दौरान भारतीय न्याय संहिता और भारतीय दंड संहिता के तहत 1,18,822 मामले दर्ज हुए है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन 5 बलात्कार, 2 हत्या, 18 झपटमारी, सैंकड़ों चेन स्नेचिंग के ऐसे मामले होते है जो दर्ज नही होते। प्रतिदिन 3 डकैती दर्ज हो रहे है और नशा निरोधक एनडीपीएस के अनुसार नशीले पदार्थ पकड़े जाने के 5 मामले रोज दर्ज हो रहे है।

उन्होंने कहा कि वाहन चोरी के 17512 मामले, अपहरण के 2716 और छेड़छाड़ के 863 मामलें दर्ज हुए है। यही नही घरेलू हिंसा और वरिष्ठ लोगों की हत्या के मामले भी बढ़े है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की असंवेदनशीलता के कारण दिल्ली आपराधिक राजधनी बन चुकी है और बेरोजगारी के कारण युवा अपनी जरूरतों के लिए अपराध का शॉर्टकट रास्ता अपना रहा जिसके लिए भाजपा की केंद्र और दिल्ली सरकार सहित पिछली आम आदमी पार्टी जिम्मेदार है। दिल्ली के इतिहास में पहली बार है कि जब लोग घरों में भी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। यादव ने कहा कि दिल्ली में हर दिन बढ़ते अपराधों से बेपरवाह भाजपा की चार इंजन वाली दिल्ली सरकार की निर्षक्रियता और असफलता के कारण दिल्ली में अराजकता का माहौल बन गया है और दिल्ली वाले अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हुए भय के साये में जीने को मजबूर है।

यह अत्यंत आश्चर्य चकित करने वाला है कि राजधानी में हत्या, बलात्कार, लूटपाट, रंगदारी, किडनेपिंग, फिरौती, चोरी, झपटमारी, नशें के कारोबार और साईबर क्राईम जैसे अपराधों के प्रतिदिन अप्रत्याशित मामले सामने आने के बावजूद दिल्ली पुलिस अपराधिक आंकड़ों में सुधार की बात कर रही है।

# नशे पर नियंत्रण के लिए तय किए जाएं डार्क स्पॉट्स

■ समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में नशे की बिक्री वाले स्थानों पर बीट अफसर की जवाबदेही तय करने के लिए समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बुधवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र भी लिखा है। वहीं मंत्री इंद्राज ने नशे पर नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग को डार्क स्पॉट्स का चयन करने और चयनित जगहों पर कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील बनाने और प्रशिक्षित करने एवं नशे के खिलाफ कानूनी प्रावधानों को कड़ाई से लागू करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चयनित डार्क स्पॉट्स की सूची पुलिस विभाग साझा भी करे ताकि उन जगहों पर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाएं। गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज बुधवार को नशा मुक्ति अभियान की प्रगति को लेकर उत्तर-पूर्वी दिल्ली जिले के डीएम, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों और इस क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री इंद्राज ने मेडिकल स्टोर्स व अन्य जगहों पर ऐसे उत्पादों की बिक्री में सावधानी के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए, जो नशे के लिए प्रयुक्त हो रही हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत दिल्ली को नशा मुक्त और विकसित बनाने के लिए जनसहयोग और विभागीय समन्वय से काम करें। उन्होंने कहा कि नशे पर नियंत्रण का सबसे प्रभावी तरीका है कि युवाओं और किशोरों को नशे की गिरफ्त से बचाने के उपायों और प्रयासों पर अधिक जोर दिया जाए।

# फर्जी बैंक खाता मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने पिछले महीने भंडाफोड़ किए गए फर्जी बैंक खाता नेटवर्क के सिलसिले में बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध और डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों से निपटने के लिए 'ऑपरेशन चक्र-5 के तहत एजेंसी द्वारा सात राज्यों में चलाए गए अभियान के दौरान ये गिरफ्तारियां की गईं। फर्जी खाता संचालकों के ठिकानों के संबंध में ताजा जानकारी के आधार पर सीबीआई के दलों ने बुधवार को दिल्ली, बिहार, मध्यप्रदेश, केरल, पंजाब, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की, जिस दौरान ''मोबाइल फोन, बैंक खाता खोलने के दस्तावेज, लेनदेन रिकॉर्ड और केवाईसी कागजात सहित भारी मात्रा में संदिग्ध सामग्री'' जब्त की गई। तलाशी का उद्देश्य अपराध से अर्जित आय का पता लगाने और फर्जी खातों को बंद कर साइबर अपराध गिरोह के बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है।

# आवारा कुत्तों के काटने पर सरकार दे मुआवजा : गोयल

■ पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

आवारा कुत्तों के काटने पर सरकार मुआवजा दे, यह एक सामाजिक-न्याय का मुद्दा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने सुप्रीम कोर्ट के उस हालिया निर्णय का स्वागत करने के बाद यह बाते कही। उन्होंने कहा कि निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि आवारा कुत्तों को सड़कों, कॉलोनियों या सार्वजनिक स्थलों पर खाना खिलाना अनुचित है और जिन्हें प्रेम है वे उन्हें अपने घर या निजी स्थान पर ही खिलाएं। गोयल ने कहा कि यह निर्णय जनता की लंबे समय से चली आ रही पीड़ा को संबोधित करता है। मैं वर्षों से इस मुद्दे को उठा रहा हूँ, कई बार प्रदर्शन किए, धरने दिए और अधिकारियों को पत्र भी लिखे। यह निर्णय सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी था। गोयल ने यह भी मांग की कि राज्य सरकारें और नगर निकाय (एमसीडी) इस निर्णय का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट्स के निर्देश आ चुके हैं, लेकिन उनका पालन नहीं हो रहा है, जिससे आम नागरिकों का जीवन संकट में है। अंत में उन्होंने यह मांग दोहराई कि आवारा कुत्तों के काटने पर सरकार मुआवजा दे। यह एक सामाजिक-न्याय का मुद्दा है।

#### एनीमल बर्ड कन्ट्रोल रूल में संशोधन की मांग

गोयल ने मांग करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को एनीमल बर्ड कन्ट्रोल (एबीसी) रूल में जरूरी संशोधन करने चाहिए, क्योंकि मौजूदा नियम कुत्ता प्रेमियों को बिना रोकटोक कॉलोनियों में किसी भी घर के सामने खाना खिलाने का अधिकार देते हैं, जिससे रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन और निवासियों को भारी परेशानी हो रही है।

**खबर संक्षेप**

## दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने अवैध हथियार रखने व उपलब्ध करवाने के मामले में आरोपी प्रवेश व सलीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-85 की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रवेश व सलीम फरीदाबाद को राहुल कॉलोनी से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। थाना फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## अधिकारी बनकर लगाई 5.50 लाख की चपत




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाजों ने कंपनी का कस्टमरकेयर अधिकारी बनकर एक व्यक्ति को 5,50,850 रुपए की चपत लगा दी। जालसाजों ने कस्टमर की प्रॉब्लम का सोल्यूशन करने के नाम पर एक लिंक भेजा और फोन हैक कर लिया। पीड़ित व्यक्ति व उसकी पत्नी के अकाउंट से 5,50,850 रुपए निकाल लिए। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

## ट्राला की टक्कर से महिला की मौत



**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-1 एरिया में तेज रफ्तार ट्राला की टक्कर से बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा पति घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे को अंजाम देकर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्राला चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। यूपी के निवासी सुभाष चंद शर्मा ने कहा कि वह गुरुग्राम स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है।

**15 अक्टूबर के बाद तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों पर लगेगा ब्रेक**

# राज्य स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को मिल रही है रफ्तार, 41 सिग्नलों पर फाउंडेशन का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर में कई योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर ला रहे है। जिसमें राज्य स्मार्ट सिटी के क्रम में चल रहे आईटीएम एस प्रोजेक्ट को भी रफ्तार दी जा रही है। 15 अक्टूबर तक कार्य पूर्ण करने की अंतिम तिथि इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट के लिए तय है, जिसके लिए लगातार कार्य चल रहा है। 41 सिगनलों पर फाउंडेशन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है पोल भी लगाने का कार्य चल रहा है, इसके अलावा 41 जंक्शन पर रोडसाइड यूनिट भी लगा दिया गया है इसके उपरांत, सिग्नलों पर कैमरा इनस्टॉल किए जाएंगे, जिसके लिए रोड कटिंग का कार्य डक्टिंग का कार्य जारी है।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि में 53 करोड़ की



लागत से राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट को रफ्तार दी जा रही है, फाउंडेशन में अन्य कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं । 3 माह के भीतर प्रोजेक्ट कंप्लीट किया जाएगा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, 41 सिग्नलों के कार्य को जारी रखने के साथ-साथ गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय नवयुग मार्केट में बनने वाली आईटीएमएस बिल्डिंग को भी पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें आंतरिक कार्य जारी है 2 करोड़ 43 लाख की लागत से बनी इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की यह बिल्डिंग आधुनिक तकनीकी का हब रहेगी ।

### प्रमुख स्थानों पर 78 कैमरे इंस्टॉल किए जाएंगे

नगर आयुक्त ने बताया कि 41 सिगनलों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की क्रम में कार्य रफ्तार से चल रहा है। इसके अलावा 15 अक्टूबर के बाद स्पीड से चलने वाले चालकों पर भी पूरी निगरानी रखी जाएगी इसके लिए 16 प्रमुख स्थानों पर 78 कैमरे इंस्टॉल किए जाएंगे जिसमें तिगड़ी गोल चक्कर, शालीमार गार्डन डेढ़ सौ फुटा रोड, दुहाई मेरठ रोड, इंदिरा गड़ी, यूपी गेट, लाल कुआं, सावरी रोड, कौशांबी डिपो, कौशांबी बस स्टैंड, सूर्य नगर रोड, चौधरी चरण सिंह मार्ग, अप्सरा बॉर्डर, भोपुरा रोड, वजीराबाद रोड, डीएलएफ, रोड पर स्पीड पर निगरानी रखने के लिए विशेष रूप से कैमरे लगाए जाएंगे तथा आधुनिक तकनीकी से स्पीड का भी आकलन करते हुए मॉनिटरिंग की जाएगी गाजियाबाद में प्रवेश करने वाली गाड़ियों पर भी पूर्ण रूप से मॉनिटरिंग रहेगी स्थान को उसी क्रम में चयनित करते हुए कैमरे इंस्टॉलेशन का कार्य कराया जाएगा जो की तीन माह में पूर्ण होगा।

**अनंगपुर में तोड़फोड़ का मामला सीएम तक पहुंचा**

# मुख्यमंत्री से मिले राज्यमंत्री गुर्जर और करतार सिंह, गांव में तोड़फोड़ रुकवाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अनंगपुर गांव में वन विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा की गई और आगे की जाने वाली तोड़फोड़ का मामल सीएम तक पहुंच गया है। बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर व प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने कैबिनेट मंत्री राव नरवीर सिंह संग गुरुग्राम के विश्राम गृह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की।

केंद्रीय राज्य मंत्री के साथ पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अदलखा, सतीश फागना भी थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गांव में तोड़फोड़ रुकवाने बाबत उचित कदम उठाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद कहा कि गांव सैंकड़ों वर्ष पुराना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बसाने का काम कर रही है। विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं,



साथ ही पर्यावरण बचाने की बात भी हो रही है। हम अनंगपुर गांव के ग्रामीणों के आशियाना बचाने के लिए सीईसी कमेटी के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाएंगे। मामले पर दोबारा विचार करने की मांग की जाएगी।

इसके बाद कोर्ट के जो आदेश होंगे उसका स्वागत किया जाएगा। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस मामले में सीधे रूप से काग्रेस को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि अनंगपुर में महापंचायत में कांग्रेसियों का जमावड़ा था। यह सारी समस्या ही पूर्व में प्रदेश में रही कांग्रेस की सरकार की देन है। भाजपा सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। हमें पूरा भरोसा है कि सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा। यह बता दें कि बीते करीब एक पखवाड़े से अनंगपुर में धरना चल रहा था। रविवार को महापंचायत का भी आयोजन किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार अरावली वन क्षेत्र में करीब 6497 अवैध निर्माणों पर कार्रवाई होनी हैं।

इसके तहत जून और जुलाई में हुई कार्रवाई में वन विभाग और नगर निगम की टीम ने 240 फार्म हाउस, बैंक्वेट हाल, मैरिज गार्डन और व्यवसायिक निर्माणों को गिरा दिया गया। विभाग ने करीब 260 एकड़ जमीन खाली करा लिया है। एक जुलाई को वन विभाग की टीम ने अनंगपुर में एक मकान पर कार्रवाई की, जिसके बाद विरोध शुरू हो गया और कार्रवाई रूक गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक पहले फेस की कार्रवाई पूरी हो चुकी है। इसकी इसकी रिपोर्ट अगले महीने वन विभाग द्वारा सीईसी को सौपी जाएगी। मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई दो या तीन सितंबर को हो सकती है। इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**राज्यमंत्री सहित भाजपा के दोनों जिलाध्यक्षों का आभार व्यक्त किया**

## नॉमिनेटेड पार्षद जसवंत सैनी का गांव अटाली में सैनी समाज ने पगड़ी बांधकर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम के लिए नॉमिनेटेड पार्षद जसवंत सैनी का बुधवार को गांव अटाली सैनी समाज द्वारा पगड़ी बांधकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सैनी समाज अटाली के प्रधान जीतमल सैनी, गिर्राज सैनी, लहरी सैनी, मास्टर मीर सिंह सैनी, रामवीर सैनी, धर्मवीर सैनी, विजय सैनी, रामकुमार सैनी, सुदामा सैनी, देवेंद्र सैनी सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

नॉमिनेटेड पार्षद जसवंत सैनी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, विधायक मूलचंद शर्मा, राज्यमंत्री राजेश नागर सहित भाजपा के दोनों जिलाध्यक्षों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो पद और सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें दिया है, उसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा से करेगे। पार्षद जसवंत सैनी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सबका साथ-सबका विकास की नीति को लेकर चल रहे है। प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के हित में योजनाएं बनाई गई है। योजनाओं का लाभ पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े हुए व्यक्ति तक पहुंच रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ गरीब एवं कमेरा वर्ग के लोगों को मिल रहा है।

भाजपा सरकार में बिना पर्ची और बिना खर्ची के युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता गरीब लोगों के मदद करना और सरकार की योजनाओं का लाभ वंचित लोगों तक पहुंचना है।

## जिलाधिकारी मीणा ने किया औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण, दिए समस्यायों को निस्तारित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र की समस्यायों के निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इससे पहले दुगार्वती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में 14 जुलाई को जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक हुई थी। क्रम में कार्बन कॉन्टिनेंटल फैक्ट्री के पास स्थित पार्क में एसिटिक पानी जाने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी दीपक मीणा ने साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में स्थित संदर्भित स्थल का स्वयं भौतिक निरीक्षण किया। साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाले एनएचएआई कट के विषय में संबंधित औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि हरिओम चौहान एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ कट का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा औद्योगिक क्षेत्र में जा रहे नालों का भौतिक निरीक्षण कर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को उक्त कट को आवश्यकतानुसार व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# खर्चा ज्यादा होने पर किशोर ने पंखे से फंदा लगाकर किया सुसाइड

### माता-पिता से टाइम से रोटी खाने व बहन की मर्जी से शादी करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-14 थाना एरिया के राजीव नगर कालोनी में मंगलवार शाम को 17 वर्षीय किशोर ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट मिला है। जिसमें किशोर ने ज्यादा खर्चा होने की बात कही है। वहीं माता-पिता से टाइम से रोटी खाने व बहन की मर्जी से शादी करने को कहा है। पुलिस ने बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी।

दरअसल, उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के गांव दूनी निवासी भगवान सिंह मेहरा का परिवार काफी साल से गुरुग्राम के राजीव नगर में रह रहा है। भगवान सिंह मेहरा एक प्राईवेट कंपनी में



जॉब करते हैं। वहीं उनकी पत्नी व 22 वर्षीया बेटी भी कंपनी में काम करती हैं। जबकि उनका 17 वर्षीय बेटा नितिन ने अभी 12वीं कक्षा पास की थी और अब उसे कॉलेज में दाखिला लेना था। मंगलवार की सुबह भगवान सिंह उनकी पत्नी व बेटी तीनों ही डयूटी पर चले गए। घर में नितिन ही अकेला था। पीछे से उसने पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। शाम करीब सात बजे सबसे पहले जब बहन घर आई तो घर में कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। उसने खिड़की से झांककर देखा तो नितिन कमरे में पंखे से लटका मिला। बहन के चीखने पर आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़ा और नितिन को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए।

### सुसाइड नोट में ऐसा जिक्र नहीं: जांच अधिकारी

जांच अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि परिवार के सदस्यों ने मृत किशोर के सुसाइड नोट में जिक्र किए गए खर्च के बारे में कोई भी जानकारी होने मना कर दिया है। परिजनों के अनुसार उनके बेटे ने कभी किसी खर्च के बारे में कुछ नहीं बताया था। पुलिस किशोर के किए खर्च के बारे में जानकारी जुटा रही है। अभी किसी दोस्त से उधार लेने के बारे में कोई बात सामने नहीं आई है।

**ट्रांसफर कराने के नाम पर मांगे 50 हजार**

## केंद्रीय मंत्री के पीए के नाम पर पुलिस कर्मी से ठगी करने वाला आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-17/18 थाना एरिया में केंद्रीय मंत्री के पीए के नाम पर पुलिस कर्मी से ठगी करने के मामला सामने आया है। आरोपी ने पुलिस कर्मी से ट्रांसफर कराने के नाम पर 50 हजार रुपए मांगे थे। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 50 लाख रुपए का कर्ज है। जिसके चलते उसने ट्रांसफर करवाने के नाम पर रुपए ठगे थे। पुलिस आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को अदालत में पेश करेगी।

पुलिस को दी शिकायत में हरियाणा पुलिस के एक कर्मचारी ने बताया कि जून-2025 में एक दोस्त के माध्यम से उसकी मुलाकात सुनील नामक व्यक्ति से हुई थी। सुनील ने बताया कि उसकी बड़े-बड़े अधिकारियों व मंत्रियों से जानकारी है और वह केंद्रीय मंत्री के पीए नवीन कौशिक को अच्छे से जानता है। पुलिस कर्मी ने सुनील से अपनी ट्रांसफर करवाने की बात कही तो सुनील ने 50 हजार रुपए की मांग की। जिस पर 9 जुलाई को पुलिस कर्मी ने 20 हजार रुपए सुनील के फोन-पे पर ट्रांसफर कर दिए। सुनील ने उसकी ट्रांसफर नही कराई। 15 जुलाई को पुलिस कर्मी के पास एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने बताया कि वह नवीन कौशिक बोल रहा है। बाकी रुपए की पेमेंट सुनील को कर दे उसका ट्रांसफर हो जाएगा। शिकायत कर्ता ने कॉलर की आवाज पहचान ली, जो सुनील की थी। सुनील ने केंद्रीय मंत्री का पीए बनकर उसके साथ ठगी की है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सुनील कुमार निवासी गांव जैनाबाद, जिला रेवाड़ी हरियाणा के रूप में हुई।

## स्पॉ की आड़ में सैक्स रैकेट चलाने का भंडाफोड़

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर थाना क्षेत्र में पुलिस ने स्पॉ की आड़ में सैक्स रैकेट चलाने का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फर्जी ग्राहक भेजकर स्पा सेंटरों में भेजा। जिनको मैनेजर व संचालकों द्वारा रुपए लेकर लड़कियां उपलब्ध कराई गई। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल, आईएमटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतेंद्र को सूचना मिली कि स्पॉ सेंटरों में सैक्स रैकेट चलाया जा रहा है। जिस पर मानेसर डीसीपी दीपक कुमार द्वारा एसीपी सुशीला की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेंद्र के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने अपने फर्जी ग्राहक बनाकर आम्रपाली बिल्डिंग सेक्टर-2 आईएमटी मानेसर के ओस्कर व गोल्डन ग्रेविटी स्पा में भेजे। जिन्होंने रेट फिक्स कर देह व्यापार के लिए लड़कियों की मांग की। पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान ओस्कर स्पा सेंटर के मैनेजर महेन्द्र कुमार निवासी प्रयागराज, गोल्डन ग्रेविटी स्पा सेंटर की मालिक आशिया खातून निवासी चकरपुर गुरुग्राम व गोल्डन ग्रेविटी स्पा सेंटर पर आपत्तिजनक हालत में मिले सुरजीत निवासी उत्तर-प्रदेश के रूप में हुई।

**साइबर थाना सेंट्रल ने की कार्रवाई**

## स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 16 लाख 60 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने 2 खाताधारक को गिरफ्तार किया है। सेक्टर 35 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साईबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 20 मई को उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया जिसमें कंपनी द्वारा निवेश पर अत्यधिक लाभ कमाने का लालच दिया गया। व्हाट्सएप पर ग्रुप एडमिन ने अपना परिचय बजाज फाईनेंसियल सिक्योरिटीज लिमिटीड के पुरव झावेरी की सेक्रेटरी बताया तथा शिकायतकर्ता से स्टॉक मार्केट में निवेश के लिए एक एप डाउनलोड करवाई। जिसके बाद विभिन्न ट्रांजेक्सन के माध्यम



से उसने शेयर मार्केट में 16,60,000 रुपए निवेश किए और जब पैसे निकालने चाहे तो नही निकाल पाया। जिस संबंध में साइबर थाना सैंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल ने मामले में कार्रवाई करते हुए खाताधारक सागर निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश व निखिल निवासी अमरोहा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया की सागर व निखिल दोनों दोस्त है।

# स्काउट एंड गाइड्स अनुशासित एवं निःस्वार्थ सेवा भावना का संगठनः प्रधानाचार्य विजयन

### बेसिक कैंप का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स फरीदाबाद के तत्वावधान में मथुरा रोड स्थित डीपीएसजी पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के प्रांगण में तृतीय सोपान तथा स्काउट मास्टर, गाइड कैप्टन बेसिक कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए शिक्षाविद् एवं प्रधानाचार्य माया विजयन ने कहा कि स्काउट एंड गाइड एक ऐसा अनुशासित एवं निरूस्वार्थ सेवा भावना का संगठन है जो प्राकृतिक एवं अन्य विपदाओं में देश के लिए कार्य करने के लिए तत्पर रहता है। कई घटनाओं में लोगों की मदद के लिए स्काउट एंड गाइड की सेवा इतिहास में दर्ज है। उन्होंने बच्चों को कहा कि इस



प्रशिक्षण का मतलब आपकों देश, समाज की सेवा के लिए तत्पर रहने की आवश्यकता है। सर्वांगीण विकास होता है तथा नैतिक गुणों का विकास होता है। प्रशिक्षण कार्य सरोज बाला डीओसी गाइड, देशराज डीओसी स्काउट, मनीराम कौशल डीटीसी स्काउट, योगेंद्र कुमार डीओसी स्काउट पलवल, जिला प्रशिक्षक शशिबाला, मोनिका, विजय कुमार, तिलक राज, मनोज कुमार शास्त्री, देवेंद्र गौड, ओयम, सोनिया आदि द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ ध्वजारोहण तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कैंप की विस्तृत जानकारी देते हुए सरोज बाला ने बताया सरकारी विद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को स्काउटिंग में जोड़ने के लिए इस कैंप के आयोजन में लगभग 250 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** एडीईएन/दिल्ली के अधीन एसएसई/वर्क्स/दिल्ली/लाइन अनुभाग में आरओबी, आरयूबी और गर्डर पुलों की मरम्मत और सुदृढ़ीकरण का कार्य। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,19,99,572.51 (रुपये एक करोड़ उन्नीस लाख निन्यानवे हज़ार पांच सौ बहत्तर और इक्यावन पैसे मात्र) |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 2,10,000/- (रुपये दो लाख दस हज़ार मात्र) |
| 4 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00 |
| 5 | **निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** 06.08.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | **आवंटन :** 04-300-32 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/20-2025-26/W-3 दिनांक: 15.07.2025 2153/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरबाज उर्फ मिर्जा पुत्र** सौकत अली **निवासी** मकान नं0-WZ-142, मंगोलपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 404/2023, U/S 25 Arms Act, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरबाज उर्फ मिर्जा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरबाज उर्फ मिर्जा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 404/2023, U/S 25 Arms Act, पुलिस स्टेशन मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अरबाज उर्फ मिर्जा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.08.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05,
उत्तर-पश्चिम जिला, कोर्ट नं0-105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9359/OD/2025
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एमसी रोहतक की सीमाओं में उत्तम विहार में डब्ल्यू-9 में आईपीबी गलियों का निर्माण + 1 कार्य। | 15.07.2025 22.07.2025 | रु. 83,78,543/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | प्रेम नगर वार्ड नं. 8, एम.सी. रोहतक में चहल मेडिकल हॉल वाया सिवाच का मकान वाया हिमालयन स्कूल से राजबीर आटा चक्की टी-प्वाइंट तक सीसी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 15.07.2025 22.07.2025 | रु. 93,14,318/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सेक्टर-4 वार्ड नं. 9, एम.सी. रोहतक में एच/ओ 10 के सामने और रणबीर छिल्लर प्रधान आरडब्ल्यूए के मकान के निकट पार्क के अपग्रेडेशन और ग्रीन बैल्ट चारदिवारी को ऊपर उठाने हेतु आकलन। | 15.07.2025 22.07.2025 | रु. 21,77,808/- | https://etenders.hry.nic.in | 8708374707 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/36663/I/88/7 दि. 16.07.25

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में कांवड़िए की मौत

मेरठ। कांवड़ यात्रा शुरू होने के बावजूद कांवड़ मार्गों पर वाहन दौड़ रहे हैं। सरधना थाना क्षेत्र के चौधरी




चरण सिंह गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर नानू पुल के पास राजस्थान के अलवर जनपद के चांदौली थाने के गांव डेहरा निवासी कांवड़िया लेखराम (45) को पिकअप गाड़ी ने कुचल दिया। मेडिकल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई।

### पानी भरे गड्ढे में नहाते तीन किशोरियों की मौत

रामपुर। बिलासपुर के कोठा जागीर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को



बकरी चराने गईं तीन किशोरियों पानी भरे गड्ढे में नहाते वक्त डूब गईं। इससे तीनों बेहोश हो गईं। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तहसीलदार शिव कुमार शर्मा, कोतवाली बलवान सिंह, एडीओ सलीम हुसैन ने गांव पहुंचकर तहकीकात की।

### वजन कम कराने की सर्जरी से महिला की मौत

मेरठ। वजन कम कराने के लिए कराए ऑपरेशन के बाद टैंट



कारोबारी ब्रजमोहन गुप्ता की पत्नी रजनी गुप्ता (56) की न्यूटिमा अस्पताल में मौत हो गई। मंगलवार शाम पांच बजे महिला की मौत होने पर परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया।

# अयोध्या में फिर प्राण प्रतिष्ठा जैसा समारोह, विवाह पंचमी को राम मंदिर में फहरेगी ध्वजा!

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि परिसर में श्री राम मंदिर का निर्माण कार्य नवंबर पूरा होने की संभावना है। इस अवसर पर 161 फीट ऊंचे शिखर पर ध्वज पताका फहराई जाएगी। सूत्रों के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा की तरह शिखर पर ध्वज पताका लगाने का समारोह भी ऐतिहासिक होगा जिसकी भव्यता देखते ही बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा की तरह स्वयं श्री राम मंदिर पर ध्वज पताका फहरा सकते हैं।

**खास बातें**

- भक्त घर बैठे कार्यक्रम का आनंद उठा सकते है
- आयोजन 24 और 25 नवंबर को संभव होगा

## *161 फीट ऊंचे शिखर पर ध्वज पताका फहराई जाएगी*



**विवाह पंचमी पर श्री राम मंदिर में भव्य आयोजन**

*यह समारोह 24, 25 नवंबर को हो सकता है क्योंकि 25 नवंबर को विवाह पंचमी है। इसी दिन प्रभु श्री राम का विवाह संपन्न हुआ था और यह महोत्सव अयोध्या के सभी मंदिरों में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सूत्रों की मानें तो एक बार फिर अयोध्या ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को एक बार पुनः प्राण प्रतिष्ठा की याद दिलाई जाएगी। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। देश-विदेश के संत, धर्माचार्य भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखा जा रहा है। ट्रस्ट की ओर से प्राण प्रतिष्ठा की तर्ज पर मेहमानों की सूची बनाने की तैयारी चल रही है, ताकि कार्यक्रम में कोई कमी न रह जाए।*

### देशवासियों से पताका फहराने की होगी अपील

श्रद्धालु घर बैठे इस कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे। इसके लिए भी प्लान बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान अयोध्यावासियों को भीड़ से कोई समस्या न हो, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। ध्वज पूजन समारोह के पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र सभी सनातनी मंदिरों से अपील कर सकता है कि सभी लोग मंदिर के शिखर पर 25 नवंबर को नया ध्वज पताका फहराकर अपने-अपने मंदिरों में इस समारोह को पूरी उल्लास के साथ मनाएं और अपने आसपास के लोगों को भी समारोह में सम्मिलित करें।

### 5.5 टन वजनी है पताके का खंभा

मंदिर की कुल ऊंचाई 203 फीट है। 29 अप्रैल को मंदिर के शिखर पर 42 फीट ऊंचा धर्म ध्वज दंड लगाया गया था। ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर का शिखर 161 फीट ऊंचा है। ध्वज लगने के बाद मंदिर की ऊंचाई 203 फीट हो गई है। ध्वज दंड का वजन 5.5 टन है और यह पीतल से बना है, 60 कारीगरों ने 7 महीने में तैयार किया है।

## नियमों की अनदेखी, अनुशासनहीनता और लापरवाही पर योगी का एक्शन

# यूपी में सीएम योगी के निर्देश पर तीन अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

एजेंसी ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निकायों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए तीन अलग-अलग जिलों में नगर विकास से जुड़े तीन अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की गई है। योगी सरकार ने शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर व अलीगढ़ में दर्ज शिकायतों पर एक्शन लेते हुए विभागीय स्तर पर इन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। शाहजहांपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा ऑडियो-'वर्चुअल' बैठक में हिस्सा लेकर अनुशासन का उल्लंघन किया गया, जबकि मुजफ्फरनगर में महिला अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार, आदेशों की अवहेलना पर कर निर्धारण अधिकारी पर कार्रवाई की गई। इसी तरह, अलीगढ़ में उप नगर आयुक्त की लापरवाही और कार्य से दूरी बनाए रखने पर जांच के निर्देश दिए गए हैं।

नगर आयुक्त की लापरवाही और कार्य से दूरी बनाए रखने पर जांच के निर्देश दिए

अध्यक्ष के खिलाफ कारण बताओ नोटिस के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई की सिफारिश की गई



### शाहजहांपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष पर कार्रवाई की संस्तुति

नगर पंचायत कांट (शाहजहांपुर) की अध्यक्ष मुनरा बेगम अपने स्वास्थ्य कारणों को कारण बताकर गत 27 फरवरी 2024, 3 सितंबर 2024, 23 नवंबर 2024, 27 जनवरी 2025 तथा 7 अप्रैल 2025 को 14 बोर्ड बैठकों में सशरीर उपस्थित नहीं रहीं। वही रईस मियां को ऑडियो कॉल द्वारा 'वर्चुअली' बैठकों में प्रतिनिधि के रूप में प्रतिभाग कराने का माध्यम चुना, जो नगर पालिका अधिनियम, 1916 में मान्य नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी की जांच रिपोर्ट को जिलाधिकारी शाहजहांपुर ने शुक्रवार को शासन के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन करार दे दिया गया है। अध्यक्ष के खिलाफ कारण बताओ नोटिस के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही की सिफारिश की गई है।

### मुजफ्फरनगर में अनुशासनहीनता पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश

*नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार के खिलाफ उच्चाधिकारियों के प्रति अनुचित व्यवहार व आदेशों की अवहेलना करने, सार्वजनिक कार्यों को ठप करने तथा महिला अधीनस्थ अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप लगे हैं। पुलिस अधिनियम-1966 एवं अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 के तहत अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त कर, विभागीय अनुशासनिक जांच की प्रक्रिया शुरू की गई है।*

### अलीगढ़ में उप नगर आयुक्त पर लापरवाही की होगी जांच

इसी तरह, नगर निगम अलीगढ़ में उप नगर आयुक्त अमित कुमार सिंह बिना किसी अनुमति कार्यालय से अनुपस्थित रहे। गृहकर वसूली, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गमन, अतिक्रमण, सफाई-प्रवर्तन एवं आईजीआरएस से संबंधित उनकी जिम्मेदारियों में उन पर लापरवाही बरतने का आरोप है। इन गंभीर आरोपों को देखते हुए अपर आयुक्त (प्रशासन), अलीगढ़ मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच के आदेश दिए गए हैं। यह कार्रवाई राज्य शासन की सेवा नियमावली 1966 एवं अनुशासन नियम 1999 के तहत की गई है।

## मनोज कुमार की सीएम के भरोमसमंद अफसरों में गिनती

# यूपी में मुख्य सचिव को मिल सकता है सेवा विस्तार

एजेंसी ⏭ लखनऊ



प्रदेश सरकार ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मुख्य सचिव के पद पर एक साल का सेवा विस्तार देने के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेज दिया है। वे इसी माह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उनको सेवा विस्तार देने के के प्रस्ताव के साथ ही प्रदेश के हित में किए गए कामों का जिक्र भी किया गया है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाने के साथ ही अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर तक ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मनोज कुमार सिंह वर्ष 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। मुख्य सचिव के साथ उनके पास आईआईडीसी और अध्यक्ष पिकप का चार्ज है। दुर्गा शंकर मिश्र के ढाई साल के सेवा विस्तार के बाद उन्हें 30 जून 2024 को मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी मिली थी। मनोज कुमार सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम विकास विभाग और कृषि उत्पादन आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं।

## चोरी करने मंदिर में घुसा चोर, नींद आ गई तो सामान के साथ वहीं सो गया

रांची। झारखंड के एक छोटे से गांव में एक अनोखा वाकया सामने आया, जहां एक चोर मंदिर में चोरी करने के इरादे से घुसा, लेकिन नींद की झपकी ने उसे ऐसा जकड़ा कि वह चुराए सामान के साथ वहीं सो गया। सुबह जब स्थानीय लोगों ने चोर को मंदिर में सोते हुए देखा तो पुलिस को खबर दी। पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना रांची के पास एक गांव के प्राचीन शिव मंदिर में हुई। रात के करीब 2 बजे, 25 साल का एक युवक, जिसका नाम पुलिस ने अभी उजागर नहीं किया, मंदिर में रखे चांदी के आभूषण और दानपेटी में जमा नकदी चुराना। चोर ने बड़ी चालाकी से मंदिर के पिछले दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हुआ।

## पेज एक का शेष

### बाबर क्रूर विजेता...

चेतावनी भी दी गई है कि इतिहास की किसी भी तरह की घटना के लिए आज के समय में किसी को भी जिम्मेदार हीं ठहराया जा सकता। एनसीईआरटी का कहना है कि नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत यह बदलाव किया गया है। सोशल साइंस की कक्षा 8वीं की बुक के पार्ट-1 एक्सप्लोरिंग सोसाइटी : इंडिया एंड बियॉंड' को इस सप्ताह जारी किया गया है। इसे पहले कक्षा 7वीं में पढ़ाया जाता था। लेकिन अब मुगलों और दिल्ली के शासकों से जुड़ी जानकारी सिर्फ कक्षा 8वीं में पढ़ाई जाएंगी। साथ ही 'भारत के राजनीतिक मानचित्र का पुनर्निर्माण' नाम के चैप्टर में 13वीं और 17वीं शताब्दी के दौरान भारत में हुए बड़े राजनीतिक बदलावों के बारे में बताया गया है। दिल्ली सल्तनत के उत्थान और पतन, मुगलों का शासन और उनके खिलाफ प्रतिरोध और सिखों के उदय पर विस्तार, विजयनगर साम्राज्य आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई है। बता दें कि 8वीं क्लास की इस नई किताब में जाट किसानों द्वारा मुगल अधिकारियों को मारने में सफल होने और भील, गोंड, संथाल और कोच जनजातीय समुदायों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में लड़ने वाली लड़ाइयों का भी जिक्र है। पुस्तक में गोंड राज्य की रानी दुर्गावती का भी जिक्र है। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। मेवाड़ शासक महाराणा प्रताप पर और अहोम शासक पर भी चैप्टर जोड़ा गया है।

### हर स्कूलों में लगेंगे...

ऑफ डिजीज (जीबीडी) स्टडी 2021 के चौंकाने वाले आंकड़ों के आधार पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शहरी भारत में हर पांच में से एक वयस्क मोटापे का शिकार है। वहीं जीबीडी की रिपोर्ट, जो 2025 में प्रकाशित हुई, जो बताती है कि भारत में 2021 में 18 करोड़ वयस्क मोटापे के शिकार थे और यह आंकड़ा 2050 तक बढ़कर 44.9 करोड़ तक पहुंच सकता है। इस अनुमान के अनुसार भारत दुनिया में मोटापे का दूसरा सबसे बड़ा भार उठाने वाला देश बन जाएगा। बच्चों में भी मोटापे की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जिसका कारण खराब खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी है। इसे ध्यान में रखते हुए सीबीएसई ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि वे छात्रों और स्टाफ को जागरूक करने के लिए कई कदम उठाएं। इसमें प्रमुख रूप से स्कूलों की सामान्य जगहों पर 'ऑयल बोर्ड' लगाना शामिल है, जिन पर अधिक तेल के सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जाएगी।

### यह भी निर्देश...

गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों को सीढ़ियों के उपयोग को प्रोत्साहित करने, छोटे-छोटे व्यायाम ब्रेक रखने और पैदल चलने के रास्ते उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले जून 2025 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी सभी स्कूलों, दफ्तरों और संस्थानों में खाने-पीने की लोकप्रिय चीजों जैसे पिज्जा, बर्गर, समोसा, वड़ा पाव, और कचौरी में मौजूद तेल और चीनी की मात्रा को दिखाने वाले बोर्ड लगाने का प्रस्ताव दिया था।

### यूएन के मंच पर भारत...

खिलाफ अपराधों की जवाबदेही के लिए मित्र समूह (जीओएफ) की एक उच्च-स्तरीय बैठक में भारत का पक्ष रखते हुए दी। जिसकी सह-अध्यक्षता भारत व अन्य देशों ने की। इस समूह की स्थापना 2022 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता के दौरान की गई थी। जिसमें ऐतिहासिक यूएनएससी प्रस्ताव-2589 (2021) की अहम भूमिका रही।

**भारत के 182 शांति सैनिक मारे गए :** गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में भारत के सैनिकों की कुल अनुमानित संख्या 3 लाख से अधिक है। जो दुनिया के अलग-अलग तनावग्रस्त इलाकों में यूएन के मैंडेट के तहत शांति स्थापना के प्रयासों में तैनात हैं। अब तक यूएन के इसी कर्म-क्षेत्र में तैनाती के दौरान भारत के कुल 182 शांति सैनिकों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया है।

### बैठक के जरूरी निष्कर्ष...

अपराध के लिए दोषियों को सजा देने के साथ ही अपराध पर शुरुआत से रोक लगाने का मुद्दा शामिल किया गया। एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता और दंडात्मक उपायों के साथ-साथ निवारक रणनीतियों पर भी बैठक में बल दिया गया। जिसमें सभी भागीदारों की राजनीतिक इच्छाशक्ति शामिल हो।

### स्पेन के निवेशकों...

बिजनेस फोरम मीट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत और स्पेन दो प्राचीन सभ्यताओं के संवाहक हैं। दोनों देशों ने नैतिक मूल्यों के आधार पर अपनी पुरा संस्कृति को आगे बढ़ाया है। उन्होंने निवेशकों को मप्र की बेजोड़ खूबियां बताते हुए कहा कि मप्र भारत का सबसे तेजी से विकासशील प्रदेश है। यहां निवेश करना निःसंदेह फायदे का सौदा है। मप्र में फूड प्रोसेसिंग, सोलर एनर्जी, विंड एनर्जी, एग्री बेस्ड इंडस्ट्री और टेक्सटाईल सेक्टर में बड़ी संभावनाएं हैं। हम सभी सेक्टर्स में यहां आने वाले निवेशकों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं देने की क्षमता रखते हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव एवं एमडी टूरिज्म डॉ. इलैया राजा टी., एमपीआइडीसी के एमडी चंद्रमौली शुक्ला सहित फ्रेंड्स इन एमपी इन स्पेन के सदस्य एवं बड़ी संख्या में उद्योगपति, निवेशक उपस्थित थे।

### धुएं से रेस्क्यू ...

मौजूद थे। स्थिति बिगड़ती देख मरीजों को फर्स्ट फ्लोर से सीढ़ी लगाकर बाहर निकाला गया। नवजात शिशुओं को गठरी की तरह कपड़े और साड़ी में बांधकर नीचे फेंका या उतारा गया। सड़क पर खड़े लोग, अस्पताल प्रशासन और स्टाफ मिलकर रेस्क्यू अभियान में जुट गए। अस्पताल प्रशासन की ओर से अपर्णा गुप्ता ने घटना को लेकर जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि आग लगते समय वह नीचे ऑफिस में थीं और वहां काम कर रही थीं, तभी अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। तभी बच्चों को तुरंत रेस्क्यू कर लिया गया और सुरक्षित बाहर निकाला गया। गंभीर बच्चों को निर्मल नर्सिंग होम में डॉक्टर आर.के. गुप्ता की देखरेख में स्थानांतरित कर दिया गया।

### वन अर्थ-वन फैमिली-वन...

मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टिता और नेतृत्व के चलते भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने बताया कि विश्व की प्रतिष्ठित क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में क्यूएस रैंकिंग में केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल थे जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 54 तक पहुँच गई है। यह परिवर्तन भारतीय शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और युवाओं को विश्वस्तरीय शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने वैश्विक स्तर की 17 प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज को भारत में अपने पूर्ण कैंपस स्थापित करने की अनुमति दी है। इनमें से तीन यूनिवर्सिटीज में शैक्षणिक सत्र आरंभ हो चुका है। गौरतलब है कि वर्तमान में, साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय कैंपस में चार स्नातक और दो स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इनमें बी.एस.सी. बिजनेस मैनेजमेंट, बी.एस.सी. अकाउंटिंग एंड फाइनेंस, बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस, बी.एस.सी. इकोनॉमिक्स, एम. एस.सी. फाइनेंस और एम.एस.सी. इंटरनेशनल मैनेजमेंट शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, यूजीसी चेयरमैन विनीत जोशी, साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर लार्ड पटेल, साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट मार्क्स स्मिथ, विधायक श्रीमती बिमला चौधरी, श्री मुकेश शर्मा, श्री तेजपाल तंवर, मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर श्री राजीव जेटली, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार श्री पवन चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### बेरहम पेरेंटसः चलती...

ऋतिका और अल्ताफ ने नवजात को कपड़े में लपेटा और चलती बस से बाहर फेंक दिया। पुलिस जांच में दोनों ने बताया कि वे बच्चे का पालन-पोषण करने में असमर्थ थे, इसलिए बस से फेंक दिया था। पुलिस के मुताबिक, दोनों परभणी के रहने वाले हैं और पिछले डेढ़ साल से पुणे में रह रहे थे। दोनों ने खुद को पति-पत्नी बताया लेकिन इसे साबित करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं दे पाए। दंपती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 94(3), (5) (जन्म छिपाने और शव को ठिकाने की कोशिश) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ड्राइवर ने पूछा ....

ने भी देखा कि बस से कुछ फेंका गया है। जब उसने पास जाकर देखा, तो वह नवजात बच्चा था। उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम ने बस रुकवाई।

### 'गुजरे हुए कल के हथियारों...

चौहान ने भी इसका बढ़-चढ़कर उल्लेख किया। सीडीएस ने बताया कि घरेलू स्तर पर डिजाइन के साथ निर्माण और नवाचार से हथियार की क्षमता न केवल दुश्मन के सामने गोपनीय बनी रहती है। बल्कि ये उसे आश्चर्यचकित भी कर सकती है। जब हम अपने घर के अंदर कोई चीज बनाते हैं, तो हमें उसके कई तरह के फायदे होते हैं। जिनमें हम अपने निर्माण को शत्रु से छिपाकर रख सकते हैं, कीमत यानी लागत घटती है, उत्पादन का स्तर नियंत्रित रहता है। जिससे लगातार तैयारी को बनाए रखना भी आसान हो जाता है। इस कार्यक्रम का आयोजन इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ और थिंक टैंक सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज द्वारा किया गया था। बताते चलें कि वर्तमान में ड्रोन में प्रयोग किए जाने वाले क्रिटिकल काम्पोनेंट के लिए हमारी निर्भरता वास्तविक विदेशी उत्पाद निर्माता कंपनियों (ओईएम) पर बनी हुई है। पहलगाम हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाल का नागरिक शामिल है। जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और पीओके में मौजूद कुल 9 आतंकी ठिकानों पर हमला बोल कर 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया।

**आयातित तकनीक फायदे का सौदा नहीं :** उन्होंने कहा कि हम बीते हुए कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते हैं। विदेशों से आयातित तकनीक पर निर्भरता हमारी रक्षात्मक और आक्रामक (युद्ध) दोनों तैयारियों को कमजोर करती है। यह हमारी उत्पादन बढ़ाने की क्षमता को घटाती है। जिससे जरूरी जटिल मशीनी कलपुर्जों की कमी होती है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि देश के अंदर बना हुआ ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम हमारे भौगोलिक परिदृश्य और हमारी जरूरतों के लिहाज से क्यों जरूरी है? हमें अपनी सुरक्षा के लिए निवेश और निर्माण करना होगा। जिससे इनकी चौबीसों घंटे उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यूएवी-एंटी यूएवी के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करना भारत की रणनीतिक अनिवार्यता है। इसकी मदद से हमें अपने भविष्य के निर्माण की जागरूकता भी हासिल होती है।

**पाकिस्तानी ड्रोन से नहीं हुआ नुकसान :** सीडीएस ने कहा कि 7 से 10 मई 2025 के दौरान पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ हमले के लिए समूची सीमा पर निशस्त्र ड्रोन और लॉइटरिंग म्युनिशन का इस्तेमाल किया था। लेकिन इनका हम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ज्यादातर पाकिस्तानी ड्रोन (चीन, तुर्किए से लिए हुए) हमने मार गिराए, कुछ को साबूत अवस्था में जब्त किया गया। इनसे देश के सैन्य और असैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आधुनिक संघर्षों में बढ़ती ड्रोन की भूमिका को रेखांकित करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि हालिया वैश्विक संघर्षों से ये पता चलता है कि ड्रोन कैसे रणनीतिक संतुलन को असंगति के साथ परिवर्तित कर सकते हैं? इनका इस्तेमाल केवल महज एक संभावना नहीं है। यह एक सच्चाई है, जिसका हम सामना कर रहे हैं। यहां बता दें कि हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी यह कह चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के हमले में भारत का एक कांच भी नहीं टूटा यानी हमें कोई नुकसान नहीं हुआ। अगर इस संबंध में किसी के पास कोई तस्वीर या अन्य कोई सबूत है तो उसे हमें जरूर दिखाएं। उनकी ये टिप्पणी विदेशी मीडिया पर की गई थी।

## छांगुर के करीबियों ने एटीएस के गवाह को धमकाया, तीन पर मुकदमा दर्ज



बालमपुर। अवैध धर्मांतरण व देश विरोधी गतिविधियों के सरगना जमालुद्दीन उर्फ छांगुर के करीबी अभी भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। एटीएस की जांच और कार्रवाई के बाद भी छांगुर के सहयोगी लोगों को धमका रहे हैं। एटीएस की जांच में गवाही देने वाले हरजीत कश्यप को कुछ लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। हरजीत की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। हरजीत का आरोप है कि तीनों छांगुर के खास लोग हैं और उन पर बयान बदलने का दबाव बना रहे हैं, मना करने पर जान से मारने की धमकी दी है। धानेपुर क्षेत्र के रेतवागाड़ा में रमजान का नाम छांगुर के करीबी में जुड़ा था। एफआईआर में छांगुर के साथ रमजान आरोपी है। वह एक मदरसे में शिक्षक के रूप में काम कर रहा था। स्थानीय लोग बता रहे थे कि रमजान की मृत्यु हो चुकी थी।

## मुठभेड़ में मारा गया 25 लाख का इनामी माओवादी

बोकारो। बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत लुगू पहाड़ एक बार फिर बुधवार सुबह पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के दौरान गोलियों से गूंज उठा। जागेश्वर बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत काशीटांड़ के जंगल में दोनों ओर फायरिंग में जहां माओवादियों की ओर से 25 लाख के इनामी झारखंड का कुख्यात नक्सली कुंवर मांझी सहित दो नक्सलियों के ढेर होने की सूचना है।

वहीं पुलिस की ओर से कोबरा बटालियन के एक जवान को गोली लगने की सूचना है जिसे साथियों की ओर से सुरक्षित निकालकर इलाज के लिए भेज दिया गया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है।

## शिक्षक भर्ती, अभ्यर्थियों के लिए खुशखबर

# बीपीएससी जल्द लेगा चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा, सीएम नीतीश ने दिए निर्देश

एजेंसी ⏭ पटना



शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए खुशखबर है। अब जल्द ही बिहार लोक सेवा आयोग टीआरई 4 लेने जा रही है। क्योंकि इस मामले में सीएम नीतीश कुमार ने संज्ञान ले लिया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। लिखा कि हमने शिक्षा विभाग को कहा है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना तुरंत कर ली जाए और इस पर नियुक्ति के लिए चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा शीघ्र लेने की कार्रवाई की जाए। सीएम नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियों में 35 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण का लाभ बिहार की निवासी महिलाओं को ही दिया जाएगा।

छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के इस बड़े एलान के लिए सभी अभ्यर्थियों की ओर से हमलोग उन्हें धन्यवाद देते हैं। सीएम नीतीश कुमार ने छात्रों की मांग को स्वीकार किया। लेकिन, आधा अधूरा न्याय है। हमलोगों ने टीआरई 4 में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग की है। सीएम नीतीश कुमार ने बुधवार को टीआरई 4 और महिला आरक्षण की बात कही लेकिन इसमें डोमिसाइल को लेकर कुछ नहीं कहा। इसलिए हमलोगों की मांग है कि टीआरई 4 समेत सभी नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू की जाए। वहीं छात्र नेता ने कहा कि इस बार बीपीएससी टीआरई 4 में 'एक अभ्यर्थी एक रिजल्ट' फॉर्मूला लागू करे।

## झारखंड में 24 जुलाई को होगी कैबिनेट की बैठक

# हेमंत सोरेन सरकार दे सकती है अहम सौगात

एजेंसी ⏭ रांची




झारखंड में कैबिनेट की बैठक 24 जुलाई को बैठक होगी। रांची के प्रोजेक्ट भवन में मंत्रिपरिषद सभागार में कैबिनेट की बैठक होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे।

मंत्रिपरिषद की बैठक शाम चार बजे से आयोजित की जाएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने कैबिनेट की बैठक की जानकारी दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। रांची के प्रोजेक्ट भवन में मंत्रिपरिषद सभागार में कैबिनेट की बैठक होगी। हेमंत सोरेन सरकार इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने कैबिनेट ने बैठक की जानकारी दी है।

हाल के वर्षों में आम लोगों से लेकर कई सेलिब्रिटीज की भी डेथ सडन कार्डिएक अरेस्ट की वजह से हुई है। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहें, मनमाने ढंग से कोई ट्रीटमेंट न लें और बैलेंस्ड डाइट लें तो इससे बचे रह सकते हैं। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत युजफुल सजेशंस।

# रोका जा सकता है सडन कार्डिएक अरेस्ट







**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. महेश वाधवानी
डायरेक्टर, एचओडी-सीटीवीएस
फोर्टिस मानेसर, गुरुग्राम

हाल ही में 'कांटा लगा गर्ल' के नाम से पॉपुलर 42 वर्षीय मॉडल-एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला की अचानक कार्डिएक अरेस्ट आने से हुए निधन ने सबको चौंका दिया। हालांकि फिटनेस-फ्रीक शेफाली जरीवाला को कोई बीमारी नहीं थी। लेकिन खबरों के अनुसार सुंदर-जवां दिखने की चाहत में पिछले 7-8 साल से लगातार एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट ले रही थीं। जिसमें वो स्किन वाइटनिंग, यूथफुल ग्लो और लिवर डिटॉक्सीफिकेशन के लिए ग्लूटाथियॉन, विटामिन-सी जैसी मेडिसिन और आईवी इंजेक्शन ले रही थीं। हार्मफुल केमिकल्स के रिएक्शन को उनकी डेथ की बड़ी वजह माना जा रहा है। दरअसल, केमिकल से वेसोवेगल तंत्रिका प्रभावित होती है और व्यक्ति का ब्लड प्रेशर एकाएक कम हो जाता है। इन दवाओं का असर हार्ट फंक्शन पर भी पड़ता है, यानी वो पंप करना बंद कर सकता है, जिससे बेहोश होने और सडन कार्डिएक अरेस्ट का रिस्क हो सकता है।

आज के दौर में अनेक महिलाएं और पुरुष भी यंग और अट्रैक्टिव दिखने के लिए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स लेने लगे हैं। लेकिन इन्हें एक्सपर्ट के सुपरविजन में लेना ही उपयुक्त रहता है। जवां दिखने के जुनून में इन मेडिसिन की ओवरडोज लेने से लोगों में हार्मोनल असंतुलन, ब्लड प्रेशर बढ़ने या गैस्ट्रिक समस्याएं होने का खतरा बढ़ता है। खासकर व्रत के दौरान ऐसी दवाएं लेना ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है।

## बढ़ रहा कार्डिएक अरेस्ट

सडन कार्डिएक अरेस्ट किसी भी व्यक्ति को कभी भी हो सकता है, लेकिन आजकल की भागम-भाग जिंदगी में कम उम्र में भी बहुतायत में ऐसा देखा जा रहा है। पिछले दो-तीन दशकों में लाइफस्टाइल में बदलावों यानी मीठा ज्यादा खाना, शारीरिक श्रम कम करना, सिगरेट-एल्कोहल के सेवन से लोगों में मेटाबॉलिक सिंड्रोम की समस्या बढ़ी है, जिससे महिलाओं में कार्डिएक अरेस्ट का रिस्क दोगुना हो गया है, हालांकि पुरुषों की तुलना में अभी भी काफी कम (90:10 प्रतिशत) है।

## कार्डिएक अरेस्ट के लक्षण

ज्यादातर मरीजों को ये लक्षण महसूस होते हैं- पेट में गैस होना, छाती में होने वाला दर्द, कंधे, पीठ या बांह में जाना, धड़कन तेज होना, बहुत ज्यादा कमजोरी और थकान महसूस होना, चक्कर आना, बेहोशी आना। किसी भी तरह की तकलीफ महसूस होने पर नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। ऐसे में यथाशीघ्र आस-पास के लोगों को सूचित जरूर करना चाहिए ताकि जल्द से जल्द पेशेंट को मेडिकल मदद मिल सके और कॉम्प्लीकेशन होने की संभावना को रोका जा सके।



## क्या है कारण

सडन कार्डिएक अरेस्ट होने के पीछे कई कारण जिम्मेदार होते हैं। इनमें शामिल हैं- आरामपरस्त जीवनशैली होना। अनहेल्दी फूड हैबिट्स, हाई कैलोरी फूड खाना, जंक-प्रोसेस्ड फूड का सेवन अधिक करना। मेटाबॉलिक सिंड्रोम होना। यानी ब्लड में कोलेस्ट्रॉल या शुगर लेवल बढ़ना, जिनकी वजह से आर्टरीज का ब्लॉक होना। हार्मोनल बदलाव, ओबेसिटी खासकर सेंट्रल ओबेसिटी, हाइपरटेंशन, डिप्रेशन, एंग्जाइटी, मिरगी जैसी बीमारियों से ग्रस्त होना। सीवियर डिसफंक्शनल हार्ट होना यानी कई कारणों से हार्ट के सेल्स डैमेज होने से कार्यक्षमता 35 प्रतिशत से कम हो जाना। कोरोनरी आर्टरी डिजीज या खून की नसें ब्लॉक होना। या फिर बायपास सर्जरी हुई हो और बायपास के बाद स्टेंट लगा हो, हार्ट ट्रीटमेंट और दवाइयां पहले से चल रही हों। हाइपरट्रोफिक हार्ट डिजीज होना। यानी हार्ट के मुख्य वॉल्व में रुकावट होना, अनकंट्रोल हाई ब्लड प्रेशर, जन्मजात दोष जैसे कारणों से हार्ट की मसल्स का मोटा होना, जिससे हार्ट की पंपिंग क्षमता कम होना। हार्ट इलेक्ट्रिकल स्टीमुलस में गड़बड़ी के कारण हार्टबीट बहुत धीमी या तेज होना। पल्मोनरी थ्रम्बोएंबॉलिज्म होना, जिसमें डीप वेन थ्रंबोसिस के ब्लड क्लॉट माइग्रेट कर हार्ट तक आने से उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होना। परिवार में किसी को हार्ट डिजीज, डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत होना। माइक्रोवेस्कुलर डिजीज होना यानी महिलाओं में हार्ट की नसें प्राकृतिक रूप से छोटी होने की वजह से ज्यादा ब्लॉकेज होना।

एस्ट्रोजन हार्मोन में कमी की वजह से रिप्रोडक्टिव उम्र से आगे बढ़ना या मेनोपॉज की उम्र में पहुंची महिलाएं। स्ट्रेस बढ़ना। बॉडी बिल्डिंग के लिए जिम में बिना ट्रेनर की गाइडेंस के जरूरत से ज्यादा या हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज करना। वजन कम करने, सुंदर और फिट दिखने के पियर प्रेशर की वजह से बिना डॉक्टर की सलाह पर एंटी एजिंग मेडिसिन, प्रोटीन सप्लीमेंट्स, स्टेरॉयड या ड्रग्स की ओवरडोज लेना। तंबाकू, एल्कोहल का सेवन अधिक करना। भरपूर नींद न लेना।

## बचाव के उपाय

सडन कार्डिएक अरेस्ट से होने वाली मौत से बचने के लिए ऐसी आदतों में बदलाव लाना चाहिए, जिनसे कोलेस्ट्रॉल या ब्लड शुगर लेवल बढ़ता है। सबसे आसान तरीका है, खाना संयमित तरीके से खाएं, मीठी या तली हुई, मैदे से बनी चीजें कम से कम खाएं। फल, शहद जैसी नेचुरल शुगर कंट्रोल में लेना बेहतर है। नमक या सोडियम सीमित मात्रा (रोजाना 4-5 ग्राम) लें क्योंकि ज्यादा नमक आर्टरीज में जमा होने लगता है, जिससे आर्टरीज सख्त हो जाती हैं और व्यक्ति का ब्लड प्रेशर लेवल बढ़ता रहता है। अपनी डाइट में विटामिन-सी, ए, ई रिच फूड्स शामिल करें, जिससे स्किन ग्लोइंग बनती है। हाइड्रेटेड रहें ताकि स्किन नेचुरली ग्लो करे।

**स्ट्रेस अवॉयड करें:** स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए रोजाना मेडिटेशन, हास्य योगा, अपने करीबियों के साथ हास-परिहास करें। जो चीज आपके कंट्रोल में नहीं है, उस पर दुखी होने के बजाय हंस कर टाल दें। टेंशन अपने आप कम हो जाएगी। प्रोफेशन-पर्सनल लाइफ में बैलेंस बनाकर चलें। सोशल नेटवर्क बढ़ाएं। रोज मिल पाना संभव न हो तो फोन से संपर्क में रहें। मी टाइम या पर्सनल कामों के लिए कुछ समय जरूर निकालें। अपने पसंदीदा काम करें, हॉबीज को अंजाम दें।



**सही वेट मेंटेन करें:** बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 25 से नीचे रहना चाहिए। अगर वजन ज्यादा है, तो हार्ट को हेल्दी रखने के लिए अपने वर्तमान वजन से कम से कम 10 प्रतिशत जरूर घटाएं। इसके लिए डाइट पर कंट्रोल और रेगुलर एक्सरसाइज करें। 30-35 साल की उम्र के बाद मेंटल और फिजीकल फिटनेस जरूर मेंटेन करें। खासकर महिलाएं घर-बाहर के कामों को एक्सरसाइज मानने के बजाय रेग्युलर वर्कआउट के लिए समय निकालें। एक्सरसाइज में योगा, मेडिटेशन सबसे अच्छी एक्सरसाइज हैं। इससे ब्लड फ्लो बेटर होता है और एक्सरसाइज टॉक्सिंस को भी आपकी बॉडी से बाहर निकालता है।

**कार्डियो एक्सरसाइज:** कार्डियो एक्सरसाइज में एज का फार्मूला होता है। 220 माइनस द एज। अगर कोई व्यक्ति 50 साल का है तो 220-50=170। यानी व्यक्ति की हार्टरेट अधिकतम रेंज 170 होनी चाहिए। ऐसे फार्मूला में अगर व्यक्ति 70 प्रतिशत तक की रेंज तक यानी 135 की हार्टरेट तक पहुंच जाता है, तो उसे अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज माना जाता है। इसी हिसाब से एक्सरसाइज के दौरान अपनी हार्टरेट को एक्सरसाइज के रेंज में ले जाकर 15-20 मिनट तक वहीं पर होल्ड रखें। लेकिन अगर व्यक्ति की टारगेट हार्टरेट ज्यादा हो जाती है तो एरिथ्मिया ट्रिगर होने और एक्सरसाइज के दौरान मौत होने की संभावना रहती है।

**ओवरएक्सरसाइज से बचें:** 50 साल की उम्र के व्यक्ति जिसकी फिटनेस अच्छी नहीं है और ओवरएक्सरसाइज करके अपनी हार्टरेट 150 या अधिक की रेंज में ले जा रहा हो- ऐसे में कार्डिएक अरेस्ट की संभावना बढ़ जाती है। खासकर महिलाओं में फिटनेस शेड्यूल थोड़ा कम होती है, उनमें एक्सरसाइज टॉलरेंस नहीं होती, उनकी हार्टरेट पुरुषों की तुलना में ज्यादा रहती है। एक्सरसाइज के दौरान उनकी टारगेट हार्टरेट से ज्यादा पहुंचने की संभावना रहती है, जिससे कार्डिएक अरेस्ट होने की संभावना रहती है।

**नशे से बचें:** तंबाकू, सिगरेट, एल्कोहल के सेवन से दूर रहें। ये चीजें एंग्जाइटी बढ़ाती हैं, जिनका असर हार्ट पर पड़ता है।

**कंसल्टेशन से लें दवा:** अच्छा दिखने के लिए अगर कोई सप्लीमेंट्स लेना हो तो डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन से लें और ब्लड टेस्ट के बाद ही लें। लाइफ-लांग मेडिसिन डॉक्टर को कंसल्ट करके ही लें। सेल्फ-मेडिकेशन या कॉस्मेटिक प्रोसिजर में किए जाने वाले ट्रीटमेंट कई बार बॉडी को शॉक भी देते हैं। किडनी, लिवर पर असर डालती हैं और कार्डिएक अरेस्ट की नौबत भी आ जाती है।

**इग्नोर न करें लक्षण:** किसी बीमारियों के संकेतों को नजरअंदाज न करें। छोटा समझ कर छिपाना या अनदेखा करना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। जितना जल्दी हो सके डॉक्टर को कंसल्ट करके उपचार कराएं। छोटी-छोटी तकलीफ हार्ट डिजीज का कारण बन सकती हैं।

**रेग्युलर चेकअप:** 30 साल की उम्र के बाद मेडिकल चेकअप जरूर कराएं। जैसे- ईको टेस्ट से व्यक्ति के हार्ट की गलत बनावट या ब्लॉकेज का पता चल जाता है। नॉर्मल हो, तो आगे 5-10 साल में एक बार या फिर बीमारीग्रस्त होने पर समय-समय पर टेस्ट जरूर करवाते रहें।

**नींद है जरूरी:** रोजाना रात में 7-8 घंटे की गहरी नींद जरूर लें। खाने के समान रोजाना अच्छी नींद सोना जरूरी है क्योंकि रात में भरपूर नींद लेने से सभी एंडोक्राइन ग्लैंड्स एक्टिव होते हैं और मेटाबॉलिज्म दुरुस्त रहता है। इससे शरीर के सेल्स रिपेयर होने, इंफ्लेमेशन कम करने, हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा



### हार्ट अटैक-कार्डिएक अरेस्ट में अंतर

**कार्डिएक अरेस्ट** और हार्ट अटैक में अंतर होता है। दिल की सतह पर बहुत सारी नसें यानी एपिकार्डियल वेसेल्स या कोरोनरी आर्टरीज होती हैं। हार्ट अटैक तब होता है, जब दिल को खून पहुंचाने वाली ये नसें कोलेस्ट्रॉल के जमने या ब्लड क्लॉट बनने से ब्लॉक हो जाती हैं, जिससे ऑक्सीजनेटिड ब्लड दिल की मांसपेशियों तक नहीं पहुंच पाता और हार्ट का वो हिस्सा काम करना बंद कर देता है। सीने में तेज दर्द होता है, सांस लेने में मुश्किल होती है। लेकिन मरीज होश में रहता है। यथासमय ट्रीटमेंट मिल जाए तो तकरीबन 70 प्रतिशत लोगों की जान बच सकती है।

कार्डिएक अरेस्ट एक इलेक्ट्रिकल फेलियर होता है। शरीर की मांसपेशियों को चलाने के लिए इलेक्ट्रिकल स्टीमुलस की जरूरत होती है। कुछ कारणों से इसमें गड़बड़ी आने पर हार्ट पंप करना अचानक बंद कर देता है। हार्ट की धड़कन धीमी या तेज हो जाती हैं, जिससे पूरे शरीर तक जाने वाला ऑक्सीजनेटिड ब्लड फ्लो रुक जाता है। सांसें थम जाती हैं और इंसान अचानक बेहोश होकर गिर जाता है। अगर कुछ मिनटों के अंदर सीपीआर और एईडी ट्रीटमेंट न मिले, तो तकरीबन 90 प्रतिशत मरीजों की मौत हो जाती है।

**फिटनेस फंडा**

गौरव चोपड़ा

इन दिनों सोनी सब चैनल के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में प्रोफेसर राजवीर शास्त्री के रोल में गौरव चोपड़ा दिख रहे हैं। इसमें वह काफी एनर्जेटिक नजर आ रहे हैं। अपनी हेल्थ और फिटनेस के बारे में गौरव यहां बता रहे हैं अपनी जुबानी।

# सबसे जरूरी है एक्टिव रहना

जहां तक मेरे फिटनेस फंडे की बात है तो मैं इस बात पर विश्वास नहीं रखता कि रोजाना वर्कआउट करना जरूरी है। मेरा मानना है कि डेली एक्टिव रहना सबसे जरूरी है। मुझे लगता है कि लोग अकसर शब्दों और उनकी व्याख्या को लेकर भ्रमित हो जाते हैं। जैसे ही एक्सरसाइज शब्द सुनते हैं, उन्हें लगता है कि इसका मतलब है, जिम जाना, जबकि ऐसा जरूरी नहीं है। आप बस सीढ़ियां चढ़-उतर लें, या फिर छोटी दूरी के लिए गाड़ी निकालने की बजाय कुछ कदम पैदल चल लें। यह भी बहुत कारगर है। असली बात यह है कि आप चलते-फिरते रहें, अपने शरीर को मूवमेंट देते रहें। जब आप खा रहे हों, तो यह भी सुनिश्चित करें कि आप अपनी बॉडी मशीन का सही इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं अकसर एक उदाहरण देता हूं कि जैसे अगर आप कार में बार-बार पेट्रोल भरते रहें लेकिन उसे चलाएं नहीं, तो उसका क्या फायदा? कार अच्छा माइलेज तभी देगी, जब आप उसे चलाएंगे, वो भी सही स्पीड पर। वैसे ही हमारा शरीर भी तभी स्वस्थ रह सकता है, जब हम उसे सक्रिय रूप से इस्तेमाल करें।

**वर्कआउट रूटीन:** मेरा वर्कआउट रूटीन पूरी तरह उस भूमिका पर निर्भर करता है, जिसे मैं किसी शो में निभा रहा होता हूं। जैसे कि फिलहाल मैं प्रोफेसर राजवीर शास्त्री की भूमिका निभा रहा हूं, तो उसके लिए बहुत ज्यादा मस्कुलर शरीर की जरूरत नहीं है। इस किरदार के लिए एक दुबला-पतला और सामान्य-सा शरीर चाहिए। इस समय मैं हफ्ते में तीन बार योग करता हूं और एक-दो बार जिम भी चला जाता हूं।



**डाइट प्लान:** मेरे पास कोई निश्चित डाइट प्लान नहीं है। सच कहूं तो मेरा कोई डाइट प्लान है ही नहीं। मैं एक पुरानी आदत पर चलता हूं, जिसे मैं सालों से अपनाता आ रहा हूं यानी मैं सब कुछ खाता हूं, लेकिन संतुलन के साथ। मैं न न्यूट्रिशन के मामले में और न ही स्वाद के मामले में किसी भी चीज की अति करता हूं। अगर कभी मीठा या डेजर्ट खाने का मन हो, तो खा लेता हूं, लेकिन फिर दो-तीन या चार दिन तक उसे नहीं खाता। इस तरह मुझे लगता है कि हर चीज का संतुलन बना रहता है, क्योंकि मेरा मानना है कि शरीर को हर तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। मैं नहीं चाहता कि खुद को किसी भी चीज से पूरी तरह वंचित रखूं या किसी फूड का एडिक्ट हो जाऊं।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यह कहना चाहूंगा कि मैं फिटनेस के लिए जबरदस्ती समय निकालने की कोशिश नहीं करता। बल्कि मैं फिटनेस को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना लेता हूं। कभी-कभी मैं शूट पर निकलने से पहले 50 पुश-अप्स कर लेता हूं, या फिर जब भी किसी नए सीन के लिए ड्रेस बदलता हूं, उस दौरान कर लेता हूं। ऐसे दिनों में जब मैं जिम नहीं जा पाता, तो हर बार ड्रेस बदलते समय 50 पुश-अप्स कर लेता हूं। अब अगर किसी दिन मुझे 4 या 5 बार ड्रेस बदलने हों, तो उतनी बार एक्सरसाइज भी हो जाती है। इस तरह से आप भी फिटनेस को अपनी डेली रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**फिटनेस मंत्र:** मेरा फिटनेस मंत्र बहुत ही सरल है, मैं सब कुछ खाता हूं, सक्रिय रहता हूं, यह सुनिश्चित करता हूं कि मुझे पर्याप्त और अच्छी नींद मिले। इसके अलावा जहां तक संभव हो, प्रोसेस्ड फूड्स से दूर रहता हूं। आप खाने के शौकीन हो सकते हैं और फिर भी फिट रह सकते हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप अपने शरीर रूपी इंजन को कितनी अच्छी तरह समझते हैं? उसमें कितना और कैसा 'फ्यूल' डालते हैं और कितना बर्न करते हैं? यह एक संतुलित तंत्र है, जिसे समझना जरूरी है। किसी भी चीज की अति न करें और खुद को किसी भी चीज से पूरी तरह वंचित भी न रखें। मेरा मानना है कि बैलेंस ही सबसे बेहतर और सबसे कारगर तरीका है। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

# बरसात के मौसम में करें सात्विक भोजन

**डाइट सजेशन**

राजकुमार 'दिनकर'



बारिश के मौसम और उसमें भी प्रमुख रूप से सावन के महीने में सात्विक भोजन की परंपरा केवल धार्मिक या आध्यात्मिक कारणों से ही नहीं है बल्कि इसके पीछे पुख्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी है।

**इसलिए है जरूरी:** बरसात के मौसम में आर्द्रता और तापमान में बदलाव के कारण शरीर की पाचनशक्ति बाकी किसी भी मौसम के मुकाबले में काफी कम हो जाती है। ऐसे में तली, भुनी चीजें और मांसाहार पाचन तंत्र को खराब कर देती हैं। सावन का महीना बारिश के मध्य का वह महीना होता है, जब खाद्य सामग्री सबसे जल्दी खराब होती है। इस महीने में ही सबसे ज्यादा जलजनित रोग भी फैलते हैं। यही कारण है कि इस माह में डॉक्टर, लोगों को ताजा, थोड़ा और हल्का खाना खाने की सलाह देते हैं। सात्विक भोजन में ताजे, उबले और कम मसालेदार भोजन किया जाता है। कम मसालों के साथ-साथ इनमें तले पदार्थ भी कम होते हैं, जिस कारण इस दौरान आप कई तरह के संक्रमणों से बचे रह सकते हैं। बारिश के मौसम में पेट की तरह हमारी त्वचा भी बहुत जल्द संक्रमित हो जाती है। बरसात में एलर्जी, दमा और त्वचा रोग बहुत आसानी से लोगों को अपनी चपेट में ले लेते हैं। ऐसे में जब हम सात्विक भोजन करते हैं और हमारे भोजन में हल्दी, अदरक, तुलसी, नीबू आदि हर्बल औषधियां शामिल होती हैं, तो ये हमारे भोजन को शुद्ध और सात्विक तो बनाती ही हैं, हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कई गुना ज्यादा बढ़ा देती हैं। इसलिए डॉक्टर और डाइटीशियन लोगों को बारिश के महीनों में शुद्ध, सात्विक, ताजा और हल्का भोजन करने की सलाह देते हैं। सात्विक भोजन हमारे तन को ही स्वस्थ नहीं मन को भी शांत रखता है। *






# सभी बिजली कंपनियों में अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना मंजूर

**ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा, नियमित कार्मिक सहित संविदा कार्मिक, पेंशनर और उनके परिजन होंगे लाभान्वित**

## लगभग एक लाख 82 हजार होंगे लाभार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश की सभी 6 बिजली कंपनियों में अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना स्वीकृत कर दी गई है। यह जानकारी ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहीं।

मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने विद्युत कंपनियों में अभियंता व कार्मिकों के लिए बहुप्रतीक्षित पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना (एमपीपीसीएचएस) के क्रियान्वयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

### योजना एक अक्टूबर तक शुरू करने का लक्ष्य

मंत्री तोमर ने बताया है कि इस योजना का लाभ प्रदेश की 6 विद्युत कंपनियों में कार्यरत नियमित कार्मिकों, संविदा कार्मिकों व विद्युत कंपनियों के पेंशनरों और उनके परिजन को मिलेगा। इनकी संख्या लगभग एक लाख 82 हजार है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी को प्रदेश की विद्युत कंपनियों में पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### 24 जुलाई को होगी प्री-बिड मीटिंग

मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने जानकारी दी कि पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के कार्यान्वयन के लिए 15 जुलाई को ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। इस योजना के कार्यान्वयन सहायता एजेंसी (आईएसए) चयन के लिए भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा लाइसेंस प्राप्त किसी मौजूदा तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए) या उसकी होल्डिंग कंपनी या उसकी सहायक कंपनी या उसकी समूह कंपनी, जिन्हें इस क्षेत्र में कार्य करने का वृहद् अनुभव हो, से टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के लिए प्री-बिड मीटिंग 24 जुलाई को होगी। विद्युत कंपनियों के लिए पॉवर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वयन करने को इच्छुक कंपनियां 18 अगस्त तक टेंडर प्रक्रिया में अपनी निविदा जमा कर सकेंगी। आगामी 20 अगस्त को ई-टेंडर खोले जाएंगे। पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सिंह ने बताया है कि योजना एक अक्टूबर 2025 तक प्रारंभ करने का लक्ष्य है।

### ऊर्जा मंत्री ने मंत्रियों के समूह और विद्युत नियामक आयोग की बैठक में उपभोक्ताओं के हित में लिए गए निर्णय बताए

केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय की ओर से विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए मंत्री समूह की बैठक मंगलवार को नई दिल्ली में हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्युत एवं आवास तथा शहरी मामलों के राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने की। बैठक में मप्र से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश नियामक आयोग की ओर से बिजली उपभोक्ताओं के हित में लिए जा रहे निर्णयों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में ऊर्जा विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों से भी अवगत कराया। बैठक में विद्युत वितरण कम्पनियों की वित्तीय स्थिरता, पारदर्शिता एवं संचालन क्षमता को सुदृढ़ बनाने पर गहन चर्चा हुई। केन्द्रीय विद्युत राज्य मंत्री नाइक ने कहा कि हमारा संकल्प है कि ऊर्जा व्यवस्था को और मजबूत, पारदर्शी और जन-हितैषी बनाएं, जिससे सभी को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बैठक में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु एवं उत्तरप्रदेश के ऊर्जा मंत्री तथा केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग एवं राज्य विद्युत नियामक आयोगों के अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल हुए।



**पीडब्ल्यूडी के उप सचिव ने जारी किया पत्र**

# बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ पाएंगे पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी, होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में अब कोई भी कर्मचारी बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ पाएगा। अभी कोई भी कर्मचारी कभी भी कहीं भी चले जाते हैं। जब काम की जरूरत होती है, तो कह देते हैं कि जरूरी काम से बाहर आ गया हूं।

किंतु अब ऐसा नहीं चलेगा। पीडब्ल्यूडी ने विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि बगैर सक्षम अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीडब्ल्यूडी के उप सचिव नियाज अहमद खान ने सभी प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता, मुख्य वास्तुविद, समस्त अधीक्षण यंत्री व कार्यपालन यंत्री को निर्देशित एक पत्र जारी किया है।

### मुख्य अभियंता स्तर के अधिकारी प्रमुख सचिव से लेंगे अनुमति

*निर्देश में यह भी कहा गया है कि प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता एवं इस स्तर के अधिकारी प्रमुख सचिव से अनुमति प्राप्त करेंगे। जबकि अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री स्तर के अधिकारी प्रमुख अभियंता से अनुमति प्राप्त कर अपना मुख्यालय छोड़ेंगे। यदि बिना अनुमति अधिकारी मुख्यालय छोड़ता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश का कड़ाई से पालन होगा।*

### कामकाज होता है प्रभावित

इस पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रायः यह देखा गया है कि विभाग में कार्यरत अधिकारी बिना अनुमति के भोपाल में एवं अपने कार्य क्षेत्र से बाहर चले आते हैं, जिससे शासकीय कार्य प्रभावित होता है। इससे शासन की ओर से वंछित जानकारी निर्धारित समय सीमा में नहीं मिल पाती। इससे अप्रिय स्थिति का सामना करना पड़ता है। ऐसे समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि अधिकारियों से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत की मुख्यालय छोड़ेंगे।

**विधानसभा सत्र के लिए प्रश्नों के उत्तर भेजने में होती है दिक्कतें**

प्रमुख अभियंता (बीएंडआर) केपीएस राणा ने बताया कि इस समय विधानसभा सत्र की तैयारी चल रही है। जो भी प्रश्न लगे हैं उसके जवाब निर्धारित समय सीमा में भेजना है। इसके बावजूद कई अधिकारी बगैर बताए मुख्यालय छोड़ रहे हैं। इससे कार्य प्रभावित होता है। इस तरह से मुख्यालय छोड़ने की शिकायतें शासन स्तर पर अब आम हो गई है।

## खबर संक्षेप

### मप्र के 183 निकायों में बने 218 पिंक टॉयलेट

**भोपाल।** मप्र में नगरीय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं को सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिशन पिंक टॉयलेट प्रारंभ किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 183 नगरीय निकायों में 218 पिंक शौचालय संचालित हो रहे हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस मिशन में 100 करोड़ रुपए के निवेश की कार्ययोजना तैयार की है।

### नगर परिषद इंदरगढ़ के प्रभारी सीएमओ निलंबित

**भोपाल।** दतिया जिले के नगर परिषद इंदरगढ़ के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव को कर्त्तव्यों में लापरवाही बरतने पर नगरीय प्रशाासन विकास आयुक्त संकेत भोंडवे के निर्देश पर निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय संभागीय कार्यालय ग्वालियर होगा। बता दे कि इंदरगढ़ में तालाब का निर्माण कराया जा रहा था। सुरक्षा उपायों में लापरवाही बरतते हुए निर्माण कार्य के दौरान रेलिंग व बेरिगेटिंग की व्यवस्था नहीं गई।

**प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई के माध्यम से विश्व में व्यापार के एक नए द्वार को खोलने का किया है कार्य: सीएम**

# मुख्यमंत्री ने कहा... दुबई यात्रा विकास यात्रा की एक मजबूत नींव

**13 से 15 जुलाई के दौरान दुबई प्रवास में व्यापारिक बैठकों और निवेश संवाद कार्यक्रमों में शामिल हुए डॉ. यादव**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 से 15 जुलाई के दौरान अपने दुबई प्रवास के दौरान विभिन्न व्यापारिक बैठकों और निवेश संवाद कार्यक्रमों में शामिल हुए। दौरे के समापन पर मुख्यमंत्री ने दुबई से एक विशेष संदेश जारी कर इस यात्रा को विकास यात्रा की एक मजबूत 'नींव' बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुबई के माध्यम से विश्व में व्यापार के एक नए द्वार को खोलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार की ओर से इस 'विकास यात्रा' को इस भावना के साथ डिजाइन किया गया है कि यह राज्य के आर्थिक विकास और वैश्विक साझेदारियों के लिए एक मजबूत आधार बने।

**वैश्विक साझेदारी का आधार बनेगी यात्रा**




### वैश्विक व्यापार केंद्र को लेकर सहमति बनी

मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान दुबई स्थित डीपी वर्ल्ड, जाएफजा (जेबेल अली फ्री जोन), भारतीय उद्यमियों और निवेशकों के साथ कई रणनीतिक बैठकों का आयोजन हुआ, जिसमें भारत मार्ट जैसे महत्वाकांक्षी वैश्विक व्यापार केंद्र को लेकर सहमति भी बनी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेल, युवा सशक्तिकरण और निवेश सहयोग पर केंद्रित संवाद किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पेन यात्रा के पहले दिन की शुरूआत मैड्रिड स्थित विश्व प्रसिद्ध ला लीगा मुख्यालय के भ्रमण से की और वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर खेल, युवा सशक्तिकरण और निवेश सहयोग पर केंद्रित संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सिर्फ एक औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि खेल के क्षेत्र में नवाचार, सामाजिक समावेशन और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की दिशा में प्रदेश के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ला लीगा के पदाधिकारी और तकनीकी निदेशकों के समक्ष प्रस्ताव रखा कि मध्यप्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर फुटबॉल एक्सीलेंस सेंटर, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और स्पेनिश कोचिंग आधारित यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रारंभ किए जाएं।

**युवाओं के लिए ट्रेनिंग तकनीकी सहयोग**

*ला लीगा स्पेन की प्रमुख पेशेवर फुटबॉल लीग, न केवल स्पोर्टिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर युवाओं के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और ब्रांड विस्तार का भी एक प्रभावशाली मंच है। भारत में ला लीगा की सक्रियता, विशेषकर ला लीगा जैसी पहल, यह दर्शाती हैं कि स्पेनिश फुटबॉल का भारतीय युवाओं से गहरा संबंध बन चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की यह यात्रा, वैश्विक खेल नेटवर्क से जुड़कर प्रदेश में निवेश, युवाओं के कौशल विकास और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में दूरदर्शी पहल मानी जा रही है।*

# पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए शुरू होगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सेचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्रवाई पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया कि अभियान के बेहतर संचालन के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। प्रदेश में लगभग 5 लाख किसानों ने ई-केवाईसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिए इनेवल करने की कार्रवाई कर ली गई है।

**एक जिला-एक उत्पाद**

## मध्यप्रदेश को मिला रजत पदक, मप्र के उत्पादों को मिला वैश्विक बाजार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजारों में उपस्थिति दर्ज हो रही है।

मप्र ने अपनी विशिष्टता और योजनाओं के उत्कृष्ट क्रियान्वयन का प्रमाण प्रस्तुत करते हुए एक जिला-एक उत्पाद पुरस्कार 2024 में राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश श्रेणी में रजत पुरस्कार प्राप्त किया। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एक भव्य समारोह में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पुरस्कार प्रदान किया।

यह पुरस्कार राज्य में एक जिला-एक उत्पाद योजना के प्रभावशाली क्रियान्वयन, स्थानीय उत्पादों के ब्रांड निर्माण, रोजगार सृजन, और ग्रामीण व शहरी उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मप्र उद्योग विभाग, वाणिज्य एवं निवेश प्रोत्साहन नीति विभाग की उप सचिव रूही खान ने प्राप्त किया।

### प्रदेश अब लोकल से ग्लोबल की ओर

एक जिला-एक उत्पाद योजना में मप्र के उत्पादों को वैश्विक बाजार मिल रहा है। प्रदेश स्थानीय से ग्लोबल की ओर बढ़ रहा है। स्थानीय स्तर पर निर्यातकों का बड़ा समूह तैयार हो रहा है। उत्पादों की मांग बढ़ी है। कारीगरों और निर्माताओं के जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है।

**स्थानीय कलाकारों और उत्पादों को विशेष प्रोत्साहनः** सभी जिलों में ओडीओपी योजना संचालित है, जिनमें हरी सब्जी, मोटे अनाज, क्राफ्टकला हथकरघा, हस्तशिल्प, उपकरण शामिल है। स्थानीय कलाकारों और उत्पादों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

**यूजीसी की ओर से एक बड़ा फैसला**

## डबल डिग्री का टेंशन खत्म, अब एक साथ कर सकते हैं दो कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

कई वर्षों से बिलासपुर के छात्र जो एक साथ दो डिग्री लेकर भी संशय में थे, उनके लिए यूजीसी का नया फरमान यूजीसी डबल डिग्री रुल्स राहत लेकर आया है। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से जुड़े कई ऐसे छात्र हैं, जिन्होंने 2022 से पहले अनुमति लेकर डबल डिग्री पूरी की। बता दें कि पहले यूजीसी के पुराने आदेश में इन्हें अवैध माना गया था, लेकिन अब यूजीसी ने अपनी गाइडलाइन बदल दी है और स्पष्ट कर दिया कि ऐसे सभी डिग्री कोर्स अब पूरी तरह मान्य होंगे। यूजीसी ने अपनी नई बैठक में 2022 से पहले भी विधिवत अनुमति लेकर एक साथ संचालित किए गए डिग्री कोर्सों को मान्यता देने का निर्णय लिया है।

**इन छात्रों को मिलेगा लाभ**

*इस निर्णय से बिलासपुर के विश्वविद्यालयों के वे छात्र सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे, जिन्होंने बीए, बीएससी या अन्य स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एक साथ किए थे। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में भी इस निर्णय से बड़ी संख्या में छात्र लाभान्वित होंगे, जिन्होंने डबल डिग्री ले रखी होगी। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह बदलाव छात्रों की रोजगार व उच्च शिक्षा की राह आसान करेगा। अब उन्हें पहले की डिग्री में किसी कानूनी बाधा का डर नहीं रहेगा। यूजीसी के मुताबिक छात्र एक ही समय में दो फुल टाइम कोर्स फिजिकल मोड में नहीं कर सकते, यदि उनकी क्लास का समय एक जैसा हो। छात्र एक कोर्स रेगुलर और दूसरा दूरस्थ या आनलाइन मोड में कर सकते हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय या काउंसिल से पहले अनुमति जरूरी है।*

### यूजीसी ने साफ किया, नहीं होगी डिग्री रद्द

यह फैसला निस्संदेह छात्रों के भविष्य के लिए राहत भरा है। अंचल में कई छात्र नियमानुसार एक साथ दो कोर्स कर चुके हैं। पहले की गाइडलाइन से उनके मन में शंका थी कि डिग्री रद्द तो नहीं होगी। अब यूजीसी ने साफ कर दिया है कि यदि कोर्स विश्वविद्यालय की काउंसिल या आयोग से अनुमति लेकर चलाए गए थे तो सब वैध है।

## पहली पत्नी को तलाक दिए बिना किया दूसरा निकाह, शिकायत पर नप गए शिक्षक

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर ब्लॉक में एक शिक्षक को दूसरी शादी करना महंगा पड़ गया। शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे बर्खास्त कर दिया गया है। शिक्षक पर आरोप है कि उन्होंने बिना पहली पत्नी को तलाक दिए दूसरा निकाह कर लिया था। जानकारी के अनुसार, जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चांचीडांड के शिक्षक मोहम्मद मुमताज आलम अंसारी को बर्खास्त कर दिया गया है। आरोप है कि शिक्षक ने बिना तलाक लिए पहली पत्नी के रहते दूसरा निकाह किया। साथ ही पहली पत्नी के संबंध में फर्जी आरोप लगा कर गुमराह करने का प्रयास किया। बता दे कि निलंबन पश्चात विभागीय जांच संस्थित की गई थी। जांच में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया था। विभागीय जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर को जांचकर्ता अधिकारी तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया था।

**गैंग के तीन सदस्य गिरफ्तार**

# पुलिस के हत्थे चढ़ा सूने घर में चोरी करने वाला गैंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के कबीर नगर फेस-3 स्थित सूने मकान में ताला तोड़कर लाखों की चोरी करने वाले कुख्यात लल्ला गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गैंग का सरगना लल्ला उर्फ आकाश बंदे पहले ही हत्या के प्रयास, दुष्कर्म और चोरी जैसे संगीन अपराधों में वर्षों से फरार चल रहा था।

इस बार एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना कबीर नगर पुलिस की टीम ने उसे उसके दो साथियों के साथ दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में लल्ला के अलावा सोहेल वर्मा और किशोर शामिल हैं। आरोपियों से पुलिस ने 7.5 लाख रुपए का माल बरामद किया है, जिसमें 59 ग्राम सोने और एक किलो चांदी के गहने भी शामिल हैं।



### आरोपी की आपराधिक फेहरिस्त लंबी

आरोपी लल्ला गुढ़ियारी थाने में हत्या के प्रयास में जेल जा चुका है। थाना खमतराई व डीडी नगर में आधा दर्जन चोरी के मामलों में फरार है। बेमेतरा के थाना साजा थाने में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का आरोपी है।

### चोरी की वारदात बनी बड़ी चुनौती

29 जून को फेस-3 कबीर नगर निवासी अभिषेक शुक्ला परिवार सहित ससुराल गए हुए थे। 10 जुलाई को पड़ोसी ने फोन पर चोरी की सूचना दी। जब अभिषेक घर पहुंचे तो देखा कि मेन गेट टूटा हुआ है, अलमारी खुली और लाखों का माल गायब था। शुरुआती तौर पर सामान्य चोरी लगी, लेकिन जब जांच में लल्ला गैंग का नाम सामने आया, तो पुलिस ने विशेष सतर्कता के साथ मामले को लिया। इसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, पुराने अपराधियों की गतिविधियों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गुढ़ियारी निवासी लल्ला उर्फ आकाश तक पहुंच बनाई।

**बलरामपुर में दिल दहलाने वाली वारदात**

# तीन साल के बच्चे की बलि से हड़कंप, पुलिस ने खोजी खोपड़ी

अहरिभूमि न्यूज ▸▸ बिकापुर

बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र में तीन वर्षीय बालक की बलि दे दी गई। 15 माह पहले बालक अचानक लापता हो गया था। लगातार जांच के बाद पुलिस ने बलि देने वाले राजू कोरवा (40) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ग्राम पंचायत चटनिया के कटईडीह का रहने वाला है। अपने बच्चे की बीमारी ठीक हो जाने के अंधविश्वास में उसने बलि देना स्वीकार किया है। आरोपी के बताए अनुसार पुलिस ने बालक की खोपड़ी बरामद की है। शरीर के हिस्से को आरोपी ने जला दिया था।



### पत्नी और बच्चों के साथ जंगल गया था पिता

सामरी थाना क्षेत्र के ग्राम सबाग सुलुंगडीह निवासी बिरेन्द्र नगेसिया (24) बीते 29 मार्च 2024 को पत्नी और बच्चों के साथ महुआ फूल उठाने झलबासा जंगल गया था। वहीं पर झाला बनाकर वह निवास कर रहा था। यहीं से एक अप्रैल की सुबह उसका तीन वर्षीय पुत्र अजय नगेशिया लापता हो गया था। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण पंजीकृत कर छानबीन शुरू की थी। विवेचना के दौरान संदेही के रूप में राजू कोरवा का नाम सामने आया था। राजू कोरवा झाड़ फूंक किया करता है। उसके पास लापता बालक के स्वजन गए थे। तब उसने बोला था कि बड़ा पूजा करना पड़ेगी, तब बालक मिलेगा।

### सख्ती से पूछताछ करने पर कबूला जुर्म

*इसकी जानकारी पुलिस को मिलने पर संदेही राजू से पूछताछ किया गया। पहली बार उसने पुलिस को गुमराह किया कि नशे की हालत में होने के कारण ऐसा बोल दिया था। तब उसे छोड़ दिया गया था, लेकिन उसकी गतिविधियां संदिग्ध थीं। पुलिस द्वारा मुखबिर एवं गांव में लगातार लोगों के बीच रहकर सूचना संकलन किया जा रहा था। इसी बीच राजू कोरवा को लेकर पुलिस को इनपुट्स मिला। इस बार उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो वह टूट गया। उसने बलि देना स्वीकार कर लिया।*

### बचपन से ही कमजोर था आरोपी का बच्चा

*आरोपी ने बताया कि मेरा बड़ा लड़का बचपन से ही मिर्गी बीमारी एवं मानसिक रूप से कमजोर है। उसे विश्वास था कि देवता को बच्चे की बलि देने पर उसका बेटा ठीक हो जाएगा। घटना दिनांक को बालक अजय नगेसिय अकेला दिखा, जिसे मिठाई बिस्किट का लालच देकर और बहला फुसलाकर गोद में उठाकर अपने घर ले गया। उसी दिन चाकू से बालक के गर्दन को काटकर हत्या कर दी और शरीर के हिस्से को बोरा में भरकर बोड़ादह कोना नाला में ले जाकर उसी रात जला दिया तथा उसके सिर को तीन दिन तक अपने घर में छिपाकर रखा था। जब बालक के स्वजन, बच्चे को खोजने लगे तब उसने बच्चे के सिर को कपड़ा में लपेटकर बोड़दहा नाला के पास ले जाकर गड्ढा खोदकर दफन कर दिया और ऊपर से मिटटी पाटकर चार-पांच पत्थर ऊपर में रख दिया था। तहसीलदार सामरी की उपस्थिति में कब्र खोदकर बालक के सिर के हिस्से को बरामद किया गया। खोपड़ीनुमा हड्डी के अवशेष व घटना में प्रयुक्त चाकू को जब्त किया गया है।*

## चोर ने एटीएम से चोरी किए पैसे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। चोर ने एटीएम में काली पट्टी लगाकर 6 लोगों के खाते से 78 हजार 900 रुपए चुरा लिए। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पुलिस को उसी एटीएम में लेकर पहुंची जिसमें उसने चोरी की थी। चोर ने पुलिस के सामने काली पट्टी लगाकर बताया कि उसने पैसे कैसे चुराए। दरअसल, पूरा मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है। पुलिस के सामने चोर ने अपनी चोरी का लाइव डेमो दिया। जिसे देखकर पुलिस भी हैरान हो गई। आरोपी ने 6 लोगों के एटीएम से पैसे निकाल लिए। जिन 6 लोगों के एटीएम से पैसे निकाल गए, उन्होंने टाटीबंध की शाखा में ब्रांच मैनेजर से शिकायत की। उन्होंने बताया कि हमारे अकाउंट से पैसे कट गए लेकिन पैसे बाहर नहीं आए। इसकी शिकायत पुलिस से की गई फिर पुलिस एटीएम में पहुंची।

## ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने रचा इतिहास, हर भारतवासी के लिए गौरवपूर्ण क्षण : खंडेलवाल

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नासा के एक्सिओम मिशन-4 पर गए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन से सकुशल लौटने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने नया इतिहास रचा है। यह हर भारतवासी के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की यह अद्वितीय उपलब्धि भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ऐतिहासिक मिशन पूरा कर भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला धरती पर सफलतापूर्वक लौट आए हैं। ये केवल शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से धरती पर सफल वापसी ही नहीं बल्कि भारत के विज्ञान और संकल्प की एक नई विजयगाथा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'नया भारत' तेजी से 'अंतरिक्ष महाशक्ति' बनने की दिशा में अग्रसर है।

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**महेंद्रगढ़**
(नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय)

**सीयूईटी 2025 के अंतर्गत स्नातक (यूजी) कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ**
**शैक्षणिक सत्र: 2025–26**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी (यूजी) –2025 परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म आमंत्रित करता है:

| स्नातक (यूजी) कार्यक्रम | | | |
|---|---|---|---|
| बी.वॉक. | • रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट<br>• बायोमेडिकल साइंसेज<br>• इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट | इंटीग्रेटेड कार्यक्रम | • बी.एससी. एम.एससी. इन केमेस्ट्री<br>• बी.एससी.एम.एससी. इन मैथेमेटिक्स<br>• बी.एससी. एम.एससी. इन फिजिक्स |
| • बी.एससी. (ऑनर्स) इन साइकलॉजी | | | |

**महत्त्वपूर्ण तिथि**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 22 जुलाई, 2025 |
| पंजीकरण लिंक | https://cuhcuet.samarth.edu.in/ |

विस्तृत विवरण के लिए www.cuh.ac.in देखें। कुलसचिव (प्रभारी)

## चिंतन

# कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

भारतीय कृषि क्षेत्र अभी भी अनेक संकटों के दौर से गुजर रहा है। केंद्र में वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी की राजग सरकार आने के बाद से कृषि क्षेत्र की कायापलट के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई, किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुनी करने करने का संकल्प लिया गया। इसके बावजूद न ही कृषि क्षेत्र की कायापलट हो सकी, न ही कृषि लाभकारी बन सकी और न ही किसानों की आय दोगुनी हो सकी। करीब एक वर्ष से अधिक समय तक तीन कृषि कानूनों की वापसी के लिए किसान आंदोलन चला, दबाव में सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए। उसके बाद से कृषि क्षेत्र सुस्त गति से बढ़ रहा है। जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान भी 35 फीसदी से घट कर 14 फीसदी के करीब आ गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र की विकास दर 3.8 फीसदी रही, जबकि दरकार पांच फीसदी से अधिक की है। मानव कार्यबल के करीब 50 फीसदी श्रम कृषि क्षेत्र में कार्यशील हैं, इसके बावजूद यह क्षेत्र संकटग्रस्त है। देश में कृषि क्षेत्र कई समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें जलवायु परिवर्तन, भूमि की उर्वरता में कमी, सिंचाई की कमी और छोटे व खंडित जोत शामिल हैं। वहीं, विपणन और भंडारण सुविधाओं की कमी, मशीनीकरण का खराब उपयोग, और ऋण उपलब्धता भी महत्वपूर्ण समस्याएं हैं। कृषि क्षेत्र को गति देने के लिए सरकार ने पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे, 100 कम कृषि उत्पादन वाले जिलों को शामिल किया जाएगा। इनमें हर राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश से कम से कम एक जिला जरूर कवर होगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 फरवरी को आए केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की गई थी। इसमें 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत किया जाएगा। साथ में राज्य की योजनाएं और निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जोड़ी जाएगी। योजना 2025-26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक चलेगी। इस स्कीम में 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इस योजना का मकसद चयनित जिलों में ज्यादा उत्पादन, फसल विविधता, टिकाऊ खेती, आधुनिक भंडारण और हर किसान को किफायती कर्ज देना है। यह योजना देश में केवल कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों पर ही फोकस करेगी। पीएम धन-धान्य कृषि योजना में किसानों को गेहूं-धान के बजाय दूसरी फसलों और टिकाऊ कृषि तरीकों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कटाई के बाद उपज के सुरक्षित भंडारण के लिए पंचायत-स्तर और ब्लॉक-स्तर पर गोदाम, कोल्ड स्टोरेज और वैल्यू एडिशन यूनिट्स बनाई जाएंगी। हर किसान तक लंबी और छोटी अवधि का सस्ता कर्ज और सिंचाई सुविधाएं पहुंचेंगी। मिट्टी-पानी संरक्षण, जैविक खेती और जल की बचत पर खास फोकस होगा, जिससे किसान के खर्च घटे और आमदनी बढ़े। प्लानिंग और मॉनिटरिंग के लिए हर जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों को जोड़कर समिति बनाई जाएगी। हर जिले का अपना 'डिस्ट्रिक्ट एग्रीकल्चर एंड अलाइड एक्टिविटीज प्लान तैयार होगा, उसमें स्थानीय जरूरत और ताकत के हिसाब से फसल, सिंचाई, भंडारण आदि की रणनीति तय होगी। यह योजना जमीन पर कितनी उतरेगी और कृषि क्षेत्र के विकास में किस प्रकार योगदान करेगी, अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा, लेकिन अतीत की अधिकांश कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनेक अनियमितताएं व लूपहोल्स देखे गए हैं। सरकार को सतर्क रहना होगा।

# बेहतरी की ओर बढ़ते भारत के कदम



**समानता रिपोर्ट**
उमेश चतुर्वेदी

विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है।

इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है।

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया। गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी। विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। इनके जरिए ग्रामीण और



शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है।

विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011-12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022-23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है। भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। जिस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज़्यादा लोगों के पास जन धन खाते थे। इनके जरिए ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहुंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इससे कवर परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके दायरे में देश भर के 32,000 से अस्पताल शामिल हैं।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के पहले हफ्ते तक इस योजना के तहत पूरे देश में 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके तहत नव उद्यमियों को 62,807.46 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। एक तरह से इस योजना के जरिए वंचित समुदाय की आर्थिक तरक्की हो रही है। आर्थिक तरक्की की राह सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है। भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाए। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसद से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है, लेकिन ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार असमानता की ओर भी ध्यान देना होगा। तभी हम सही मायने में समतामूलक और समाजवादी समाज बन सकेंगे, क्योंकि समाजवाद का मतलब पूंजी का विकेंद्रण होता है, संकेंद्रण नहीं।


(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



भुवनेश्वर में राम मंदिर भगवान राम, उनकी पत्नी, देवी सीता और उनके प्यारे भाई, भगवान लक्ष्मण को समर्पित एक खूबसूरत मंदिर है। भगवान हनुमान, भगवान शिव और अन्य कई देवताओं समेत यह शानदार मंदिर है।

## आत्म ज्ञान क्या है



संकलित
**दर्शन**

एक इच्छा पूरी होती नहीं कि दूसरी खड़ी हो जाती है-जैसे हवाई अड्डे पर हवाई जहाज एक के बाद एक उड़ान भरते हैं। जब हम अपने मन की इस प्रवृत्ति पर ध्यान करते हैं, तभी एक गहरा प्रश्न उभरता है-जीवन का उद्देश्य क्या है? यह प्रश्न उठना ही मनुष्य होने का चिन्ह है। हम दूसरों से पूछते हैं, तुम क्या कर रहे हो? कभी-कभी स्वयं से भी पूछना चाहिए, मैं क्या कर रहा हूँ? यह प्रश्न स्वयं में ही एक साधना है। इसका उत्तर ढूँढ़ने की जल्दी मत करो। यह प्रश्न तुम्हें भीतर की गहराई में ले जाएगा। किताबें पढ़कर या केवल कुछ क्रियाएँ करके जवाब नहीं मिलते, बल्कि यह प्रश्न ही तुम्हें तुम्हारी आत्मा के करीब ले जाएगा। तो आत्मज्ञान क्या है? यह जीवन को गहराई से जीना है- ऐसी अवस्था जिसमें कोई भी परिस्थिति तुम्हें तनाव नहीं दे सकती। बल्कि तुम परिस्थितियों को प्रभावित कर सकते हो। अगर तुम्हारी मुस्कान हृदय की गहराई से आए, तो वही आत्मज्ञान है। हम सब मुस्कुराते हैं, लेकिन अंदर की मुस्कान से संपर्क टूट गया है। जब तुम उस भीतर की मुस्कान से जुड़ते हो, सरल हो जाते हो, निष्कलुष हो जाते हो, यही आत्मज्ञान है। आत्मज्ञान कोई उपलब्धि नहीं है। बल्कि अज्ञान को हटाना उपलब्धि है, तनाव और बोझ को छोड़ देना उपलब्धि है। क्योंकि हमारा मूल स्वभाव ही आत्मज्ञान है। इसलिए मानवीय और दैवीय दो अलग-अलग वस्तुएं नहीं हैं। मानव शरीर उस फल का छिलका है, और भीतर की मिठास ही दिव्यता है। और उस पर चढ़ा हुआ प्लास्टिक कवर तनाव है। *-श्रीश्री रविशंकर*

## कोयल-अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

**संस्कृति**
डॉ. रमेश ठाकुर



# मत्तूरु गांव में 600 वर्षों से बोली जा रही है 'संस्कृत'

एकाध दशकों से पश्चिमी भाषा इस कदर हावी हुई है जिससे हमने अपनी पारंपरिक भाषाओं और सभ्यताओं को पीछे छोड़ दिया है, इसमें 'संस्कृत भाषा' अव्वल स्थान पर है। कड़वी सच्चाई ये है कि समूचे भारत में मात्र एक प्रतिशत भी संस्कृत का प्रचार-प्रसार, बोलचाल और पठन-पाठन नहीं बचा? ऐसे में संस्कृत से जुड़ी एक सुखद खबर मन को खुशी देती है। खबर है कि देश में आज भी एक गांव ऐसा है जहां चौबीसों घंटे सिर्फ संस्कृत ही बोली और पढ़ी जाती है। 'मत्तूरु' गांव में पिछले छह सौ वर्षों से संस्कृत जिंदा है। वहां के लोग दैनिक बातचीत में नियमित संस्कृत का प्रयोग करते हैं। संस्कृत भाषा की जो परंपरा सदियों पहले हुआ करती थी, उस गांव में अब भी यथावत है। भारत के राज्यों में एकाध गांव और भी हैं जहां संस्कृति बोली जाती है, लेकिन इस गांव में शत-प्रतिशत संस्कृत का प्रयोग होता है। 'मत्तूरु' गांव कर्नाटक से करीब 300 किलोमीटर दूर 'तुंग नदी' के समीप बसा है जिसे देश के अंतिम 'संस्कृत भाषी' गांव की उपाधि हासिल है। गांव में रहने वाले प्रत्येक शख्स को संस्कृत बोलनी, लिखनी और पढ़नी अच्छे से आती है। इस गांव में 16वीं शताब्दी से संस्कृत बोली जाती है। किसानों से लेकर नौकरीपेशा भी संस्कृत में बात करते हैं। इस अनोखे गांव का आकर्षण ऐसा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर राजीव गांधी, इंदिरा गांधी व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम भी भ्रमण कर चुके हैं। साल भर देश-विदेश के लोग गांव का विजिट करते हैं। ताज्जुब करने वाली बात ये है कि गांव में बाहरी लोगों के लिए कोई होटल या रेस्त्रा नहीं है। अतिथियों का गांववासी अपने यहां खाना और रुकने की व्यवस्थाएं निःशुल्क करते हैं। संस्कृत प्रेमी जब पहुंचते हैं तो गांव वाले उन्हें पानी और गुड देकर स्वागत करते हैं। संस्कृत के अलावा वहां हिंदी या अंग्रेजी में गांव के लोग एक शब्द भी नहीं बोलते। निश्चित रूप से अंग्रेजी और अन्य देशी-विदेशी भाषाओं ने संस्कृत को पीछे धकेला हो, लेकिन 'मत्तूरु' गांव आज भी संस्कृत की संस्कृति को सहेजे हुए है। भारतीय अपनी देशी भाषाओं को छोड़ बाहरी भाषाओं को अधिक व्यावहारिक और उपयोगी मानने लगे हैं। लेकिन 'मत्तूरु' गांव में विभिन्न देशों के लोग संस्कृत सीखने लगातार पहुंच रहे हैं। 'भाषा एंव संस्कृति मंत्रालय' का ताजा आंकड़ा बताता है कि भारत में पिछड़ती भाषाओं को विदेशी लोग बड़े चाव से सीख रहे हैं। विदेश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में हिंदी और संस्कृत प्रमुखता से पढ़ाई जाने लगी है जिनके प्रोफेसर या विशेषज्ञ कोई भारतीय नहीं, बल्कि विदेशी ही हैं, जो हमारे यहां से सीखकर गए हैं। ये अपने आप में बड़ा मुद्दा है कि जिन भाषाओं को हम नकार रहे हैं उन्हें विदेशी अपना रहे हैं? इसके पीछे का लॉजिक हमें समझना होगा? भविष्य में हमारे लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है। क्योंकि भाषाओं के बल पर घुसपैठ होना कोई बड़ी बात नहीं? संस्कृत को "देवों की भाषा" कहा गया है। संस्कृत के गर्भ से ही संसार की ज्यातार भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। संस्कृत को भारत की सर्वाधिक पुरानी भाषाओं में गिना जाता है। इसलिए संस्कृत के संरक्षण और आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ इसे भी उतना ही महत्व दिए जाने की जरूरत है। संस्कृत की संस्कृति बचाने की दिशा में 'मत्तूरु' गांव हमारे लिए उदाहरण है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

**एआई का बढ़ता महत्त्व**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की। असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

*-रमेश प्रताप सिंह, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# इजराइल में लोगों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

यरुशलम के ऐतिहासिक जाफा गेट परिसर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाने के लिए करीब 200 योग प्रेमी मंगलवार शाम पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हालांकि 21 जून को मनाया जाता है लेकिन इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। यह योग सत्र यरूशलम नगर पालिका, इजराइल के विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास ने यरुशलम के बाहरी इलाके में आयोजित किया था।



इज़राइल में भारत के राजदूत जे पी सिंह ने कहा, ''इस समय इजराइल में योग का आयोजन बहुत ही सामयिक है क्योंकि लोग तनावग्रस्त हैं और चिंता का स्तर बहुत ज़्यादा है। योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। उन्होंने कहा, ''हालिया संघर्ष के कारण हम 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नहीं कर पाए लेकिन हम इजराइली विदेश मंत्रालय और यरुशलम नगर पालिका के सहयोग से आज ऐतिहासिक शहर यरुशलम में इसका आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लोगों के कल्याण के लिए हर दिन योग दिवस होना चाहिए। विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशिया ब्यूरो प्रमुख राजदूत सागी कर्णी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''हम जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## ऑफ बीट

# साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

## ट्रेंड

### कृषि को प्रोत्साहन



आज केंद्रीय कैबिनेट ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देशभर में 100 एग्री-डिस्ट्रिक्ट चयनित किए जाएँगे, जहाँ 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं का समन्वय कर वैज्ञानिक व आधुनिक कृषि को प्रोत्साहित किया जाएगा।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### सेंटर का उद्घाटन



आज मुंबई के बीकेसी में भारत में टेस्ला के पहले एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह केवल एक एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन नहीं है; यह एक शक्तिशाली संदेश है - टेस्ला यहाँ है, और इसने सही शहर और सही राज्य चुना है: मुंबई, महाराष्ट्र!

**-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री



असम का मुख्यमंत्री भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है - और, कुछ ही समय में कांग्रेस के बब्बर शेर उसे जेल पहुंचाएंगे। इसका डर उसकी आंखों में साफ दिख रहा है - क्योंकि उसे अब न मोदी बचा पाएंगे और न ही शाह!

**-राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

### यही किरदार है



एक साल में तीन फिल्में बनायीं और तीनों में अलग-अलग भूमिकाएँ। ऐसा प्रदर्शन जो सब से अलग, किरदार ; कहीं भी नहीं लगा कि ये अभिषेक बच्चन है, यही लगा कि यही किरदार है। मेरा हृदय से आशीर्वाद।

**-अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पंजाब के आरडीएफ और मंडी शुल्क का 9000 करोड़ बकाया तुरंत जारी करे केंद्र

## सीएम मान की मांग, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने आज ग्रामीण विकास कोष (आर.डी.एफ.) और मंडी शुल्क के रूप में पंजाब के हिस्से के 9000 करोड़ रुपए से अधिक के फंड को तुरंत जारी करने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से हस्तक्षेप की मांग की। मुख्य मंत्री ने बुधवार शाम यहां श्री जोशी के साथ उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। मुख्य मंत्री ने खरीफ 2021-22 से ग्रामीण विकास कोष का भुगतान न होने और खरीफ सीजन 2022-23 से मंडी शुल्क के कम भुगतान का मुद्दा उठाया। मुख्य मंत्री ने बताया कि इस फंड का उद्देश्य कृषि और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है, जिसके तहत ग्रामीण संपर्क सड़कों, मंडियों के बुनियादी ढांचे, मंडियों में भंडारण क्षमता बढ़ाने और मंडियों के मशीनीकरण के लिए फंड खर्च किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार पंजाब ग्रामीण विकास अधिनियम-1987 में आवश्यक संशोधन भी कर लिया था, फिर भी सावनी 2021-22 से राज्य सरकार को आर.डी.एफ. नहीं मिला। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 7737.27 करोड़ रुपए का आरडीएफ और 1836.62 करोड़ रुपए का मंडी शुल्क केंद्र सरकार के पास लंबित है।



मुख्य मंत्री ने कहा कि इन फंड्स के जारी न होने के कारण राज्य गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है, जिससे ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास और रखरखाव के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मंडी बोर्ड/ग्रामीण विकास बोर्ड अपने कर्जों/देनदारियों का भुगतान करने, मौजूदा ग्रामीण बुनियादी ढांचे की मरम्मत/रखरखाव करने और समग्र ग्रामीण विकास के लिए नया बुनियादी ढांचा स्थापित करने में सक्षम नहीं है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, भगवंत सिंह मान ने केंद्रीय मंत्री से अधिक जनहित में राज्य को बकाया फंड जल्द से जल्द जारी करने की अपील की। मुख्य मंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जोर देकर कहा कि पिछले दो वर्षों से प्रांत में ढके हुए भंडारण स्थानों की निरंतर कमी है। उन्होंने कहा कि खरीफ मंडीकरण सीजन 2023-24 के दौरान मिलिंग वाले चावल के लिए जगह की कमी के कारण डिलीवरी की अवधि 30 सितंबर, 2024 तक बढ़ानी पड़ी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पिछले खरीफ सीजन के दौरान मिलों में बहुत हंगामा हुआ था और शुरू में मिलर धान उठाने और भंडारण करने से हिचक रहे थे, लेकिन इस मुद्दे को राज्य और केंद्र सरकार ने संयुक्त रूप से हल कर लिया था। मुख्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान खरीफ मंडीकरण सीजन 2024-25 में भी एफसीआई को दिए जाने वाले 117 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) चावल में से 30 जून, 2025 तक केवल 102 लाख मीट्रिक टन चावल की डिलीवरी दी जा चुकी है, जबकि 15 लाख मीट्रिक टन की डिलीवरी अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 महीनों में औसतन 6.67 एल.एम.टी. की दर से केवल 80 एलएमटी चावल ही राज्य से उठाए गए या बाहर भेजे गए हैं। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि एफसीआई ने जून, 2025 के महीने के लिए पंजाब से 14 एलएमटी चावल की ढुलाई की योजना बनाई थी, लेकिन वास्तव में केवल 8.5 एलएमटी चावल का ही निपटान हुआ है। इसके अनुसार, मुख्य मंत्री ने कहा कि जुलाई, 2025 में कम से कम 15 लाख मीट्रिक टन चावल की ढुलाई की आवश्यकता है ताकि 31 जुलाई, 2025 तक मिलिंग पूरी की जा सके। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को आगाह किया कि यदि खरीफ मंडीकरण सीजन 2024-25 के चावल की डिलीवरी जुलाई महीने के भीतर पूरी नहीं होती है, तो इससे मिलों में फिर से असंतोष पैदा हो सकता है, जिसके कारण खरीफ सीजन 2025-26 में धान की खरीद के दौरान और भी बड़ी चुनौती उत्पन्न हो सकती है, क्योंकि धान की खरीद 1 अक्टूबर, 2025 से शुरू होने वाली है। उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए, मुख्य मंत्री ने जुलाई, 2025 में कम से कम 15 लाख मीट्रिक टन चावल की ढुलाई करने की अपील की ताकि 31 जुलाई, 2025 तक मिलिंग पूरी हो सके और आगामी सीजन में धान की सुचारू खरीद सुनिश्चित की जा सके। देश भर में अनाज गोदामों के भरे होने का जिक्र करते हुए मुख्य मंत्री ने केंद्रीय मंत्री से उचित कीमतों पर बायो-इथेनॉल निर्माण इकाइयों को चावल का वितरण, ओएमएसएस के तहत उदार लिफ्टिंग, चावल का निर्यात और अन्य उपाय जारी रखने की अपील की। इसके अलावा, भगवंत सिंह मान ने कहा कि वर्तमान सावनी सीजन 2024-25 के अंत में राज्य लगभग 145-150 लाख मीट्रिक टन चावल का भंडारण करेगा, इसलिए आगामी सावनी सीजन 2026-27 में अतिरिक्त 120 लाख मीट्रिक टन चावल के भंडारण की व्यवस्था के लिए प्रांत को कम से कम 10-12 लाख मीट्रिक टन चावल की नियमित ढुलाई आवंटित की जानी चाहिए ताकि दिसंबर, 2025 में शुरू होने वाली चावल की प्राप्ति के लिए प्रांत में कम से कम 40 लाख मीट्रिक टन जगह उपलब्ध हो।

---

## खबर संक्षेप

### श्री हरिमंदिर साहिब को उड़ाने की धमकी

**अमृतसर।** यहां श्री हरिमंदिर साहिब को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल आया है। लगातार तीसरे दिन ऐसी धमकी आई है। यह ईमेल एसजीपीसी के प्रबंधकों को भेजा गया है।



इसके बाद श्री हरिमंदिर साहिब परिसर और उसके आसपास पुलिस की ओर से सुरक्षा को पहले से और ज्यादा बढ़ा दिया गया है। अर्धसैनिक बल भी तैनात हैं।

### अब पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

**पटना।** एयरपोर्ट पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया।




उन्होंने फौरन गो-अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे पर सवाल खड़ा कर दिया है।

### सीकर में 9 साल की बच्ची को कार्डियक अरेस्ट

**सीकर।** युवाओं और बच्चों में हार्ट अटैक से मौतों की संख्या बढ़ रही है। ताजा मामला सीकर के दातारामगढ़ का है, जहां मात्र 9 साल की बच्ची के हार्टअटैक आ गया। बच्ची के अटैक स्कूल में इंटरवल के दौरान आया। उसकी मौत हो गई।



मृतक बच्ची प्राची कुमावत पुत्री पप्पू कुमार निवासी भोमियाजी की ढाणी की निवासी थी। आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ती थी।

### चौटाला को जान से मारने की धमकी

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रमुख अभय सिंह चौटाला को अज्ञात शख्स ने जान से मारने की धमकी दी है। धमकी देने वाले शख्स ने कहा है कि वे उनके रास्ते से दूर हट जाएं या फिर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।



चौटाला को धमकी बेटे करण चौटाला के ज़रिए वॉइस मैसेज के ज़रिए मिली है। उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

### महागठबंधन में ओवैसी के शामिल होने पर बैन

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गठजोड़ बनाने का सिलसिला जारी है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी लंबे समय से इस कोशिश में थी कि वह बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई वाले महागठबंधन का हिस्सा बन जाए, लेकिन वह नाकामयाबरही। खबर है कि राजद और कांग्रेस ने उनको शामिल करने से मना कर दिया है।



---

### असम के चायगांव में कांग्रेस की बैठक में बोले नेता प्रतिपक्ष


# राहुल ने कहा- हम मुख्यमंत्री को भेजेंगे जेल सरमा ने कहा- राहुल तो खुद जमानत पर हैं

## राहुल ने चुनाव के मद्देनजर भाजपा और आरएसएस पर साधा निशाना

एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा खुद को 'राजा' समझते हैं, लेकिन राज्य की जनता भ्रष्टाचार के लिए उन्हें जेल में पहुंचा देगी। असम के चायगांव में कांग्रेस की एक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि सरमा और उनके परिवार को भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि आपके मुख्यमंत्री में भय व्याप्त है, वह जानते हैं कि निडर कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें जेल में डाल देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग और भाजपा एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची संशोधन के जरिए 'धांधली' करके महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीता है। गांधी ने कहा कि वे बिहार में भी यही हथकंडे अपना रहे हैं।

*असम में भी महाराष्ट्र का हथकंडा अपना रही भाजपा*



### चुनाव में हम प्रचंड जीत हासिल करेंगे

राहुल ने कहा कि कांग्रेस अगले साल असम में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। आरएसएस की नफरत और हिंसा बनाम कांग्रेस का सत्य और अहिंसा। राहुलने दावा किया कि अब दो हिंदुस्तान हैं एक उन चंद अरबपतियों का जो भव्य शादियां करते हैं, दूसरा उन आम लोगों का जो कर के बोझ तले दबे हुए हैं।

### मीडिया वाले हमारे दोस्त नहीं: राहुल

छायगांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मैंने मीडिया वालों को अपना दोस्त कहा था। मैंने कहा था 'मीडिया के हमारे मित्र', लेकिन वो हमारे दोस्त नहीं हैं। क्योंकि आजकल उन्हें सच दिखाने की आदत नहीं रही। अंबानी, अडानी या आपके मुख्यमंत्री जो भी कहते हैं, वो 24 घंटे दिखाते हैं। वो पीएम मोदी, अमित शाह का चेहरा दिखाते हैं, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हिमंत को निश्चित ही जेल भेजा जाएगा, यही कहने को यहां आए हैं।

### खरगे-राहुल ने लिखी पीएम को चिट्ठी



### जम्मू-कश्मीर को दें पूर्ण राज्य का दर्जा

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संसद के आगामी मॉनसून सत्र में विधेयक लाया जाए।

### सरमा ने कहा- यही कहने के लिए यहां आए



### असम के आतिथ्य का आनंद लीजिए

सरमा ने दावा किया कि राहुल ने कहा है कि मुझे जेल भेजा जाएगा। राहुल भूल गए कि वे दर्ज कई आपराधिक मामलों में जमानत पर हैं। सीएम ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, लिखित में ले लीजिए, सरमा को जेल भेजा जाएगा। सरमा ने कहा कि वे यही कहने को आए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल जी, शुभकामनाएं। दिन में यहां के आतिथ्य का आनंद लीजिए।

**संगठन को मजबूत करने और चुनौतियों पर चर्चा की:** गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए राज्य में पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा।

### असम के मंत्री का राहुल पर हमला

### असमिया गमोसा पहनने से इनकार कर परंपरा का आपमान किया



असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने ट्वीट किया कि यह कोई छिपी बात नहीं है कि कांग्रेस असम की संस्कृति का सम्मान नहीं करती। राहुल ने पारंपरिक असमिया गमोसा पहनने से इनकार करके एक बार फिर इसे साबित कर दिया।

### आलोक का बड़ा वार, तो क्या इटली से मिलेंगे



### राहुल को विदेश नीति के बारे में कुछ नहीं पता, फिर भी सवाल उठा रहे

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों का अनादर करने के मामले में आदतन झूठा और अपराधी होने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि उन्हें विदेश नीति का 'एफ' नहीं पता है, लेकिन वह सवाल उठाते रहते हैं। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद चीन मुद्दे से निपटने के सरकार के तरीके पर कांग्रेस नेता के 'सर्कस' वाले कटाक्ष पर पलटवार किया। आलोक ने कहा कि जब हमारे विदेश मंत्री एससीओ की बैठक के लिए चीन जाएंगे तो वे चीन के विदेश मंत्री और राष्ट्रपति से नहीं मिलेंगे? इटली से मिलेंगे।

---

### रैली में ममता ने भाजपा पर साधा निशाना

# बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैए से मैं शर्मिंदा व निराश हूं



एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगल की सीएम ममता बेनर्जी ने बुधवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। यह रैली कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से शुरू होकर धर्मतला के दोरीना क्रॉसिंग तक गई, जिसमें टीएमसी महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इस रैली में शामिल हुए।

लगभग 3 किलोमीटर लंबे इस मार्च के लिए करीब 1,500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए और कई सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। उन्होंने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैए से मैं शर्मिंदा और निराश हूं। मैंने अब से ज्यादा बांग्ला में बोलने का फैसला किया है, अब इसके लिए अगर हो सके तो मुझे हिरासत शिविरों में बंद कर दो। टीएमसी ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी इसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

### भाजपा महाराष्ट्र में नाम काटकर जीती

ममता ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने मतदाता सूची से नाम हटवाए और अब वही तरीका बिहार में अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के लगभग 22 लाख प्रवासी मजदूर देश के अलग-अलग हिस्सों में काम कर रहे हैं। उनके पास सभी वैध पहचान पत्र हैं। इसके बावजूद उन्हें शक की नजर से देखा जाता है। मैं चुनौती देती हूं कि कोई यह साबित करके दिखाए कि बंगाली भाषी प्रवासी रोहिंग्या मुसलमान हैं। यह सिर्फ बंगालियों को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि बंगाल के लोगों के खिलाफ हो रहे इस तरह के रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु ने विधायकों के साथ मार्च निकाला

# बंगाल में मतदाता सूची को रोहिंग्या घुसपैठियों से मुक्त करें

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग से राज्य की मतदाता सूची को रोहिंग्या घुसपैठियों से मुक्त करने की मांग की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने भाजपा विधायकों के साथ विधानसभा से लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय तक मार्च निकाला और सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। अधिकारी ने आरोप लगाया कि बंगाल में फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र और वोटर आईडी (ईपीआईसी) कार्ड बनाने का गढ़ बन गया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को जनसंख्या संतुलन की चिंता नहीं, उन्हें सिर्फ वोटर लिस्ट की चिंता है।

उन्होंने कहा कि ममता सरकार रोहिंग्या की पहचान के चल रहे काम में बाधा डाल रही है, ताकि अपने वोट बैंक को सुरक्षित रख सके।भाजपा नेता अधिकारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लगभग सभी हिस्सों में रोहिंग्या मुसलमानों की मौजूदगी है। उन्होंने मांग की कि बिहार की तरह बंगाल में भी रोहिंग्या को वोटर लिस्ट से हटाया जाए और इसके लिए तत्काल घर-घर जाकर सर्वे कराया जाए। शुभेंदु अधिकारी ने मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की बात कही। साथ ही कहा कि सीईओ को राज्य और केंद्र सरकार के कम से कम 50 फीसद कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात करने चाहिए। अगले साल विधानसभा के चुनाव होने है। इसके लिए राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी अपने चरम पर है।

शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि जब बांग्लादेश के साथ 540 किलोमीटर लंबी सीमा से रोहिंग्या घुसपैठ करते हैं, तो राज्य सरकार बीएसएफ को जमीन क्यों नहीं देती? इससे सीमा की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। इसलिए यह कदम जरूरी है।

---

### विधानसभा के बाहर बवाल भीड़ पर दागे आंसू गैस गोले

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा विधानसभा के बाहर बुधवार सुबह भारी हंगामा देखने को मिला, जब आत्मदाह करने वाली छात्रा की मौत के विरोध में प्रदर्शन तेज हो गए। बालासोर में छात्रा ने यौन उत्पीड़न के आरोपी एक प्रोफेसर के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा ली थी। इस पर विपक्षी बीजद ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और बालासोर जिले में 8घंटे के बंद का भी आह्वान किया है। वे न्याय सुनिश्चित करने के लिए घटना की न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस को भीड़ को

---

*कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात, सिरसा में करोडों रुपए खर्च करके भी नहीं मिली जलभराव से मुक्ति*

# नायब सरकार की लापरवाही से प्रदेश के सभी शहरों में हो रहा जलभराव: सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा सरकार और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते मानसून की पहली ही बरसात में प्रदेश के लगभग सभी शहरों के साथ साथ सिरसा में जलभराव से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। शहर के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इस हालात से अमृत योजना और स्मार्ट सिटी योजना में भ्रष्टाचार और लापरवाही उजागर हो रही है साथ ही भाजपा सरकार का खोखला विकास मॉडल बरसात ने धोकर रख दिया है। सड़को में गड्ढे बन गए है कॉलोनियां झील बन गईं है, ऐसे हालात में आमजन का जीवन-यापन दूभर हो गया।



कुमारी सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि बारिश ने हरियाणा में भाजपा सरकार के तथाकथित विकास कार्यों की सच्चाई उजागर कर दी है। सिरसा जैसे शहर में सरकार ने अमृत योजना (अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन) के तहत लगभग 38.76 करोड़ रुपये की लागत से ड्रेनेज परियोजनाएं बनाई हैं, लेकिन हकीकत यह है कि पहली ही बारिश में सड़को पर गड्ढे बन गए, कॉलोनियां झील बन गईं, और आमजन का जीवन-यापन दूभर हो गया। सिरसा शहर में पाइपलाइनें कई बार बिछाई गईं लेकिन तकनीकी खामियों, घटिया निर्माण और खराब डिजाइन के कारण हर साल वही जलभराव दोहराया जाता है। सिरसा नगर परिषद ने करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद जलनिकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की है। इसी तरह की स्थिति गुरुग्राम, फरीदाबाद, करनाल, हिसार, रोहतक और पानीपत जैसे शहरों में भी देखने को मिलती है, जहाँ स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत करोड़ों की योजनाएं सिर्फ कागज़ों पर चल रही हैं और ज़मीन पर हालात जस के तस हैं। क्या मुख्यमंत्री और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री जनता को बताएंगे कि अमृत योजना और स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत हुए कार्यों का स्वतंत्र ऑडिट क्यों नहीं कराया गया? कितने ठेकेदारों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई?

---

### चुनाव आयोग का दावा, एक भी वाजिब मतदाता की नहीं होगी हकमारी

# तमाम विरोधाभासों के बीच बिहार के लगभग 89 फीसदी वोटरों ने 'एसआईआर' में की शिरकत, मतदाता सूची के शुद्धिकरण में किया 'होम', हायतौबा खत्म की

शिशिर सोनी ⏭ नई दिल्ली

तमाम विरोधाभासों के बीच चुनाव आयोग द्वारा बिहार में चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण में 88 फीसदी से ज्यादा मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा करा दिए। बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान ने महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। भारत निर्वाचन आयोग ने बुधवार को आंकड़े साझा करते हुए बताया कि बिहार में अब तक कुल 88.65 फीसदी वोटरों ने वो कमाल कर दिखाया जिसके लिए तमाम दलों के बीच हायतौबा मची हुई थी। सूत्रों ने बताया कि बिहार में पहले 2003 में इसी महीने में इसी मौसम में इसी बाढ वाली वीभिषिका के बीच पुनरीक्षण किया था ठीक उसी तर्ज पर बिहार के वोटरों ने इस बार भी मताधिकार के अपने हक के लिए आगे आये और औपचारिकतायें पूरी की। चुनाव आयोग ने बुधवार को एकबाार फिर जोर देकर कहा कि बिहार के एक भी जायज वोटर का हक नहीं मारा जाएगा, साथ ही आयोग द्वारा अपील किया गया कि किसी भी तरह की अफवाहों का हिस्सा न बनें। सूत्रों ने बताया कि बिहार में चुनाव आयोग का चल रहा अभियान दरअसल भविष्य में वोटरों के लिए ही लाभकारी साबित होगा जब केवल एक क्लिक पर संबंधित वोटर चुनाव आयोग की वेब साइट या मोबाइल एप पर अपनी दी गई जानकारी कभी भी चेक कर सकते हैं, उपयोग कर सकते हैं।

आयोग के सूत्रों ने माना कि बिहार के सीमांचल में बडे पैमाने पर विदेशी लोगों ने गैरवाजिब तरीके से मताधिकार प्राप्त कर लिया है। उन सभी को नागरिकता की कसौटी पर कसा जाएगा। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्यचुनाव आयोग ने 7.90 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं की सूची को 'शुद्ध' करने और इसे और अधिक सटीक बनाने के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया है। इसकी शुरुआत 24 जून को हुई थी, और इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में केवल पात्र नागरिक शामिल हों और कोई भी अपात्र व्यक्ति इसमें न रहे। इस अभियान का आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 है, जो चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और संशोधन करने का अधिकार देता है। योजना का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र मतदाताओं को शामिल करना, मृत, स्थानांतरित, या डुप्लिकेट मतदाताओं को हटाना, अवैध या अपात्र मतदाताओं को सूची से हटाना, विशेष रूप से गैर-नागरिकों को और मतदाता सूची की विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना प्रमुख है। इस काम के लिए चुनाव आयोग ने बिहार के 7 करोड 89 लाख 69 हजार 844 पंजीकृत मतदाताओं के पास सीधे पहुंचने के लिए एक लाख बीएलओ और चार लाख वोलंटियर्स की बडी टीम को झोंक रखा है।

### 30 सितंबर को सूची जारी होगी

एक अगस्त को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। 30 सितंबर अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। अक्टूबर-नवंबर में बिहार विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। जिन मतदाताओं ने अभी तक फॉर्म जमा नहीं किए, उनके लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, खासकर शहरी क्षेत्रों में। प्रवासी मतदाताओं के लिए व्हाट्सएप और अन्य ऑनलाइन से फॉर्म जमा करने की सुविधा है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची को शुद्ध और विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, दस्तावेजों की कमी, समय की तंगी, और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी जैसी चुनौतियों ने इसे विवादास्पद बना दिया है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई 28 जुलाई को होनी है, जहां आधार और राशन कार्ड जैसे दस्तावेजों को शामिल करने पर विचार होगा। आयोग ने आधार कार्ड, राशन कार्ड को ऐच्छिक माना है।

# इंडोनेशिया से डील की तरह होगा भारत के साथ ट्रेड समझौताः ट्रंप

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता इंडोनेशिया के साथ किए गए करार के अनुरूप होगा। अमेरिका-इंडोनेशिया व्यापार समझौते के तहत, दक्षिण-पूर्व एशियाई देश अमेरिकी उत्पादों को अपने बाजार में पूरी पहुंच प्रदान करेगा, जबकि इंडोनेशिया की वस्तुओं पर अमेरिका में 19 प्रतिशत शुल्क लगेगा। इसके अलावा, इंडोनेशिया ने अमेरिका से 15 अरब डॉलर की ऊर्जा खरीद, 4.5 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद और 50 बोइंग जेट खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। ट्रंप ने बाद में संवाददाताओं से कहा, ''भारत मूलतः उसी दिशा में काम कर रहा है। हमें भारत में प्रवेश मिलेगा। आपको समझना होगा कि इनमें से किसी भी देश में हमारी पहुंच नहीं थी। हमारे लोग वहां नहीं जा सकते थे और अब हमें वहां प्रवेश मिल रहा है। यही हम शुल्क के जरिये कर रहे हैं...।'' भारतीय दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर पांचवें दौर की वार्ता के लिए वाशिंगटन में है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने ट्रंप के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर भारत इस तरह के 'असंतुलित' समझौते को स्वीकार करता है, तो उसके घरेलू क्षेत्र, खासकर डेयरी और कृषि, शुल्क-मुक्त अमेरिकी वस्तुओं के संपर्क में आ सकते हैं, जबकि बदले में उसे बहुत कम लाभ होगा। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''पारस्परिक लाभ के बिना भारत के साथ एक खराब समझौता, किसी भी करार के न होने से भी बदतर हो सकता है... इसलिए भारत को पारदर्शी तरीके से बातचीत करनी चाहिए, एकतरफा नतीजों से बचना चाहिए और दीर्घकालिक आर्थिक हितों से समझौता करने वाले त्वरित, प्रतीकात्मक समझौतों के दबाव में नहीं आना चाहिए।''भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के दल की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण है ।

### अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ को हटाने की मांग

*भारत ने कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर अपना रुख कड़ा किया हुआ है। भारत ने अब तक डेयरी क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते में अपने किसी भी व्यापारिक साझेदार को शुल्क के स्तर पर कोई रियायत नहीं दी है। भारत इस अतिरिक्त शुल्क (26 प्रतिशत) को हटाने की मांग कर रहा है। वह स्टील और एल्युमीनियम (50 प्रतिशत) और वाहन (25 प्रतिशत) क्षेत्रों को शुल्क में ढील की भी मांग कर रहा है। भारत ने इसके खिलाफ विश्व व्यापार संगठन के मानदंडों के तहत जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल को भारत सहित कई देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा की थी। हालांकि, बाद में इसे 90 दिन के लिए नौ जुलाई और फिर एक अगस्त तक के लिए टाल दिया गया। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, वाहन, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों, शराब, पेट्रोरसायन उत्पादों और डेयरी समेत कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क में छूट चाहता है। दूसरी ओर, भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क में रियायत चाहता है।*

## खबर संक्षेप

### त्योहारी मौसम में 2.16 लाख अस्थाई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद

**मुंबई।** आगामी त्योहारी मौसम के दौरान देश भर में 2.16 लाख से अधिक अस्थायी नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। यह सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई। कार्यबल समाधान फर्म एडेको इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि त्योहारी मांग की पूर्ति के लिए अस्थायी एवं अंशकालिक रोजगार में उछाल आने का अनुमान खुदरा क्षेत्र, ई-कॉमर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, लॉजिस्टिक, आतिथ्य, यात्रा और दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) जैसे क्षेत्रों से प्रेरित है। एडेको इंडिया के निदेशक और जनरल स्टाफिंग प्रमुख दीपेश गुप्ता ने कहा, ''इस साल का त्योहारी मौसम एक तेज और अधिक संरचनात्मक मांग वक्र देख रहा है। हमने इस मांग को पहले ही पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से तैयारी की है।

### आईटीसी होटल्स का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 53 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईटीसी होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 53 प्रतिशत बढ़कर 133.71 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मुनाफे में यह वृद्धि आमदनी बढ़ने के कारण हुई। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 87.16 करोड़ रुपये रहा था।

### टेक महिंद्रा का जून तिमाही लाभ 33.9 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी टेक महिंद्रा का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 33.9 प्रतिशत बढ़कर 1,140.6 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 851.5 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की परिचालन आय 2.65 प्रतिशत बढ़कर 13,351.2 करोड़ रुपये हो गई। जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 13,005.5 करोड़ रुपये रही थी।

## आरबीआई गवर्नर ने कहा, देखो और इंतजार करो का रुख अपनाएगे

# आरबीआई ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है, स्थिति पर रखी जा रही नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- आरबीआई के लिए आर्थिक वृद्धि व मूल्य स्थिरता महत्वपूर्ण
- केंद्रीय बैंक फरवरी से अब तक रेपो दर में एक फीसदी कटौती कर चुका
- एमपीसी की अगली बैठक 4 से 6 अगस्त तक चलेगी

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में आगे किसी भी कटौती का फैसला लेने से पहले उभरती स्थिति पर नजर रखते हुए 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि और मूल्य स्थिरता दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ मानक रेपो दर में कटौती कर रही है। साथ ही इसने तटस्थ रुख अपनाया है। तटस्थ रुख का मतलब है कि रिजर्व बैंक जरूरत के मुताबिक प्रमुख ब्याज दर में घट-बढ़ कर सकता है। केंद्रीय बैंक फरवरी से अबतक रेपो दर में कुल मिलाकर एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है।

### मुद्रास्फीति के अनुमान पर आंतरिक आंकलन

मल्होत्रा ने एक टीवी चैनल दिए साक्षात्कार में कहा कि मुद्रास्फीति के अनुमान पर आंतरिक आकलन किया जा रहा है और उन्हें नहीं पता कि यह तीन प्रतिशत होगी या नहीं। इसका कारण ये आकलन अभी चल रहा है। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से अपना नवीनतम अनुमान जारी करेंगे और एमपीसी हमेशा की तरह, भविष्य के अनुमान को लेकर उभरती स्थिति को ध्यान में रखेगी। उसके आधार पर यह निर्णय लेगी कि अर्थव्यवस्था को वास्तव में किस प्रकार की नीतिगत दर की जरूरत है।

### अगली बैठक 4 अगस्त से

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक अगले महीने चार से छह अगस्त को होने वाली है। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा छह अगस्त को की जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती का असर अभी शुरुआती दौर में है। उनके पास अभी मई तक के आंकड़ें हैं।





### मेरे पास अभी मई तक के आंकड़े

मल्होत्रा ने कहा, ''जून में हमने 0.5 प्रतिशत तक की कटौती की थी। कुल एक प्रतिशत के मुकाबले अभी एक प्रतिशत तक पहुंचने में काफी समय है... अभी भी, मेरे पास जून के आंकड़े नहीं हैं। मई तक यह 0.24 प्रतिशत था। मेरा मानना है कि इसमें सुधार हुआ है, लेकिन हमें अभी काफी दूरी तय करनी है।'

### बैंक मूल्य स्थिरता पर ध्यान देता है

गवर्नर ने कहा, ''जैसा कि आप जानते हैं, हम मुख्य रूप से मूल्य स्थिरता पर ध्यान देते हैं। यही हमारा मुख्य कार्य है, हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। और फिर हम वृद्धि दर पर भी ध्यान देते हैं। दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि हम अभी किसी भी आंकड़े पर ज्यादा जोर दे रहे हैं।''

### मुद्रास्फीति कम होने पर रेपो दर में होगी कटौती

मल्होत्रा ने कहा, ''अगर मुद्रास्फीति कम है... या वृद्धि दर कम है, तो निश्चित रूप से नीतिगत दर में कटौती की जा सकती है, लेकिन हमें इस पर नजर रखनी होगी।'' गवर्नर के अनुसार, यह नहीं कहा जा सकता कि मुद्रास्फीति वृद्धि दर के आंकड़ों से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

# कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वर्ष 2027-28 तक बढ़कर सात प्रतिशत के पार होगी
- ईवी परिवेश में पिछले तीन साल में काफी प्रगति हुई

दुर्लभ खनिज तत्व (आरईई) की समस्या के समय पर समाधान और नए मॉडल की पेशकशों के साथ वित्त वर्ष 2027-28 तक कुल कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की हिस्सेदारी बढ़कर सात प्रतिशत से अधिक हो जाएगी।

रेटिंग एजेंसी केयरएज एडवाइजरी की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। यह वृद्धि देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार के प्रयासों पर भी निर्भर करेगी। भारत के इलेक्ट्रिक कार परिवेश में पिछले तीन साल में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। केयरएज एडवाइजरी एंड रिसर्च की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख तन्वी शाह ने कहा, "भारत में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 2027-28 तक सात प्रतिशत को पार कर जाने की संभावना है, बशर्ते दुर्लभ खनिज संबंधी व्यवधान का समय पर समाधान किया जाए। मॉडल पेशकश की एक मज़बूत श्रृंखला, ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विस्तार और पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना के तहत बैटरी स्थानीयकरण के साथ, देश ईवी स्वीकार्यता में तेज़ी लाने को लेकर अच्छी स्थिति में है। कुल ईवी बिक्री में चार पहिया वाहनों की हिस्सेदारी फिलहाल कम है लेकिन इसमें दोपहिया और तिपहिया वाहनों का दबदबा है।सार्वजनिक नीति और निजी क्षेत्र की प्रतिबद्धता, दोनों के समर्थन से उच्च वृद्धि पथ पर उतर रहा है। चार्जिंग ढांचे में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है, जो ऐतिहासिक रूप से भारत में ईवी की स्वीकार्यता की यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण बाधाओं में से एक रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या वित्त वर्ष 2020-21 के 5,000 से बढ़कर 2024-25 में 1.07 लाख से अधिक हो गई है। इनमें सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों (ईवीपीसीएस) की संख्या लगभग पांच गुना हो गई है।



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित किया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम तथा उसका स्थान | दिल्ली मंडल के ए–1 श्रेणी के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर बड़ी स्थैतिक इकाई अर्थात फूड प्लाजा/कोर्ट में खानपान सेवाओं का प्रावधान, जो गेट संख्या 1 के पास, स्टेशन के मुख्य सिटी साइड प्रवेश द्वार में सर्कुलेटिंग एरिया/कॉन्कोर्स में तत्कालीन कॉमेसम के स्थान पर नौ वर्ष की अवधि के लिए है। | |
| 2. | रेलवे ट्रेनों का विवरण | निविदा सूचना: CtgFoodPlaza NZM01-2025 | स्टेशन: हजरत निजामुद्दीन स्टेशन के मुख्य सिटी साइड के प्रवेश द्वार संख्या 1 पर सर्कुलेटिंग एरिया/कॉन्कोर्स |
| 3. | निविदा खुलने की तिथि | 14/08/2025 up to 1400 hrs | |
| 4. | डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–55 में डीसीएम/पीएस के चैंबर में प्री–बिड मीटिंग की तिथि | 23/07/2025 at 1500 hrs | |
| 5. | कार्य की अनुमानित लागत | निविदा सूचना के अनुसार | |
| 6. | निविदा दस्तावेज मूल्य 18% जीएसटी सहित | निविदा सूचना के अनुसार | |
| 7. | धरोहर राशि | निविदा सूचना के अनुसार | |
| 8. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://www.ireps.gov.in/ | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2150/25


### अमृत भारत ट्रेनः आम से खास बनी आम आदमी की रेल यात्रा

**नई दिल्ली।** एक मध्यमवर्गीय परिवार या उसका कोई एक सदस्य जब रेल यात्रा पर निकलता है तो उसके साथ सिर्फ एक बैग नहीं होता - बल्कि उसके साथ जिम्मेदारियों होती हैं। ऐसे लाखों यात्रियों के लिए रेल यात्रा हर रोज की जरूरत थी, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने समझा और अब उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेल इन्हें पूरा कर रही है। अमृत भारत ट्रेन योजना न केवल रेलवे के ढांचागत सुधार का प्रतीक है, बल्कि थमजीवी और मध्यमवर्गीय समाज की आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर बनाई गई एक सुधारपरक एवं ऐतिहासिक पहल है।भारत की एक बड़ी आबादी के लिए हर दिन की यात्रा रोज़गार, शिक्षा और जीवन की बुनियादी ज़रूरतों से जुड़ी है। इन वर्गों के लिए रेल यात्रा का उद्देश्य गंतव्य पर पहुँचकर आजीविका के माध्यम से आवश्यकताओं की पूर्ति करना है।

### खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4 फीसदी पर रहेगीः क्रिसिल

*कोलकाता। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन चार प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 4.6 प्रतिशत थी। क्रिसिल ने अपनी नवीनतम अध्ययन रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के सामान्य से बेहतर मानसून के पूर्वानुमान को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में खाद्य मुद्रास्फीति कम रहने की उम्मीद है। जिंस उत्पादों के दाम कम होने से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति भी इस दौरान कम रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) प्रमुख ब्याज दर के संबंध में कोई भी निर्णय करते समय खुदरा मुद्रास्फीति को ही आधार बनाती है।क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।*

### सोने के भाव 500 रुपए टूटा और चांदी 1,000 रुपए गिरी

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट के स्तर पर लगातार बिकवाली होने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 500 रुपये गिरकर 98,870 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200 रुपये गिरकर 99,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को चांदी भी 1,000 रुपये घटकर 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। मंगलवार को चांदी 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके उलट, वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 16.41 डॉलर यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 3,341.37 डॉलर प्रति औंस हो गया।



## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता–पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या:** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु:** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन:** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

### LG इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने 2025 के लिए अगली पीढ़ी के AI-POWERED OLEDevo और QNEDevo TVs लॉन्च किएउन्नत AI पर्सनलाइजेशन और अवार्ड विनिंग टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** LG इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज भारत में अपने 2025 **OLEDevo** और **QNEDevo** टीवी के लॉन्च की घोषणा की। ये नए टेलीविजन **LG** के नवीनतम अल्फा **AI** प्रोसेसर जेन 2 से लैस हैं, जो बेहतरीन अनुभव और शानदार पिक्चर, साउंड इंटरैक्टिविटी देते हैं। नेक्स्ट लेवल की **AI** क्षमताओं और अवार्ड विनिंग पिक्चर टेक्नोलॉजी के साथ आने वाली 2025 की यह रेंज **LG** की इनोवेशन की विरासत को आगे बढ़ाने के साथ-साथ स्मार्ट **TV** के अनुभव को एक नई बुलंदी तक ले जाती है।**LG** इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मीडिया एंटरटेनमेंट सॉल्यूशन (**MS**) के डायरेक्टर मिस्टर ब्रायन जंग ने कहा, **LG** में, हमारा मानना है कि टेलीविज़न का भविष्य इल्टिलीजेंस से लैस पर्सनलाइजेशन पर आधारित है। अपने 2025 **OLEDevo** और **QNEDevo** रेंज में केवल नए **TVs** नहीं बल्कि ऐसे स्मार्ट साथी पेश कर रहे हैं जो हमारे यूजर्स की जरुरतों को समझकर उनकी पसंद के अनुसार काम करते हैं और उनके अनुभवों को बेहतर बनाते हैं। हमारे उन्नत अल्फा **AI** प्रोसेसर से सुसज्जित यह नई रेंज इनोवेशन और ग्राहक की पसंद के डिज़ाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है

### रुपया 18 पैसे टूटकर 85.94 प्रति डॉलर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बुधवार को 18 पैसे टूटकर 85.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं के बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा में मजबूती से रुपये पर दबाव बढ़ा। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से हालांकि घरेलू मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 86.02 पर कमजोर रुख के साथ खुला। कारोबार के दौरान यह 85.74 से 86.05 प्रति डॉलर के दायरे में रहा।

### सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली तेजी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। सीमित कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 64 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 16 अंक का लाभ रहा। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के बीच निवेशक बाजार से दूर रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 63.57 अंक बढ़कर 82,634.48 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 82,784.75 अंक तक गया और नीचे में 82,342.94 अंक तक आया। निफ्टी 16.25 अंक की मामूली तेजी के साथ 25,212.05 अंक पर बंद हुआ। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बुधवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव कम होने और आईटी शेयरों में खरीदारी को लेकर बढ़ती दिलचस्पी के साथ बाजार में तेजी रही। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारत का वृहद आर्थिक परिदृश्य मजबूत बना हुआ है। मुद्रास्फीति में कमी, कम ब्याज दर, बेहतर मानसून और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से इसे समर्थन मिल रहा है। लगातार आठ महीनों से मुद्रास्फीति में गिरावट ने बाजार को बढ़ावा दिया है।''

टेक महिंद्रा का वित्तीय परिणाम जारी होने से पहले उसका शेयर 1.94 प्रतिशत चढ़ा।



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा

### धारा 82 Cr. P.C. देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अशोक कुमार, पुत्रः** दल शुख, **पताः** सुभाष नगर ख्याला (वेगाबॉड), **दिल्ली FIR No. 388/2020, 188/269 IPC, पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार, FIR No. 388/2020, 188/269 IPC, पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सुकृति सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 268,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/9322/WD/2025
(Court Matter)


## शब्द पहेली - 5930




**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका–4
5.रपटना –4
9.डोली उठानेवाले–3
10.पुत्र,लड़का–3
12.अधिकार–2
14.नवीन,नया–2
15.एक विदेशी शराब–2
16.कला,हुनर–2
17.मां का प्यार–3
19.दम,बल,जोर–3
21.पपीहा,पपीहरा–3
22.करामात,कारनामा–4
24.शमशीर,कृपाण–4
25.तरंगित,लहरीय–5
26.बोरिया–बिस्तर–4
29.साले की पत्नी–4
33.प्रयास,यत्न–3
34.सहायता,सहयोग–3
36.लीन,तल्लीन–3
37.गहन वन,बुनाई कर्म–2
38.टुकड़ा,कण–2
39.मैं का बहुवचन–2
41.भीगा हुआ–2
42.अंधकार,अंधेरा–3
43.द्रव मापने की इकाई–3
45.प्राचीर,स्तंभ–4
46.बादला,जरबाफ–4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार–2
3.जगत,दुनिया–3
4. सुनसान शांति,–4
5.आदत–4
6.साजन, बालम–3
7.क्रमबद्धता–2
8.मूर्ख,बेवकूफ–4
11.बुनाई करने वाला–4
13.कटि,मध्यांग–3
16.धार्मिक आज्ञा–3
18.पितामह–2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण –5
21.चलने का ढ़ंग–2
23.पिया,साजन–3
24.दया,रहम–3
26.बेमिसाल, अनूठा–4
27.स्वदेश,मातृभूमि–3
28.जनता,आम लोग –2
30.मैं का बहुवचन–2
31.अभिरुचि,तल्लीनता–3
32.जनता की राय–4
34.उपाधि,पदवी–4
35.देहरी,चौखट–4
38.कक्ष,रूम–3
40.बटाणा,काबुली–3
42.स्तर,परत–2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान–2

### शब्द पहेली- 5929 का हल







# टेस्ट रैंकिंग: जडेजा को फायदा तो गिल को हुआ घाटा, रूट फिर बने दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने एक सप्ताह के अंदर फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बुधवार को जारी नवीनतम सूची में 34वें स्थान पर पहुंच गए। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में रूट ने 104 और 40 रन बनाए थे, जिसे इंग्लैंड ने 22 रन से जीता। इस शानदार प्रदर्शन से वह अपने करियर में आठवीं बार दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने।



### रूट सबसे उम्रदराज नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज

रूट अभी 34 साल के हैं और वह दिसंबर 2014 में कुमार संगकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं। श्रीलंका के खिलाड़ी ने 37 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। रूट ने अपना शीर्ष स्थान हमवतन हैरी बुक से खो दिया था, जो अब केन विलियमसन से पीछे तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उपकप्तान ऋषभ पंत एक-एक पायदान नीचे क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान शुभमन गिल भी तीन पायदान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। लॉर्ड्स में 72 और नाबाद 61 रन की पारी खेलने वाले जडेजा पांच पायदान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर आ गए हैं। इसी मैच में 100 और 39 रन की पारी खेलने वाले केएल राहुल भी पांच पायदान ऊपर चढ़कर जडेजा से एक पायदान पीछे 35वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लॉर्ड्स में 77 रन और पांच विकेट लेकर 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, जिससे वह बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान ऊपर 42वें और गेंदबाजों की सूची में एक स्थान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बोलैंड ने लगाई छलांग, पहुंचे कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा पर 50 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने छह स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से वह अपने चार हमवतन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और मिशेल स्टार्क के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर गेंदबाजों की सूची में 58वें से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### इंग्लैंड को लॉर्ड्स की गलती पड़ी भारी, कटे नंबर, डब्ल्यूटीसी तालिका में नीचे खिसका

स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10% लगाया जुर्माना



**लंदन।** इंग्लैंड की टीम बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गई क्योंकि लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के कारण उसके दो अंक काट दिए गए। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रन से जीता था।

#### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हुए

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हो गए हैं। इस कारण उसका अंक प्रतिशत (पीसीटी) 66.67 प्रतिशत से घटकर 61.11 प्रतिशत हो गया। श्रीलंका को इसका फायदा मिला जिसका प्रतिशत 66.67 है और वह इंग्लैंड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तक अपने तीनों मैच जीतकर 100 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है, जबकि भारत का प्रतिशत 33.33 है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, तीसरे अंपायर अहसान रजा और चौथे अंपायर ग्राहम लॉयड ने आरोप लगाए थे।

## खबर संक्षेप



### दीपिका ने जीता मैजिक स्किल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

### आईसीसी एजीएम की बैठक में टी20 विश्व कप के विस्तार पर होगी चर्चा

**सिंगापुर।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही चार दिवसीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान बहुचर्चित दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली, टी20 विश्व कप का विस्तार और नए सदस्यों को स्वीकृति देने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) शुरू हो चुका है और ऐसे में दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर चर्चा धन आवंटन और प्रमोशन (निचली से शीर्ष लीग में जाना) तथा रेलीगेशन (शीर्ष लीग से निचली में खिसकना) से संबंधित प्रावधानों के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। हालांकि यह सामान्य रूप से स्वीकार किया गया है कि मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और नई प्रणाली संभावित रूप से 2027 के बाद लागू होगी।

### स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट : अर्जुन, प्रशांत क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली।** अर्जुन काधे और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने स्विट्जरलैंड के गस्टाड में चल रहे स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलीपल्ली की उनकी हमवतन जोड़ी इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और प्रशांत ने कोलंबिया के निकोलस बेरिएनटोस और मैक्सिको के मिगुएल रायेस वारेला की जोड़ी को इस 596035 यूरो इनामी क्ले कोर्ट प्रतियोगिता के पहले दौर में 7-5 6-3 से हराया।

### चौथा मैच 23 जुलाई से, दोनों टीमों के बीच होगा कांटे का मुकाबला

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज : टीम इंडिया का ओल्ड ट्रैफर्ड में रिकॉर्ड खराब, नहीं जीता अब तक कोई टेस्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान में खेला जाएगा। ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम की बात करे तो यह मैदान भारत के लिए अब तक लकी नहीं रहा है। यहां भारत ने अब तक कुल 9 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन एक भी जीत नहीं दर्ज कर पाया है। टीम इंडिया को यहां 4 टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि 5 ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। यह आंकड़ा बताते है कि भारत को चौथे मैच में इस मैदान पर जीत हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी।

#### मेजबान इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे

वहीं भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। तीन मैच खेले जा चुके हैं और मेजबान इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। अब अगला और चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया के लिए जीत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होगी।



#### मेजबान इंग्लैंड के पास बेहतरीन चांस

दूसरी तरफ, इंग्लैंड की टीम शानदार फॉर्म में है और घरेलू परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाते हुए अपनी सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। अब सभी की निगाहें 23 जुलाई से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट पर टिकी हैं। क्या टीम इंडिया ओल्ड ट्रैफर्ड के खराब रिकॉर्ड को तोड़ पाएगी? क्या भारत सीरीज में वापसी कर इंग्लैंड को निर्णायक टेस्ट के लिए मजबूर करेगा? इन सभी सवालों के जवाब अब जल्द ही मिलेंगे, लेकिन एक बात तय है कि मैनचेस्टर टेस्ट भारत के लिए करो या मरो की तरह होगा।

#### भारत को हर हाल में जीतना होगा चौथा टेस्ट

लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों की करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम अब हर हाल में चौथा टेस्ट जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। हालांकि, इसके लिए शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया को अपनी रणनीति और प्रदर्शन दोनों में स्पष्ट सुधार करना होगा। बल्लेबाजी में निरंतरता और गेंदबाजी में धार की जरूरत अब पहले से कहीं ज्यादा होगी।

#### टीम इंडिया के सामने दोहरी चुनौती

भारत के सामने अब दोहरी चुनौती है। एक ओर तो उन्हें सीरीज में बराबरी हासिल करनी है, और दूसरी ओर एक ऐसे मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है, जहां कभी जीत मिली ही नहीं। इसके लिए कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे स्टार खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना होगा।

#### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत चौथे स्थान पर

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया क्योंकि उसकी टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। भारत अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। आईसीसी ने कहा, 'खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की न्यूनतम ओवर गति से जुड़ी धारा 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।' इसमें कहा गया है, 'इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम का प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक काट दिया है। इस तरह से इंग्लैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कुल अंकों में से दो अंक काट दिए गए हैं।'

## टेनिस

# अमेरिकी ओपन 24 अगस्त से भाग्य आजमाएंगे 10 पूर्व चैंपियन



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन यानिक सिनर और एरीना सबालेंका उन 10 पूर्व अमेरिकी ओपन विजेताओं में शामिल हैं, जो अगले महीने होने वाले वर्ष के इस अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे।

अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने 24 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रवेश सूची जारी की है, जिसमें 18 पूर्व ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में सीधा प्रवेश 14 जुलाई तक की रैंकिंग पर आधारित था। पुरुषों के लिए कटऑफ 101 और महिलाओं के लिए 99 नंबर था। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने हाल में विंबलडन फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज़ को हराकर अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था।

दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका विंबलडन के सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा से हार गईं, जो सातवें नंबर पर हैं और शीर्ष आठ में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं। अमेरिका के सर्वाधिक 30 खिलाड़ियों (16 महिला, 14 पुरुष) को सीधे प्रवेश मिला है।

### लुंगी एनगिडी बने टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे साउथ अफ्रीकी गेंदबाज

**जर्काता।** साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने हमवतन दिग्गज डेन स्टेन को पछाड़ दिया है। वह साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा टी20 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान एनगिडी ने ये खास उपलब्धि हासिल की। जिम्बाब्वे, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय टी20 सीरीज आयोजित की गई है। हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका आमने-सामने हैं। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## लास वेगास फ्रीस्टाइल शतरंज

# भारतीय दल की अगुआई करेंगे प्रज्ञानानंदा, गुकेश दौरे से हटे



एजेंसी ▶▶| लास वेगास (अमेरिका)

भारतीय खिलाड़ी आर. प्रज्ञानानंदा को 16 खिलाड़ियों के फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है जबकि अर्जुन एरिगेसी और विदित गुजराती दूसरे पूल में साथ में हैं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। टूर्नामेंट बुधवार देर रात शुरू होगा।

इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 750,000 अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से 200,000 की राशि विजेता के लिए है। प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। विश्व चैंपियन डी. गुकेश इस प्रतियोगिता में शिरकत नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें एक महीने के अंदर ग्रैंडमास्टर टूर के मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। उन्नीस वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ करेंगे। कार्लसन अपने शुरुआती दौर में पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर से भिड़ेंगे। अमेरिका के हैंस नीमन फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में पहली बार भाग लेंगे और पहली बाजी में एरिगेसी के सामने होंगे।

### दिव्या देशमुख ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली चीन की यिनर झू को हराया

**बटुमी (जॉर्जिया)(भाषा)।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने बुधवार को यहां फिडे विश्व महिला शतरंज कप के प्री-क्वार्टर फाइनल की पहली बाजी में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की यिनर झू को हराया। दिव्या प्रतियोगिता के पहले विश्राम दिवस के बाद तरोताजा दिखीं और अब उन्हें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए दूसरी बाजी में अपने से बेहतर रैंकिंग वाली झू के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है। शीर्ष भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने पूर्व विश्व महिला चैंपियन स्विट्जरलैंड की एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक के साथ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। डी हरिका ने शानदार खेल दिखाया लेकिन उन्हें भी कैटरीना लेगनो के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। जो यहां फिडे के झंडे तले खेल रही हैं। एक अन्य भारतीय आर वैशाली ने भी कजाखस्तान की मेरुअर्ट कामलिडेनोवा के साथ ड्रॉ खेला। अन्य मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की टिंगजी लेई ने उज्बेकिस्तान की उमिदा ओमानोवा को हराया जबकि चीन की ही झोंगयी टैन और युक्सिन सोंग ने भी क्रमशः यूक्रेन की यूलिया ओस्माक और स्थानीय दावेदार लेला जावाखिश्विली के खिलाफ जीत दर्ज की।

### डोपिंग मामले में तारा मूर को 4 साल का बैन

**लंदन।** खेल पंचाट ने डोपिंग के एक मामले में ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति व्यक्त की है कि प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। मूर को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए



पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई थी, जब एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण ऐसा हुआ था। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी। खेल पंचाट ने आईटीआईए के पक्ष में निर्णय दिया, जिसमें कहा गया कि उसके पैनल के अधिकतर सदस्यों का यह मानना था कि मूर यह साबित नहीं कर पाई कि दूषित मांस के सेवन के कारण उनका नमूना पॉजिटिव पाया गया था।

# अंडर-19 टेस्ट : दबाव बनाने में असफल रहा भारत, इंग्लैंड ने पहला टेस्ट ड्रा पर रोका

एजेंसी ▶▶| बेकेनहम

इंग्लैंड अंडर 19 ने कप्तान हमजा शेख के जुझारू शतक की बदौलत भारत अंडर 19 टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए उसे पहले युवा टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे और अंतिम दिन ड्रॉ पर रोक दिया। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड ने 63 ओवर में सात विकेट पर 270 रन बनाकर भारत को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल नहीं करने दी।

**मेयस ने खेली अर्धशतकीय पारी**

शेख ने 140 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उन्हें बेन मेयस से महत्वपूर्ण सहयोग मिला, जिन्होंने 82 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा



विकेटकीपर-बल्लेबाज थॉमस रीव ने 35 गेंदों पर 50 रन का योगदान दिया। भारत ने 14वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 62 रन कर दिया था लेकिन इसके बाद वह दबाव बनाने में असफल रहा। इंग्लैंड ने शेख की मेयस और रीव के साथ उपयोगी साझेदारियों से अच्छी वापसी की।

#### अल्बर्ट और जैक नहीं आए दबाव में

जब खेल समाप्त होने में एक घंटे का समय बचा था तब भारत ने लगातार ओवरों में दो रन आउट करके अपनी उम्मीद जगाई। उसने पहले शेख को आउट किया और फिर अगले ओवर में एकांश सिंह को वापस पवेलियन भेजा। लेकिन राल्फी अल्बर्ट (37 गेंदों पर नाबाद नौ रन) और जैक होम (36 गेंदों पर नाबाद सात रन) ने दबाव में धैर्य से काम लिया और मैच को ड्रॉ कराया। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 540 रन बनाए थे, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 439 रन बनाए। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 248 रन बनाकर इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। आयुष म्हात्रे की अगुवाई में भारत अंडर-19 ने इससे पहले पांच मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला 3-2 से जीती थी।

## जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट : सिम यू जिन से सहारी सिंधू

# सात्विक-चिराग और लक्ष्य दूसरे दौर में, सिंधू रहीं नाकाम

एजेंसी ▶▶| तोक्यो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए।

पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई। सिंधू ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की, जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे



गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की।

#### सात्विक और चिराग ने कोरियाई जोड़ी को 42 मिनट में हराया

इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों ने पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

#### लक्ष्य सेन का शानदार प्रदर्शन, चीन के वांग झेंग जिंग को दी मात

इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और 11-2 की बढ़त बना ली और फिर बिना किसी परेशानी के गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिंग ने चुनौती पेश की, लेकिन लक्ष्य ने शुरुआती लय का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाए रखी और सीधे गेम में मैच जीत लिया। अब उनका सामना जापान के सातवें वरीय खिलाड़ी कोडाई नाराओका से होगा।




'निस्तार' डीएसआरवी के तौर पर 'मदर शिप' के रूप में भी काम करेगा। यह समुद्र के भीतर पनडुब्बी में किसी भी आपात स्थिति में फंसे लोगों को बचाने और निकालने में मदद करेगा। इसके साथ ही यह निस्तार दुश्मन की पनडुब्बियों की निगरानी के भी काम आ सकता है

## पहला स्वदेशी डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू वेसल

# नौसेना के बेड़े में कल शामिल होगा 'निस्तार' पनडुब्बियों के लिए रक्षक बनकर रहेगा तैनात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना 18 जुलाई 2025 को विशाखापत्तनम के नेवल डॉकयार्ड में अपना पहला स्वदेशी डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू वेसल (डीएसआरवी) 'निस्तार' को बेड़े में शामिल करेगी। यह जहाज गहरे समुद्र में गोताखोरी में सक्षम है। 'निस्तार' डीएसआरवी के तौर पर 'मदर शिप' के रूप में भी काम करेगा।

यह समुद्र के भीतर पनडुब्बी में किसी भी आपात स्थिति में फंसे लोगों को बचाने और निकालने में मदद करेगा। इसके साथ ही यह निस्तार दुश्मन की पनडुब्बियों की निगरानी के भी काम आ सकता है। नौसेना के पास दूर से संचालित किए जाने वाले व्हीकल (आरओवी) हैं। इन आरओवी की मदद से वे 1000 मीटर की गहराई तक निगरानी कर सकते हैं।

◆ 1000 मीटर गहराई तक निगरानी करने में सक्षम

◆ जहाज 118 मीटर लंबा 10,000 टन वजनी



### स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया


नौसेना के प्रवक्ता के अनुसार, गहरे समुद्र में अत्याधुनिक गोताखोरी प्रणालियों से लैस, निस्तार हमारी परिचालन क्षमता को मजबूत करता है और संकटग्रस्त पनडुब्बियों से कर्मियों को बचाने के लिए तैयार है। 'निस्तार' को स्वदेशी रूप से हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने डिजाइन किया है और इसे बनाया है। यह पूर्वी नौसेना कमान में शामिल होगा। पहले भी आईएनएस निस्तार एक पनडुब्बी बचाव पोत था। इसे 1969 में तत्कालीन सोवियत रूस से भारतीय नौसेना के लिए खरीदा गया था और 1971 में इसे कमीशन किया गया था।

### डूबे हुए सामान को भी निकालेगा

'निस्तार' संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है मुक्ति, बचाव या मोक्ष। यह जहाज 118 मीटर लंबा है और 10,000 टन वजनी है। इसमें आधुनिक गोताखोरी उपकरण लगे हैं। यह 300 मीटर की गहराई तक गहरे समुद्र में सैचुरेशन डाइविंग करने में सक्षम है। निस्तार में 75 मीटर की गहराई तक गोताखोरी करने के लिए एक साइड डाइविंग स्टेज भी है। डायनेमिक पोजिशनिंग सिस्टम का उपयोग करके यह अपनी स्थिति को बनाए रखने की क्षमता रखता है। वे डूबे हुए सामान को भी निकाल सकते हैं। इसको इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के नियमों के अनुसार डिजाइन किया गया है।

### 60 दिनों तक लगातार काम कर सकेगा

जहाज पर मौजूद विशाल डाइविंग कॉम्प्लेक्स में एयर और सैचुरेशन डाइविंग सिस्टम दोनों लगे हैं। इसके साथ ही पानी के भीतर रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल (आरओवी) और साइड स्कैन सोनार इसकी परिचालन क्षमता को उन्नत बना देते हैं। इसकी क्षमता 60 दिनों से अधिक समय तक समुद्र में रहने की है। इसमें हेलीकॉप्टर संचालन के माध्यम से स्टेज करने की क्षमता है। इसमें 15 टन की सबसी क्रेन भी है। ये सभी चीजें मिलकर इस जहाज को बहुत उपयोगी बनाती हैं।



## अमेरिका ने भारत को सौंपा जीई-404 इंजन का दूसरा सेट

भारत की वायुसेना को एक और मजबूती मिली है। अमेरिका की जेट इंजन निर्माता कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने भारत को अपना दूसरा जीई-404 इंजन सौंप दिया है। यह इंजन भारतीय वायुसेना के हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस मार्क-1ए में लगाया जाएगा। इस कदम से वायुसेना की परिचालन क्षमता में इजाफा होगा। रक्षा सचिव राजेश सिंह के अनुसार, जीई कंपनी अब मार्च 2026 से हर महीने दो इंजन भारत भेजेगी। कुल मिलाकर 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 12 इंजन भारत आने की उम्मीद है। भारत ने जीई के साथ 761 मिलियन डॉलर की डील की है, जिसके तहत यह इंजन भारत को आपूर्ति किए जा रहे हैं। जीई-404-आईएन20 इंजन, तेजस जैसे हल्के लेकिन ताकतवर लड़ाकू विमानों के लिए बिल्कुल उपयुक्त माने जाते हैं।

वायुसेना को मिली ताकत


## खबर संक्षेप

### गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत



**गाजा।** गाजा के खान यूनिस में बुधवार को एक फूड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर पर 43 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 21 लोग खाना लेने की कोशिश में मारे गए। जबकि 15 लोगों की मौत भगदड़ में कुचल कर हुई। यह हादसा गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन सेंटर पर हुआ। मंत्रालय ने इजरायली सेना और अमेरिका पर 'जानबूझकर' भूखे लोगों का नरसंहार करने का आरोप लगाया।

### 1.7 करोड़ में नीलाम हुई महात्मा गांधी की तस्वीर



**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में महात्मा गांधी की एक दुलर्भ पेंटिंग 1.7 करोड़ रुपए में बिकी। यह अकेली ऐसी तस्वीर है, जिसके लिए महात्मा गांधी पोट्रेट मोड में बैठे थे और पेंटर ने उनके सामने बैठकर यह खूबसूरत ऑयल पेंटिंग बनाई थी। ब्रिटिश आर्टिस्ट क्लेयर लीटन ने इस पेंटिंग को पोट्रेट ऑफ महात्मा गांधी नाम दिया था। यह पेंटिंग 1931 की है।

## भारत-अमेरिका के मध्य वार्ता जारी

# कृषि और ऑटोमोबाइल पर मतभेद सुलझाने का प्रयास



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच लगातार द्विपक्षीय व्यापार वार्ता (बीटीए) जारी है। सोमवार से शुरू हुई वार्ता गुरुवार तक चलेगी, जिसमें दोनों देश बीटीए को अंतिम रूप देने का प्रयास करेंगे। कृषि और ऑटोमोबाइल जैसे बड़े मुद्दों में आ रहे मतभेदों को सुलझाने की कोशिश होगी। अधिकारियों ने बताया कि बीटीए पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णयों के अनुसार आगे बढ़ रही है। हमारी टीम पांचवें दौर की वार्ता के लिए अमेरिका आई है।

### यूएस ने इंडोनेशिया पर 19% टैरिफ लगाया

ट्रंप ने कहा कि हमने इंडोनेशिया के साथ समझौता किया। मैंने उनके बहुत लोकप्रिय और मजबूत राष्ट्रपति जोको विडोडो से बात की। अब हमें इंडोनेशिया में पूरी पहुंच मिलेगी। हम कोई टैरिफ नहीं देंगे। इंडोनेशिया हमें अपने बाजार में पहुंच दे रहा है, जो पहले कभी नहीं थी। यह समझौते का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके बदले वे 19% टैरिफ देंगे और हम कुछ नहीं देंगे। यह दोनों पक्षों के लिए अच्छा सौदा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस समझौते को पक्का बताया। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिका से 15 अरब डॉलर की एनर्जी, 4.5 अरब डॉलर के कृषि प्रोडक्ट्स और 50 बोइंग जेट विमान खरीदेगा।

### नाटो की भारत पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के पीएम या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है। रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' में चीन और पाकिस्तान के हथियारों को चटाई थी धूल

स्वदेशी रूप से विकसित की गई है

# 15000 फीट की ऊंचाई पर आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


भारतीय सेना ने बुधवार को स्वदेशी रूप से विकसित किए गए आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण लद्दाख क्षेत्र में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर किया गया।

यह परीक्षण सेना ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया, जिन्होंने इस प्रणाली को विकसित किया है। परीक्षण के दौरान सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों ने बहुत तेज गति से उड़ रहे हवाई लक्ष्यों पर सीधा प्रहार किया। यह परीक्षण बहुत अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में किया गया।

*"सस्वदेशी आकाश एयर डिफेंस सिस्टम एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है, जिसे हवाई खतरों से सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। यह प्रणाली सैन्य टुकड़ियों और उनके ठिकानों की रक्षा कर सकती है। इससे भारत की वायु सुरक्षा प्रणाली और मजबूत हुई है"*

» इसमें आधुनिक रियल-टाइम मल्टी-सेंसर डाटा प्रोसेसिंग की क्षमता

» कई दिशाओं से आने वाले लक्ष्यों को पहचान कर हमला करती है



### मध्यम दूरी की मिसाइल प्रणाली

स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस सिस्टम एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है, जिसे हवाई खतरों से सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है। यह प्रणाली सैन्य टुकड़ियों और उनके ठिकानों की रक्षा कर सकती है। इसमें आधुनिक रियल-टाइम मल्टी-सेंसर डाटा प्रोसेसिंग और खतरे का मूल्यांकन करने की क्षमता है, जिससे यह एक ही समय में कई दिशाओं से आने वाले कई लक्ष्यों को पहचान कर उन पर हमला कर सकती है। भारतीय सेना और वायु सेना दोनों ने इस आकाश प्रणाली को पाकिस्तान सीमा के पास बड़े पैमाने पर तैनात किया है, जिससे भारत की वायु सुरक्षा प्रणाली और मजबूत हुई है।

### चीनी विमानों और तुकिये के ड्रोन हमलों को किया था नाकाम

रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इस प्रणाली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। उस समय पाकिस्तान की सेना द्वारा चीनी विमानों और तुर्किये के ड्रोन से किए गए हवाई हमलों को इस प्रणाली ने सफलतापूर्वक नाकाम किया था। आकाश प्राइम सिस्टम भारत की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर बनने की बड़ी कोशिश का हिस्सा है, खासकर वायु सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्र में। अधिकारियों ने बताया कि स्वदेशी रूप से विकसित आकाश सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम पाकिस्तान की तरफ से पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किए गए कई ड्रोन हमलों को रोकने में बहुत मददगार साबित हुआ है।

### सेना की रेजिमेंट का हिस्सा होगा

आकाश प्राइम सिस्टम अब भारतीय सेना की हवाई सुरक्षा की तीसरी और चौथी यूनिट (रेजिमेंट) का हिस्सा बनेगा। इसका मतलब है कि अब यह नई प्रणाली सेना की और दो टुकड़ियों में शामिल की जाएगी ताकि दुश्मन के हवाई हमलों से और बेहतर तरीके से रक्षा की जा सके।

## द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका के 14 राजनीतिक दलों के 24 नेताओं का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को दो हफ्ते की भारत यात्रा पर आया। प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों पर चर्चा हुई। बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने और भविष्य की दिशा तय करने में युवा नेताओं की अहम भूमिका है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश सचिव ने भारत-श्रीलंका साझेदारी को मजबूत करने में युवा नेताओं की अहम भूमिका पर जोर दिया। बैठक में क्षेत्रीय भू-राजनीतिक हालात और भारत-श्रीलंका के बीच हुए सुरक्षा समझौतों पर भी चर्चा हुई।

## वैश्विक मंच पर भारत अपनी सैन्य ताकत का करेगा उत्कृष्ट प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एडवांस सैन्य अभ्यास शुरू

# दुनिया के सबसे बड़े युद्धाभ्यास 'तलीसमन सेब्रे 2025' में भारतीय सेना दिखा रही दम

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारत ने दोस्त देशों के साथ मिलकर दुनिया का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे एडवांस सैन्य अभ्यास शुरू हो गया है। इसमें भारत भी हिस्सा ले रहा है। इस सैन्य अभ्यास का नाम 'तलीसमन सेब्रे 2025' है, जिसमें भारत अपनी भागीदारी के साथ वैश्विक मंच पर अपनी शक्ति का अहसास करवा रहा है। भारत ने पहली बार पूर्ण सैन्य टुकड़ी के साथ इस तरह के वैश्विक मंच पर सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया है, जिसमें 19 देशों के करीब 35 हजार सैनिक पहुंचे हैं।

» युद्धाभ्यास में 19 देशों के करीब 35 हजार सैनिक भाग ले रहे



### ऑस्ट्रेलिया से पापुआ न्यू गिनी तक होगा अभ्यास

ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में भी ये सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। अगले तीन हफ्तों तक क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, न्यू साउथ वेल्स और क्रिसमस द्वीप तक ये सैन्य अभ्यास जारी रहेगा। इसके अलावा सैन्य गतिविधियां भी पहली बार ऑस्ट्रेलियाई तटों से आगे बढ़कर पापुआ न्यू गिनी तक पहुंचेंगी।

### मलेशिया-वियतनाम पर्यवेक्षक

इस सैन्य अभ्यास में भाग लेने वाले देशों में अमेरिका, कनाडा, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड, टोंगा और यूनाइटेड किंगडम शामिल हैं।

### तीनों सेनाएं शामिल

भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाएं इस दौरान संयुक्त रूप से लाइव-फायर ड्रिल्स, हाईमार्स मिसाइल लॉन्चिंग, साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष युद्ध तकनीकों पर अभ्यास कर रही हैं। भारत की ओर से थल सेना, नौसेना और वायु सेना की विशिष्ट सैन्य इकाई इस युद्धाभ्यास में शामिल हुई हैं।

इजरायल-ईरान युद्ध के बीच लगातार उभरती हुई परिस्थिति के मद्देनजर ईरान में भारतीय दूतावास ने जारी किया यह परामर्श

# ईरान में गैर-जरूरी यात्रा से बचें भारतीय नागरिक, परामर्श जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मध्य-पूर्व में बने हुए तनाव के बीच भारत ने ईरान में अपने नागरिकों के लिए एक जरूरी परामर्श जारी किया है। जिसमें उन्हें उभरते हुए हालातों को देखते हुए ईरान में किसी भी प्रकार की गैर-आवश्यक यात्रा न करने की सलाह दी गई है। यह जानकारी ईरान में भारतीय दूतावास ने अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए दी है।

जिसमें कहा गया है कि बीते कुछ सप्ताहों से बने हुए सुरक्षा घटनाक्रमों के बीच भारतीय नागरिक ईरान में अपनी तमाम गैर-जरूरी यात्राओं से बचें और लगातार क्षेत्रीय गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। इसके अलावा ईरान में किसी भी यात्रा से पहले भारतीय अधिकारियों-प्राधिकारियों द्वारा जारी किए जाने वाले अपडेटेड परामर्श पर ध्यान दें। मालूम हो कि दूतावास का यह परामर्श इजरायल-ईरान युद्ध से जुड़ा हुआ है। जिसमें अभी फिलहाल दोनों देशों के बीच युद्धविराम लागू (13 जून 2025 से) है। लेकिन क्षेत्र में हालात बेहद नाजुक बने हुए हैं। इसलिए ये कहना मुश्किल है कि युद्ध के बीच बनी हुई यह अस्थायी शांति कब तक कायम रहेगी। दोनों देशों के मध्य तनाव के बीच भारत ने बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या के समाधान पर जोर दिया है।



### ईरान से निकलने के लिए सेवाएं मौजूद

दूतावास के मुताबिक, ईरान में मौजूद भारत के नागरिक अगर इस संवेदनशील परिस्थिति के बीच वहां से बाहर निकलना चाहते हैं। तो उनके लिए वाणिज्यिक उड़ान सेवाओं के साथ ही नौका सेवा का विकल्प भी मौजूद है। ईरान में भारतीयों की कुल संख्या करीब 10 हजार है। जिसमें मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों की तादाद अधिक है। वहीं, मौजूदा तनाव के बीच भारत ने ऑपरेशन सिंधु के जरिए बीते समय में 800 से अधिक भारतीयों की ईरान से सुरक्षित स्वदेश वापसी कराई है। यह अभियान फिलहाल जारी है, भारत की ईरान के समूचे घटनाक्रम पर पैनी नजर बनी हुई है।

### ईरान ने खोला था अपना हवाई क्षेत्र

पिछले मंगलवार को चीन के तियानजिन में आयोजित किए गए शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों की एक मुलाकात भी हुई थी। जिसे लेकर डॉ. जयशंकर ने प्रसन्नता जाहिर की थी। ऑपरेशन सिंधु के दौरान भारत को ईरान का पूरा सहयोग मिला था और उसने भारत के नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए अपनी हवाई सीमा-क्षेत्र भी खोल दिया था। जिसे इजरायल के साथ युद्ध की वजह से बंद कर दिया गया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109